02 सितंबर, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 313


भूकंप से अफगानिस्तान में 800 मौतें, 2500 से ज्यादा हुए घायल



# चीन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के सामने पहलगाम हमले की निंदा हुई

- एससीओ सदस्य बोले, आतंकियों को सजा देना जरूरी
- मोदी-जिनपिंग-पुतिन साथ आये नजर, अमेरिका सकते में
- कार में पुतिन और मोदी की 45 मिनट तक गोपनीय बातचीत

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट के दूसरे दिन भारत को बड़ी सफलता मिली है। यहां पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में पहलगाम हमले की निंदा की गयी। एससीओ के घोषणा पत्र में कहा गया कि इस हमले के अपराधियों, आयोजकों और उन्हें समर्थन देने वालों को सजा दिलाना जरूरी है। इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आये। तीनों नेताओं ने काफी देर तक बातें कीं। वहीं, एक पल ऐसा भी आया, जब मोदी और पुतिन बात करते हुए गुजर रहे थे और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ उन्हें टकटकी लगाये देख रहे थे। गौरतलब है कि इससे पहले जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान एससीओ के घोषणापत्र में पहलगाम हमले का जिक्र भी नहीं था। इसे लेकर भारत ने नाराजगी जतायी थी।



## यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना मानवता की पुकार : नरेंद्र मोदी

तियानजिन (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चीन के तियानजिन में एससीओ की बैठक के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना पूरी मानवता की पुकार है। हम यूक्रेन में जारी संघर्ष पर लगातार चर्चा करते रहे हैं। हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष सकारात्मक तरीके से आगे बढ़ेंगे। संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता खोजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताया: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन दौरे के आखिरी दिन एससीओ की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद को दुनिया के लिए खतरा बताया। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए इसे आतंकवाद का सबसे बुरा रूप बताया। मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद को पिछले चार दशकों से झेल रहा है। प्रधानमंत्री ने सवाल उठाया कि कुछ देशों का आतंकवाद को खुला समर्थन कैसे स्वीकार किया जा रहा है।

## पुतिन और मोदी एक साथ पहुंचे

वहीं, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी एक ही कार में बैठकर द्विपक्षीय बातचीत के लिए पहुंचे। इस बैठक में पुतिन की आगामी भारत यात्रा पर चर्चा की गयी। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि बैठक से पहले दोनों नेताओं ने 45 मिनट तक कार में बैठकर गोपनीय बातचीत की थी। मॉस्को के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कार में हुई यह चर्चा शायद दोनों नेताओं के बीच सबसे अहम और गोपनीय बातचीत रही, जिसमें ऐसे मुद्दे शामिल थे जिन पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं की जानी थी।

# हम हाइड्रोजन बम के साथ तैयार : राहुल गांधी

- खड़गे ने छह महीने में सरकार गिरने का किया दावा
- तेजस्वी ने कहा, दो भाजपाई बिहारियों को ठगने निकले

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में 16 दिन चली राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा सोमवार को पटना में खत्म हुई। राहुल ने साढ़े तीन घंटे पटना में वोटर अधिकार मार्च निकाला। गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुबह 11 बजे मार्च की शुरुआत हुई, जो हाइकोर्ट के पास अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर खत्म हुई। इससे पहले राहुल-तेजस्वी के मार्च को डाकबंगला चौराहे पर रोक दिया गया। यहां जनसभा हुई। इसके लिए पहले से मंच तैयार था। राहुल गांधी ने यहां से केंद्र सरकार और भाजपा पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा पूरे देश को वोट चोर की सच्चाई पता लगने वाली है। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि मोदी सरकार छह महीने में गिर जायेगी।

**लोग बोल रहे 'वोट चोर, गद्दी छोड़':** राहुल गांधी ने कहा कि एनडीए के लोग वोट चोरी कर जीत रहे। महाराष्ट्र में भी ये वोट चोरी कर जीते। देश ही नहीं, चीन में भी लोग बोल रहे हैं, 'वोट चोर, गद्दी छोड़।' उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा में भाजपा के लोग काले झंडे दिखा रहे हैं। भाजपा के लोग सुन लें, एटम बम से बड़ा हाइड्रोजन बम होता है, वो आ रहा है। वोट चोरी की सच्चाई पूरे देश को पता लगने वाली है। हाइड्रोजन बम के बाद नरेंद्र मोदी देश को अपना चेहरा नहीं दिखा पायेंगे।

**लालू का बेटा एफआइआर से नहीं डरता :** सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि आज तक लालू यादव इनके आगे झुके नहीं, तेजस्वी भी नहीं झुकेगा। जब लालू जी इनके आडवाणी को गिरफ्तार करवा दिये, तो उनका बेटा तेजस्वी एफआइआर से डरने वाला नहीं है। हमारे तो भगवान का ही जन्म जेल में हुआ था। बिहार में जो सरकार चल रही है, यह डबल इंजन की सरकार है। इसका एक इंजन अपराध और दूसरा भ्रष्टाचार में लगा हुआ है। ये बिहारियों को ठगना चाहते हैं। बिहार उड़ती चिड़िया को हल्दी लगाना जानता है।

**खड़गे ने कहा सतर्क रहने की जरूरतः** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी वोट चोरी के जरिये बिहार में जीतने का प्रयास कर रहे हैं। आपको सतर्क रहने की आवश्यकता है।



## हमारा वोट संविधान की रक्षा करता हैः हेमंत सोरेन

पटना (आजाद सिपाही)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' रैली में केंद्र सरकार को जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार एसआइआर के नाम पर लोगों के अधिकार छीन रही है। मतदाता सूची सत्तारूढ़ गठबंधन की इच्छा के अनुसार तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा वोट संविधान की रक्षा करता है। हेमंत ने एनडीए सरकार पर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन को सत्ता से बेदखल करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक दलों से एकजुट रहने का आह्वान किया। हेमंत ने कहा कि भाजपा इडी, सीबीआइ और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का विपक्षी नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है, जिससे वे डर जायें।

### अगर हम आज नहीं चेते तो फिर कभी चेत नहीं पायेंगे

हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पर तीन तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि 'आज पटना में वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुआ हूं। आप सभी लोगों को इस चिलचिलाती धूप में इस यात्रा में शामिल होने के लिए बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। यहां उपस्थित आप सभी लोगों से अपील करता हूं कि यह वोट किसी पार्टी का नहीं है। यह वोट देश का वोट है और इस वोट की ताकत से देश और संविधान बचता है, टूटता है। 2014 में कुछ चालाक-चतुर लोगों ने धनबल के दम पर सत्ता हासिल की। तब से देश को इन लोगों ने तबाह किया है। अगर हम आज नहीं चेते तो फिर कभी चेत नहीं पायेंगे।'

## झारखंड में नक्सली संगठन जेजेएमपी का वजूद समाप्त

# सुप्रीमो समेत नौ ने किया आत्मसमर्पण

- आत्मसमर्पण में कई इनामी नक्सली भी शामिल, हथियार के साथ आये

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में सोमवार को जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नौ उग्रवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इस आत्मसमर्पण के साथ ही लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। आत्मसमर्पण करने वालों में सब जोनल कमांडर रविंद्र यादव, अखिलेश यादव, बलदेव गंझू, मुकेश राम उर्फ कल्लू रवि और पवन उर्फ राम प्रसाद जैसे शीर्ष उग्रवादी शामिल हैं।

**आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादी :** रविंद्र यादव (सब जोनल कमांडर, 14 मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम) ने दो एके 47, तीन राइफल और 1241 कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया। अखिलेश यादव (सब जोनल कमांडर, 10 मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम) ने एक एके 47 और 256 कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया। बलदेव गंझू (सब जोनल कमांडर, नौ मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम) ने एक एके 47 के साथ आत्मसमर्पण किया। पवन उर्फ राम प्रसाद (सब जोनल कमांडर, तीन मामले दर्ज, तीन लाख रुपये का इनाम) ने एक राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। ध्रुव (एरिया कमांडर, तीन मामले दर्ज) ने एक राइफल के साथ, विजय यादव (एरिया कमांडर, दो मामले दर्ज) एक राइफल के साथ, मुकेश राम उर्फ कल्लू रवि (सब जोनल कमांडर, 21 मामले दर्ज, पांच लाख रुपये का इनाम), श्रवण सिंह (एरिया कमांडर, दो मामले दर्ज) एक एके 47, एक राइफल और 131 राउंड कारतूस के साथ और मुकेश गंझू (एरिया कमांडर, दो मामले दर्ज) ने एक एके 47 राइफल और 154 राउंड कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया।

**नक्सलवाद सफाये के करीब हैं:** पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार ने कहा कि यह पुलिस की बड़ी उपलब्धि है और लातेहार में जेजेएमपी का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा कि साल 2025 में पूरे झारखंड को उग्रवाद और नक्सलवाद मुक्त करने का लक्ष्य है और पुलिस अब इसके बहुत करीब है। उन्होंने लातेहार पुलिस की सराहना की और कहा कि लातेहार में अब सीआरपीएफ की जरूरत नहीं है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक माइकल एस राज ने कहा कि शेष बचे हुए उग्रवादी सरेंडर कर दें, नहीं तो वे पुलिस की गोली की शिकार होंगे।

**आइजी ने सभी को दी बधाईः** पलामू आइजी सुनील भास्कर ने कहा एक ही संगठन से नौ लोग मुख्य धारा में लौटे हैं, वे सभी बधाई के पात्र हैं। सरकार जो भी उनके लिए व्यवस्था की है, वह सभी उन्हें दिया जायेगा। डीआइजी नौशाद आलम ने कहा कि पलामू रेंज के सभी पुलिस ऑफिसर सीआरपीएफ ऑफिसर और लातेहार की पुलिस सभी बधाई के पात्र हैं। लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया।



# सेवानिवृत्ति के दिन फंसे बीसीसीएल के सीएमडी और वित्त निदेशक

- आउटसोर्सिंग टेंडर विवाद में ग्रेच्युटी रोकी गयी
- अधिकारियों पर चार्जशीट

सुनील भंडारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया की सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के रिटायर सीएमडी समीरन दत्ता और रिटायर वित्त निदेशक आरके सहाय की ग्रेच्युटी पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। दोनों अधिकारी रविवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। कोयलांचल में इस कार्रवाई की खूब चर्चा है। दरअसल, बीसीसीएल में सेवानिवृत्ति के दिन ही अधिकारियों और कर्मचारियों को ग्रेच्युटी भुगतान का प्रावधान है। बताया जा रहा है कि एक बहुचर्चित आउटसोर्सिंग कंपनी के टेंडर विवाद को लेकर दोनों अधिकारियों की ग्रेच्युटी पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। इन अधिकारियों पर आरोप लगाया गया है कि इन्होंने सेवाकाल में अपने पद का गलत उपयोग करते हुए कोयला उत्खनन के लिए एक चर्चित आउटसोर्सिंग कंपनी को फायदा पहुंचाया।

**कारण बताओ नोटिस के जवाब के बाद कार्रवाई :** इस मामले की विजिलेंस जांच चल रही है। सीएमडी और वित्त निदेशक को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। दोनों ने जवाब भी दिया, इसके बावजूद यह कार्रवाई की गयी है। अधिकारियों को चार्जशीट भी किया गया है। अब जब तक अधिकारियों को विजिलेंस से क्लीयरेंस नहीं मिल जाता, तब तक इनके ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। इन अधिकारियों को कंट्रीब्यूटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम कार्ड भी निर्गत नहीं किया जायेगा।

**आउटसोर्सिंग कंपनी से संबंधित टेंडर को लेकर जांच :** बीसीसीएल में एक बहुत बड़ी आउटसोर्सिंग कंपनी से संबंधित टेंडर को लेकर जांच शुरू हुई है। कुछ बड़े अधिकारी भी इसके लपेटे में आ सकते हैं। बताया जाता है कि कोयला मंत्रालय ने पिछले दिनों दो आउटसोर्सिंग कंपनी के दो अलग-अलग मामलों में सर्वाधिक विचलन को मंजूरी देने को लेकर सीएमडी सहित आधा दर्जन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कहा जा रहा है कि जिस आउटसोर्सिंग कंपनी के टेंडर में विचलन का आरोप है।



## न्यूज रील्स

### मुख्यमंत्री आज देंगे नियुक्ति पत्र



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को सहायक आचार्य, पीजीटी शिक्षकों और लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन स्थित नये सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा संचालित आकांक्षा कोचिंग से जेइइ मेंस और एडवांस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों और राज्य स्तर पर द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जायेगा।


FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815



Euro Kids
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3
Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरुआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Where dreams BECOME REALITY
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
▪ Civil Engineering ▪ Electrical and Electronic Eng. ▪ Computer Science & Eng. ▪ CSE (Artificial Intelligence) ▪ CSE (Cyber Security)
Polytechnic / Diploma
▪ Civil Engineering ▪ Mechanical Eng. ▪ Electrical and Electronic Eng. ▪ Computer Science & Eng. ▪ Electrical Engineering
Faculty of Law
▪ LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B
Faculty of Management
▪ Bachelor of Business Administration (BBA) ▪ Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
▪ Bachelor of Computer Application (BCA) ▪ Master of Computer Application (MCA) ▪ Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Education
▪ Bachelor of Elementary Education (B.Ed) ▪ Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.) ▪ M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
▪ B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit) ▪ B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology) ▪ B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English) ▪ M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics) ▪ M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)
Faculty of Pharmacy
▪ Diploma in Pharmacy (D.Pharm) ▪ Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Dental Science
▪ Bachelor of Dental Surgery (BDS) ▪ Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homeopathy
▪ Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS ▪ M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology ▪ B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology ▪ M.Sc Medical Microbiology ▪ M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Nursing & Allied Health Science
▪ Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing) ▪ General Nursing and Midwifery (GNM) ▪ Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Paramedical
▪ OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY ▪ Medical in Sanitary Inspector ▪ Medical in Ophthalmic Assistant ▪ Medical in Certificate in Dresser
Library Science
▪ B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc
Faculty of Science
▪ B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics) ▪ B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology) ▪ B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology) ▪ M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics) ▪ M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology) ▪ M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)
Faculty of Commerce
▪ B.Com ▪ M.Com
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मोदी की कूटनीति ने बदल दी है विश्व व्यवस्था

## ■ चीन-जापान की यात्रा में प्रधानमंत्री ने दिखाया अपनी कूटनीति का दम
## ■ रूस-चीन के साथ बने त्रिकोण ने भारत की ताकत को कई गुना बढ़ाया
## ■ बेअसर साबित होने लगी है अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ मिसाइल

**आजाद सिपाही विशेष**

चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्रिय कूटनीति ने वैश्विक मंच पर भारत की धमक को फिर से स्थापित किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी गर्मजोशी भरी मुलाकात ने न केवल ग्लोबल साउथ की एकजुटता को रेखांकित किया, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीति को भी करारा जवाब दिया। मोदी की कूटनीति का महत्व इसी बात से प्रमाणित होता है कि जिस समय वह चीन और रूस के साथ मिल कर मैत्री के नये त्रिकोण को आकार देने में लगे थे, ठीक उसी समय अमेरिकी दूतावास की एक पोस्ट ने भारत-अमेरिका दोस्ती को '21वीं सदी की परिभाषित साझेदारी' बताया, जिसकी टाइमिंग ने कूटनीतिक हलकों में गंभीर चर्चा छेड़ दी है। एससीओ शिखर सम्मेलन में मोदी ने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिस तरह पहलगाम हमले की निंदा साझा बयान में शामिल करवायी, वह उनकी वैश्विक ताकत और पाकिस्तान के लिए सीधा संदेश था। शी जिनपिंग के साथ बैठक में सीमा पर शांति, व्यापार असंतुलन और कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली पर सहमति बनी, तो पुतिन के साथ मुलाकात में रक्षा और व्यापार सहयोग को मजबूती मिली। यह तिकड़ी अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ वैकल्पिक व्यापार गलियारों और ब्रिक्स की ताकत को बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा थी। मोदी की चीन-जापान यात्रा और रूस-चीन के साथ मिल कर बनाये गये नये त्रिकोण ने वैश्विक व्यवस्था में वह बदलाव किया है, जिसने अमेरिका के टैरिफ हथियार को बेअसर करते हुए नयी व्यवस्था कायम की है। क्या है मोदी की कूटनीति का महत्व और भारत पर क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान और चीन यात्रा वैश्विक कूटनीतिक के परिदृश्य में एक निर्णायक पड़ाव साबित होने जा रही है। जापान में अभूतपूर्व निवेश वादों और चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भागीदारी से यह साफ है कि भारत अब वैश्विक राजनीति में अपनी स्थिति को नये सिरे से परिभाषित करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। खासकर उस समय में, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी तक के टैरिफ थोप दिये हैं, यह यात्रा भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की नीति का ठोस प्रदर्शन प्रतीत होती है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दबाव की राजनीति के दौर में वह किसी एक ध्रुव पर टिकने वाला देश नहीं है, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व में अपनी स्वतंत्र पहचान रखता है। पीएम मोदी की यह यात्रा एशिया में भरोसे का विस्तार है, जिससे दुनिया के समीकरण बदल सकते हैं।

### पूंजी, तकनीक और साझेदारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का पहला पड़ाव जापान रहा, जहां 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतिहास का सबसे बड़ा निवेश पैकेज घोषित हुआ। जापान ने अगले दस वर्षों में 10 ट्रिलियन येन (लगभग 68 अरब डॉलर) भारत में निवेश करने का वादा किया। यह घोषणा उस समय की गयी है, जब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अस्थिर है और कई पश्चिमी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। ऐसे माहौल में जापान का भरोसा भारत के लिए केवल पूंजी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक विश्वास का प्रतीक भी है। जापान ने निवेश के अलावा सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग का प्रस्ताव भी रखा है। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों टिकी हुई है। भारत के लिए यह साझेदारी न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, बल्कि सप्लाई चेन के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी स्थिति को भी चुनौती दे सकती है। इस यात्रा के दौरान जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा आर्थिक और सुरक्षा दृष्टिपत्र भी जारी किया, जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि सुनिचित करने का वादा किया गया। जापान ने भारत के साथ मानव संसाधन सहयोग को भी प्राथमिकता दी है और आने वाले पांच वर्षों में पांच लाख भारतीयों और जापानियों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आदान-प्रदान का लक्ष्य रखा है। यह केवल सरकारी समझौते तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों समाजों को जोड़ने की कोशिश है, जो दीर्घकाल में रणनीतिक रिश्तों की सबसे मजबूत नींव साबित होगी।



### भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण

प्रधानमंत्री मोदी का दूसरा पड़ाव चीन का तियानजिन रहा, जहां उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लिया। यह उनकी सात साल बाद चीन यात्रा थी। भारत और चीन के बीच पिछले वर्षों में सीमा विवाद और तनावपूर्ण संबंधों के चलते संवाद लगभग ठप पड़ गया था। ऐसे में पीएम मोदी की यह यात्रा संबंधों में एक नये अध्याय की ओर संकेत करती है।

एससीओ शिखर सम्मेलन को चीन और रूस ने पश्चिमी देशों के प्रभाव को संतुलित करने के मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद थे। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी ने इसे एक बड़ा कूटनीतिक आयोजन बना दिया। भारत की मौजूदगी ने इस मंच को अतिरिक्त महत्व दिया है, क्योंकि एशिया की राजनीति भारत के बिना अधूरी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि एससीओ मंच पर अक्सर नतीजे प्रतीकात्मक ही रहते हैं। फिर भी भारत की उपस्थिति का संदेश साफ है कि वह केवल पश्चिमी ढांचे का हिस्सा बन कर नहीं चलेगा, बल्कि पूर्वी ध्रुवों के साथ भी संबंध मजबूत रखेगा। खासकर तब, जब अमेरिका-भारत व्यापारिक संबंधों में तनाव है। यह कदम भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण है।

### ट्रंप की मनमानी के बीच वैश्विक शक्ति संतुलन की नींव

पीएम मोदी की इस यात्रा के पीछे एक बड़ा संदर्भ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने फैसले भी हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। ट्रंप के इस मनमाने कदम के बाद जापान जैसे सहयोगियों से निवेश और तकनीकी साझेदारी भारत के लिए एक रणनीतिक विकल्प के रूप में सामने आयी है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच यह साफ हो गया है कि व्यापार और तकनीकी साझेदारी को किसी एक देश पर निर्भर नहीं छोड़ा जा सकता। यही कारण है कि भारत ने जापान, चीन और रूस के साथ संवाद और सहयोग बढ़ाने का रास्ता चुना है। इसे विदेश नीति विशेषज्ञ भारत की बड़ी रणनीति मान रहे हैं, जिसके तहत भारत अपने साझेदारों का दायरा बढ़ाकर जोखिम को कम करने में कामयाब होगा।

### रणनीतिक स्वायत्तता : भारत की नयी विदेश नीति का स्वरूप

पीएम मोदी की इस यात्रा ने भारत की विदेश नीति को नये तरीके से परिभाषित किया है। विशेषज्ञ इसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के तौर पर देखते हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी एक शक्ति-गुट का हिस्सा बनने की बजाय अपने हितों और प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध बनायेगा। भारत के लिए जापान के साथ तकनीकी सहयोग उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीन के साथ सीमा स्थिरता बनाये रखना। इसी तरह रूस के साथ ऊर्जा सहयोग पर निर्भरता भी वक्त की जरूरत है। इस संतुलन को साधना आसान नहीं है, लेकिन यही रणनीतिक स्वायत्तता की असली कसौटी है।

### भविष्य की राह : चुनौतियां और संभावनाएं

आने वाले वर्षों में जापान के 10 ट्रिलियन येन निवेश से भारत में नये सेमीकंडक्टर कारखाने, तकनीकी पार्क और औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे। इसी तरह चीन के साथ भारत का सहयोग भी दूरगामी परिणामों की आधारशिला साबित हो सकता है। हालांकि सीमा विवाद और भू-राजनीतिक अविश्वास ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता, फिर भी व्यापार और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग का रास्ता दोनों देशों के लिए व्यावहारिक विकल्प है। क्वाड जैसे मंचों का भविष्य भी इस संदर्भ में अहम है। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बावजूद क्वाड एक मजबूत संरचना के रूप में उभर सकता है। जापान और भारत की नजदीकी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है, लेकिन इसके लिए चारों देशों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और दीर्घकालिक रणनीति आवश्यक होगी।

### शक्ति संतुलन का निर्णायक सूत्रधार बना भारत

पीएम मोदी की यह जापान और चीन यात्रा बताती है कि भारत अब केवल साझेदारियों का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि स्वयं एक ध्रुव के रूप में उभर रहा है। जापान के साथ तकनीकी और निवेश सहयोग, चीन में एससीओ मंच पर वापसी और अमेरिका से बढ़ते तनावों के बीच नयी राह तलाशना, ये सभी घटनाएं मिलकर भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की कहानी कहती हैं। यह दौरा इस बात का संकेत है कि भारत अब प्रतिक्रियात्मक कूटनीति नहीं, बल्कि सक्रिय और पहल करने वाली कूटनीति का प्रयोग करने में विश्वास रखता है। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत केवल एक दर्शक नहीं रहेगा, बल्कि अपनी भूमिका इस तरह गढ़ने जा रहा है कि आने वाले वर्षों में वह एशिया और विश्व राजनीति, दोनों को नयी दिशा देने में सक्षम हो।

---

## पप्पू यादव को फिर नहीं मिली राहुल के मंच पर जगह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार में 17 अगस्त से शुरू हुई राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का समापन पटना में सोमवार को हुआ। इस दौरान आयोजित सभा में इंडिया गठबंधन के तमाम सहयोगी दलों के दिग्गज नेता शामिल हुए। पहले पटना की सड़कों पर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे और मुकेश सहनी समेत कई दिग्गजों ने मार्च किया। फिर डाकबंगला चौराहे पर बने मंच पर तमाम नेताओं ने भाषण दिया। लेकिन इस बीच एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पूर्णिया से सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव मंच पर नजर नहीं आये, बल्कि मंच के नीचे साउंड सिस्टम वाले के पास कुर्सी पर थकान मिटाते और कोल्ड ड्रिंक पीते दिख रहे हैं। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें बीते दिनों जब राहुल और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा पूर्णिया होते हुई निकली थी, तो पप्पू यादव भी राहुल-तेजस्वी की जीप पर सवार हुए थे। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ में भी कसीदे पढ़े थे, लेकिन वोटर अधिकार यात्रा के समापन कार्यक्रम में वह मंच पर कहीं नहीं दिखे।

## एटम बम तो पटाखा भी नहीं निकला, हाइड्रोजन बम क्या फोड़ेंगे: रविशंकर


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** पटना में वोटर अधिकार यात्रा के समापन कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'हाइड्रोजन बम' वाले बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि अगर चुनाव को लेकर कर्नाटक की गणना को लेकर उनका दावा एटम बम था, तो वह तो दिवाली का पटाखा भी साबित नहीं हुआ, तो क्या हाइड्रोजन बम की बात कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी को गैर-जिम्मेदार बताते हुए कहा कि जब भी मैं संसद के बाहर या अंदर राहुल को सुनता हूं, तो मुझे यह समझने में समय लगता है कि वह क्या कहना चाह रहे हैं? राहुल के बयान का हवाला देते हुए रविशंकर ने कहा कि अभी तक दुनिया में हाइड्रोजन बम नहीं फटा है। एटम बम और हाइड्रोजन बम का चुनावों से क्या संबंध है? राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में खुद को क्यों नीचा दिखा रहे हैं। देश को समझना चाहिए कि राहुल गांधी गैर-जिम्मेदार हैं।

## बिहार एसआइआर: दावा-आपत्ति के खेल में भाजपा भी उतरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद एक अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावा और आपत्ति के खेल में भाजपा भी कूद गयी है। भाजपा ने 31 अगस्त की सुबह 10 बजे से एक सितंबर की सुबह 10 बजे के बीच 16 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काटने का आवेदन दिया है। पार्टी ने राज्य में 53338 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) बनाये हैं, लेकिन पिछले 30 दिनों में उसकी तरफ से कोई आपत्ति या दावा दर्ज नहीं किया गया था। इस काम के लिए एक सितंबर आखिरी दिन था। भाजपा तब हरकत में आयी है, जब आखिरी दो दिन बचे थे। आयोग को अब तक कुल 144 आवदेन निर्धारित प्रपत्र में मिले हैं, जिनकी गिनती का अपडेट वह हर रोज जारी करता है।

चुनाव आयोग ने हालांकि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह नामांकन के आखिरी दिन तक दावा और आपत्ति लेता रहेगा और सही होने पर फाइनल वोटर लिस्ट को अपडेट कर देगा। कुछ विपक्षी दल एक सितंबर की डेडलाइन को दो सप्ताह बढ़ाने की अपील लेकर सुप्रीम कोर्ट गये थे, लेकिन आयोग ने ही जब कोर्ट को भरोसा दे दिया कि वह दावा और आपत्ति नामांकन के अंतिम दिन तक लेगा, तो कोर्ट ने इस पर कोई आदेश नहीं दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भी बिहार में राजनीतिक दलों पर नाम जोड़ने या हटाने की कोई जल्दबाजी नहीं दिख रही है। कोर्ट ने इससे पहले की सुनवाई में पूछा था कि राजनीतिक दलों के बीएलए क्या कर रहे हैं, क्यों वे प्रभावित वोटरों की मदद नहीं कर रहे हैं। बता दें कि बिहार में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के लिए 12 राष्ट्रीय और प्रांतीय दलों ने 1.60 लाख से ऊपर बीएलए बनाया है। अदालत ने पार्टियों की उदासीनता के मद्देनजर आज बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिये पैरा-लीगल स्वयंसेवकों को वोटरों की मदद में उतारने का आग्रह किया है। विपक्षी खेमे में राष्ट्रीय जनता दल के दावा और आपत्ति की संख्या दो दिन से 10 पर ही अटकी है। भाकपा-माले भी 118 से आगे नहीं बढ़ पायी है। यह हाल तब है, जब राजद नेता तेजस्वी यादव ने डेडलाइन से सात दिन पहले 25 अगस्त को वीडियो संदेश जारी कर अपील की थी कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता दावा और आपत्ति के काम में जुट जायें। किसी भी वोटर का नाम गलत ना कटे और नये वोटर का नाम जुड़वाया जाये, जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गयी है, लेकिन उसका कोई खास असर दिख नहीं रहा। कुल 144 दावा और आपत्ति में राजद ने 10 नाम जोड़ने, जबकि भाकपा-माले ने 15 नाम जोड़ने और 103 नाम हटाने का आवेदन दिया है।

## वोट अधिकार यात्रा का बिहार की जनता से रिश्ता नहीं : जायसवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने विपक्षी दलों की मतदाता अधिकार यात्रा पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से बिहार के आम मतदाताओं का कोई लेना-देना नहीं है। यह सिर्फ इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम बनकर रह गया है, जिसमें वे अपने-अपने नेताओं का स्वागत करने के लिए सड़क पर उतरे। दिलीप जायवाल ने आरोप लगाया कि यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहे गये। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सत्ता और मंच के लिए विपक्षी दलों के नेताओं की बेचैनी इतनी बढ़ गयी है कि वे किसी दिवंगत मां के बारे में इस तरह की अपमानजनक बातें करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह न सिर्फ लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक मूल्यों पर भी आघात है। भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि जनता ऐसे बयानों को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा, बिहार की जनता सब देख रही है. परिवार और मातृत्व पर हमला करने वालों को जनता चुनाव में जवाब देगी। विपक्ष जनता का विश्वास जीतने में नाकाम रहा है, इसलिए अब वह निजी हमलों और अनर्गल बयानबाजी पर उतर आया है।

जायवाल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार के विकास की दिशा तय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं के बूते जनता के बीच जायेगी और विपक्ष के झूठ और अपमानजनक राजनीति का करारा जवाब देगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का यह बयान साफ करता है कि मतदाता अधिकार यात्रा को लेकर सियासी बयानबाजी और तेज होगी। जहां इंडिया गठबंधन इसे जनता की आवाज बता रहा है, वहीं भाजपा इसे सिर्फ राजनीतिक नौटंकी करार दे रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.2 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.31 बजे |



# संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक हैं लालू : हेमंत सोरेन

**सीएम हेमंत सोरेन ने पटना में की लालू प्रसाद यादव से भेंट**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पटना स्थित राजद की वरिष्ठ नेता एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पहुंचे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लालू प्रसाद यादव का हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक हालात तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालू प्रसाद यादव संघर्षशील नेता हैं, जिन्होंने हमेशा गरीब,पिछड़ों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से देश के लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती मिलती रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड और बिहार के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्ते हैं। दोनों राज्यों की एकजुटता और आपसी सहयोग से क्षेत्र का विकास और भी तेजी से संभव हो सकेगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित परिवार के सदस्य व अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए हेमंत सरकार ने शुरू की पहल

## संविदा, दैनिक भत्ता और आउटसोर्सिंग पर हैं 1.60 लाख कर्मचारी

**संविदा कर्मियों के नियमितीकरण के लिए आकलन करने की जिम्मेदारी 6 पदाधिकारियों को दी गयी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लंबे समय से संविदा पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण के लिए सरकार ने बड़ी पहल की है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने ऐसे कर्मचारियों की अद्यतन स्थिति और नियमितीकरण पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ का आकलन शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में वित्त विभाग ने गठित समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए संयुक्त सचिव स्तर के पदाधिकारियों को नामित किया है।

राज्य सरकार के संयुक्त सचिव राजेश बाखला के हस्ताक्षर से जारी पत्र के अनुसार संबंधित विभाग बैठक की तिथि, स्थान और समय की सूचना वित्त विभाग के संबंधित पदाधिकारी को उनके कार्यालय के पते पर ससमय भेजेंगे, साथ ही अपने अधीनस्थ राज्य स्तरीय कार्यालय को इस पत्र की एक प्रति भेजते हुए निर्देशित करेंगे। जारी पत्र के अनुसार संयुक्त सचिव पंकज कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, मंत्रिमंडल विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं अनिल कुमार यादव को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, ऊर्जा विभाग, वाणिज्यकर विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और ग्रामीण विभाग दिया गया है। इसी तरह से राज्य सरकार के सभी 42 विभागों में संविदा और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण के लिए आकलन करने की जिम्मेदारी 06 पदाधिकारियों को दी गयी है। राज्य सरकार के कार्यालयों में करीब 1.60 लाख ऐसे कर्मचारी हैं जो या तो संविदा पर हैं या दैनिक भत्ता या आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे हैं। इनकी सेवा सचिवालय से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर स्थित सरकारी कार्यालय में ली जाती है। जाहिर तौर पर इन कर्मचारियों में सरकार के द्वारा नियमितीकरण के लिए की गयी पहल से खुशी है। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने इसकी सराहना करते हुए कहा है कि लंबे समय से ये कर्मचारी अपनी सेवा देते रहे हैं और महासंघ के द्वारा लगातार मांग की जाती रही है। ऐसे में सरकार के द्वारा की जा रही इस पहल से हमें उम्मीद है कि दशहरा और दीपावली इस बार इन कर्मचारियों के लिए खास होगा। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग के द्वारा जिस तरह से पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गयी है और निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपे, इससे लगता है कि सरकार इस मामले में गंभीर है और इसका परिणाम सुखद होगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** क्रोध-जोश-उत्तेजना की अधिकता नियंत्रित करना उचित होगा. आत्मीय-स्वजन का सहयोग मिलेगा

**वृष** समाज में मान-सम्मान रहेगा, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा

**मिथुन** आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएं लाभकारी होंगी।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आशंका।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, आर्थिक लाभ, परिवार में सुख-शांति का वातावरण।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

**कुंभ** व्यावहारिक कुशलता एवं बौद्धिक चतुराई से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# महिला दारोगा मीरा सिंह पर इडी ने कसा शिकंजा, मनी लांड्रिंग में बनाया अभियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना ओपी की पूर्व प्रभारी दारोगा मीरा सिंह की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। इडी ने उन्हें कांड संख्या इसीआइआर 8/2025 में अभियुक्त बनाते हुए प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल की है। हालांकि फिलहाल विशेष पीएमएलए कोर्ट ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है। कोर्ट ने 17 सितंबर को मामले की सुनवाई तय की है। इडी ने मार्च 2024 में मीरा सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 12.50 लाख रुपये नकद और आठ मोबाइल फोन बरामद किये गये थे। पूछताछ में वह रुपयों के स्रोत को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पायीं।

गौरतलब है कि मीरा सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। खूंटी में पदस्थापन के दौरान एसीबी ने उन्हें 10 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। उसी केस को आगे बढ़ाते हुए इडी ने अब मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। जानकारों के मुताबिक, यह पहला मामला है जब किसी पुलिस अधिकारी को इडी ने अभियुक्त बनाया है। एसीबी के केस में वह जमानत पर बाहर हैं, लेकिन इडी की कार्रवाई से उनकी कानूनी परेशानी और बढ़ गयी है।

# संत जेवियर कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्रा की पहचान छत्तीसगढ़ की रहने वाली के रूप में हुई है, जो रांची के संत जेवियर कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रही थी। सोमवार को छात्रा अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। हॉस्टल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इस नोट में छात्रा ने अपनी आत्महत्या का कारण घरेलू परेशानियों और पारिवारिक विवादों को बताया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और छात्रा के परिवार को सूचित कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

नव-नियुक्त PGT शिक्षकों, सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान), लैब सहायकों को नियुक्ति पत्र-वितरण एवं छात्र-छात्राओं का मेधा सम्मान कार्यक्रम

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री राधाकृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

दिनांक:- 02 सितम्बर 2025 | समय:- मध्याह्न 12 बजे से
स्थान: प्रोजेक्ट भवन स्थित नया सभागार (द्वितीय तल) धुर्वा, रांची




सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 361022 (IPRD) 25-26

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## तीन मंजिली इमारत से गिरकर महिला की मौत

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में रहने वाली एक महिला तीन मंजिला इमारत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। रविवार की सुबह बरकट्ठा निवासी कंचन देवी 22 वर्ष पति शंकर राम घरेलू विवाद को लेकर सरकारी आवास की छत से नीचे कूद पड़ी। जिसे इलाज के लिए परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ले गये। जहां से चिकित्सक ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया। हजारीबाग में भी उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए रिम्स रांची भेज दिया गया है। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि कंचन देवी अपनी सास जो बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय में स्वीपर का काम करतीं थीं उसके साथ एक क्वाटर में रहतीं थीं। कंचन देवी ने घरेलू लड़ाई झगड़े के बाद यह कदम उठाया है।

## पेट्रोल डालकर आग से आतिशबाजी करने के दौरान एक युवक गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत जयनगर बाजार में गणेश प्रतिमा जुलूस के दौरान करतब दिखाने के चक्कर में एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में जारी है। घायल की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के लोहडण्डा ऊपर टोला निवासी 25 वर्षीय अनिल यादव (पिता महादेव यादव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सार्वजनिक गणपति पूजा समिति जयनगर, तूफान क्लब के द्वारा गणेश पूजा का आयोजन किया गया था। जिसके निमित रविवार को भव्य जुलूस के साथ विसर्जन का आयोजन किया जा रहा था। समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि उक्त जुलूस जयनगर स्थित देवी मंडप से निकल कर जयनगर बाजार होते हुए डोमचांच मोड़ के पास स्थित एक अन्य देवी मंदिर जाती है। इसके पश्चात प्रतिमा का विसर्जन जयनगर के पूरब नदी में किया जाता है। उन्होंने बताया कि जुलूस काफी शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया था। ऐसे में उक्त युवक कहां से आया इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि युवक द्वारा अपने मुंह में पेट्रोल भरकर जैसे ही माचिस मारकर करतब दिखाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान उसके दाढ़ी में पहले से ही कुछ पेट्रोल के अंश लगे रह जाने के कारण आग उसकी दाढ़ी में लग गयी, जिससे वह झुलस गया। उन्होंने बताया कि उसके मुंह में लगे आग को वहां मौजूद लोगों द्वारा तुरंत बुझाते हुए उसे स्थानीय निजी क्लिनिक ले जाया गया। जहां इलाज के पश्चात उसे सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## विद्यालय पहुंचकर छठी कक्षा के छात्र के साथ मारपीट




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती पब्लिक उच्च विद्यालय पावर हाउस डंडाडीह के प्राचार्य अर्जुन चौधरी ने थाना में लिखित आवेदन देकर विद्यालय के छात्र को जान से मारने की नीयत से अपहरण और मारपीट के उद्देश्य से जानलेवा हमला का आरोप लगाया है। लिखित आवेदन में उन्होंने कहा कि सोमवार को 10:30 बजे दो लड़का आसिफ खान (20 वर्ष पिता तस्लीम खान, ग्राम बेला), इरफान खान (20 वर्ष पिता समीम खान, ग्राम बेला) विद्यालय के कार्यालय में जाकर बच्चों का एडमिशन करवाने संबंधित बातचीत किया। इस दौरान एक और लड़का फरहान खान (19 वर्ष, पिता इमामुद्दीन खान, ग्राम कटहाडीह) बाहर खड़ा था। दोनों युवक ने नामांकन प्रक्रिया जानने के पश्चात वर्ग 6 को देखने के लिए अनुमति मांगा प्राचार्य ने विद्यालय के प्रहरी को कक्षा दिखाने के लिए अनुमति दिया। इसी समय 11:15 बजे लगभग विद्यालय में मध्यांतर हो गयी सारे बच्चे बाहर निकल गये। उपरोक्त तीनों युवक एक साथ मिलकर अंकित कुमार पिता बाबू चंद साव ग्राम कंझियाडीह को बाहर ले गये और जमकर पिटाई कर दी। हत्या करने के उद्देश्य से उनका गर्दन मरोड़ दिया और अपने बाइक पर बैठाकर भागने लगे। विद्यार्थियों ने देखकर हल्ला मचाया तब ग्रामीण तीनों लड़कों को पकड़ कर पूछताछ करने के लिए कंझियाडीह ले गये। इस बीच चार पांच अन्य लोग चाकू तमंचा के साथ वहां पहुंचे और ग्रामीणों से छुड़वाने का प्रयास करने लगे। खोजबीन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य भी वहां पहुंचे। उक्त लोगों ने धमकी दिया कि अभी हम लोग आते हैं और सबको गोली और बम से उड़ा देंगे ऐसा कह कर निकल गया। इसी बीच स्थानीय पंचायत मुखिया प्रतिनिधि महेश साव और पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह ने मामले की जानकारी थाना को दिया। विद्यालय के प्राचार्य ने दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। इधर दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरुष थाना पहुंचकर अन्य फरार युवकों को गिरफ्तार करने की मांग करते दिखे।

## विशेष शिविर में 27 आधार कार्ड बने



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कोडरमा के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो द्वारा मरकच्चो में छुटे हुए वर्ग के लोगों, 0-5 वर्ष के बच्चे, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की महिलाए, पोषाहार प्राप्त करने वाली महिलाए, स्कूल के बच्चे, आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों का आधार कार्ड बनाने हेतु 1 सितंबर को विशेष आधार कैंप का आयोजन पंचायत भवन पपलो में किया गया। इस विशेष कार्य को प्रखंड स्तरीय आधार एनरोलमेंट ऑपरेटर राजेश कुमार के द्वारा किया गया है। इसके लिए सभी जन प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कर्मियों एवं आम जनो को अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने का निर्देश प्राप्त है। इस कैंप में कुल 27 आधार कार्ड बनाये गए। कैंप से महिलाओं और स्कूल के बच्चों को लाभ मिल रहा है। इसमें मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव और पंचायत सहायक अनिल यादव मौजूद रहे।

## एनजीटी की रोक के बाद भी बालू उठाव जारी



**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** एनजीटी रोक के बावजूद बालू का उठाव कर अवैध रुप से डंप किया जा रहा है। डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलवाढाब एनजीटी रोक के बावजूद बालू का उठाव कर अवैध रुप से डंप किया जा रहा है। वहीं आस पास के नदियों से बालू का उठाव जारी है। जिससे राज्य सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। डोमचांच में बालू माफिया नदियों में अवैध खनन कर बालू का डंप कर रहें है। थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलवा ढाब में बड़े पैमाने पर अवैध रुप से बालू डंप किया जा रहा है। वहीं आस पास के नदियों से बालू का उठाव जारी है जिससे राज्य सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। डोमचांच में बालू माफिया नदियों में अवैध खनन कर बालू का डंप कर रहें है। डोमचांच क्षेत्र में दिन दोपहर भी अवैध खनन कर बालू गाड़ी निकाली जाती है।

# पुलिस लठैत बन कर काम कर रही है : पूर्व मंत्री योगेंद्र साव

**केरेडारी, बड़कागांव, लातेहार में एक कोल कंपनी के द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह रैयतों की जमीन लूट रही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव में एक कोल कंपनी के द्वारा जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है। इस पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव ने सवाल खड़ा करते हुए एक कोल कंपनी और झारखंड सरकार पर प्रेस वार्ता कर हमला बोला है। हजारीबाग के हुडहुडू स्थित आवास पर प्रेस वार्ता कर बताया कि एक कोल कंपनी भूमि अधिग्रहण के नाम पर गरीबों का जमीन लूट रहा है। कहा कि हाल के दिनों में केरेडारी, बड़कागांव, लातेहार में एक कोल कंपनी के द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह रैयतों की जमीन लूट रही। रैयतों को मनमानी रूप से मुआवजा दिया जा रहा है। गत 1 अगस्त को जोरदाग में बिना सहमति लिए और बिना मुआवजा दिए मेरे इंडस्ट्री को जमींदोज कर दिया जाता है। एक कोल कंपनी सरकार और प्रशासन से मिल मेरा मान सम्मान को क्षति पहुंचाने का काम किया है। मेरे इंडस्ट्रीज को तोड़ हमको आर्थिक क्षति दिया है। इससे मेरा पूरा परिवार लाभान्वित होता है। पुलिस लठैत बन ग्रामीणों को पीट रही और कंपनी को संरक्षण दे रही है। ये पुलिस प्रशासन कंपनी के लिए है या रैयत विस्थापित के लिए। रात में आतंकवादियों की तरह विस्थापितों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इन सब मुद्दो पर मैं चुप रहने वाला नहीं।



## तालाब के पास मिला मजदूर का शव, हत्या की आशंका

**डोमचांच (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत नीसोटांड़ तालाब के समीप एक पुल के नीचे एक युवक का शव मिलने की खबर मिलने पर आस पास गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गयी। तभी लोगों ने शव की पहचान गोलवाढाब निवासी महेन्द्र दास पिता स्व जागो दास के रूप में की गयी। शव मिलने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। महेन्द्र दास रविवार शाम से ही लापता था। वहीं मृतका की पत्नी मालती देवी ने बताया कि अपने पति की गुमशुदगी को लेकर डोमचांच थाना में आवेदन देने की तैयारी कर रहे थे, सूचना मिली की एक शव निसोटांड़ स्थित एक पुल के नीचे मिला है, जाकर देखा तो मेरा पति का शव पड़ा है। मृत शरीर के चेहरे पर चोट के निशान देखे गये। मृतक की पत्नी मालती देवी ने कहा कि मेरे पति की हत्या की गयी है। उन्होने प्रशासन से उचित न्याय की मांग की। बताया जाता है कि वह मजदूरी का काम करता था। महेन्द्र दास की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं डोमचांच पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हेतु कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया।**

# रेलवे के निर्माण कार्य में बाल श्रमिकों के इस्तेमाल का आरोप

**सुचना मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह ने की जांच की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चलकुशा।** धनबाद-कोडरमा रेलखंड के बीच चौबे रेलवे स्टेशन पर चल रहे ट्रैक निर्माण कार्य में संवेदक की ओर से बंगाल से गरीब बाल श्रामिकों को लाकर काम करवाया जा रहा है। जिसकी सुचना मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह को मिली। रविवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह अचानक रेलवे स्टेशन पहुंचे, निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि 3-4 नाबालिग बच्चे काम कर रहे हैं। एक नाबालिग बच्चे से पुछताछ करने पर वहां काम कर रहे कंपनी के लोगों में हड़कंप मच गयी। बाकी बच्चों को वहां से भगा दिया गया। पुछताछ में एक नाबालिग बच्चा 14 वर्ष से कम का मिला। जिसकी सत्यता की जांच आधार कार्ड से भी की गयी और थाना को सुचित किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन के द्वारा वहां काम कर रहे लोगों की आधार कार्ड की जांच की गयी। पुलिस प्रशासन को देखते ही वहां मौजूद संवेदक और मुंशी फरार हो गया। मामले को लेकर एएसआइ स्टीफन हेम्ब्रम के द्वारा संवेदक को कई बार फोन किया गया लेकिन संवेदक के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा इस घटना से यह स्पष्ट हुआ कि रेलवे कार्य में संवेदक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर नाबालिगों से काम कराया जा रहा है, जो श्रम कानून और बाल अधिकार अधिनियम का गंभीर उल्लंघन है, प्रशासन जांच कर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करें।

# दारू-झरपो सड़क गड्ढे में तब्दील

**वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल, विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो पंचायत के दारू झरपो सड़क बदहाल हो गया है पूरा सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है, यह सड़क सीधे झरपो से दारू तक जोड़ती है इस मार्ग में छोटे बड़े लगभग सैकड़ों गाड़ियों का आवागमन होता था लेकिन फिलहाल सड़क, सड़क नहीं गढ़े बन गये है पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है यह सड़क हरनारेनी मैदान के पास गुजरता है। गाड़ी नहीं जाने के कारण बच्चे की भी परेशानी बहुत ही उठानी पड़ रही है इस समस्या को लेकर ग्रामीण 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया शिबू प्रसाद सोनी और उपप्रमुख रवि वर्णवाल से किसान राजेश प्रसाद, लक्षण प्रसाद, दशरथ महतो, पिंटू कुमार ने बताया कि हमलोग गरीब किसान है कुछ खेती करके जीविकोपार्जन करते है सड़क नहीं बनने के कारण आवागमन में परेशानी होती है। बरसात में पूरा सड़क कीचड़ और जगह जगह गढ़े बन जाते है बाजार तक सब्जी लेकर जाना भी मुश्किल हो जाता है स्थानीय मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि यह सड़क को एक पर्यटक स्थल को जोड़ती है। दिसंबर और जनवरी में सैलानियों का पिकनिक मनाने सिवाने नदी जाते है, सड़क नहीं बनने के कारण परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा सांसद सह महिला विकास मंत्री अन्नपूर्णदेवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से बात कर जल्द समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। सांसद महोदय से बात करने के लिए सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल से बात कर अवगत कराने का आग्रह किया है।

## काम के दौरान केटीपीएस में सुपरवाइजर की मौत

**जयनगर(आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत केटीपीएस बांझेड़ीह स्थित कैंटीन में सोमवार की सुबह एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बिहार समस्तीपुर निवासी विवेकानंद सिंह (54, पिता मोदेश्वर सिंह) के रूप में की गयी। मृतक विवेकानंद सिंह कैंटीन में सुपरवाइजर में कार्यरत थे। सोमवार को सुबह रोजाना की तरह, सुबह कैंटीन पहुंचे और पूजा की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच अचानक सीने में तेज दर्द उठा और जमीन पर गिर पड़े। कैंटीन कर्मियों ने तत्काल उनकी मदद करने की कोशिश की लेकिन उन्हें होश नहीं आया। एंबुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल कोडरमा लाया। सदर अस्पताल में उपस्थित डॉक्टरों ने जांच के पश्चात विवेकानंद सिंह को मृत घोषित कर दिया। डीवीसी अधिकारियों ने बताया कि मृतक कर्मी को ईपीएफ और बीमा के तहत मुआवजा दिया जाएगा साथ ही यह भी कहा कि चुकीं कैंटीन का प्रभार नई कंपनी को मिला है। इसलिए उससे भी मुआवजा के प्रावधानों को लेकर बातचीत की जा रही है।**

# बिना निबंधन के चल रहे कोचिंग, लॉज और बैंक्वेट हॉल

## छात्रों की पढ़ाई और रहने की हालत बदतर, सुरक्षा इंतजाम नदारद

**नगर निगम का दो टूक करेंगे कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर एजुकेशन हब के नाम से मशहूर है। यहां सैकड़ों कोचिंग संस्थान, लॉज और बैंक्विट हॉल संचालित हो रहे हैं। लेकिन चौंकाने वाली हकीकत यह है कि जिले में केवल 7 कोचिंग संस्थान, 17 लॉज और 5 बैंक्विट हॉल ही रजिस्टर्ड हैं। झारखंड सरकार ने तीन दिन पहले ही नया विधेयक पारित कर कोचिंग संस्थानों के लिए मानक तय किये हैं और रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया है। इसके बाद जब जमीनी पड़ताल की गयी तो सुरक्षा और सुविधा दोनों ही मोर्चों पर स्थिति बेहद चिंताजनक पायी। हजारीबाग में रहकर पढ़ाई करने वाले छात्रों की स्थिति दयनीय है। एक छात्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि..एक कमरे का 5000 किराया लिया जाता है। उसी रूम में तीन-तीन छात्र रहते हैं। 50 छात्रों के लिए सिर्फ एक वॉशरूम होता है। न सुरक्षा गार्ड है, न सीसीटीवी और न ही आने-जाने का रजिस्टर। एक छात्रा ने बताया कि सिर्फ एक सब्जेक्ट पढ़ाने के लिए मास्टर साहब 4000 फीस लेते हैं। 4 महीने में कोर्स खत्म करवा देते हैं और क्लास में 120 से ज्यादा बच्चे बैठते हैं। एक दिन में सिर्फ 45 मिनट पढ़ाई होती है। फायर सेफ्टी मानकों पर जब पड़ताल की तो सामने आया कि पूरे जिले में केवल 2 कोचिंग संस्थान ही फायर सेफ्टी के मानकों पर खरे उतरते हैं। वहीं एक भी लॉज सुरक्षित मानकों पर खरा नहीं उतरता। जिले में 125 से 150 के बीच छोटे-बड़े बैंक्विट हॉल चल रहे हैं। यहां शादी-ब्याह और कार्यक्रमों के लिए एक दिन का किराया 60,000 से 2,70,000 तक वसूला जाता है। लेकिन इनकी रजिस्ट्री और टैक्स अदायगी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस बाबत सहायक नगर आयुक्त विपिन कुमार ने कहा कि..रेवेन्यू ऑफिसर की कमी की वजह से यह हाल था। लेकिन अब तीन नए ऑफिसर ज्वाइन कर चुके हैं। अगले सप्ताह से ही नगर निगम ऐसे कोचिंग, लॉज और बैंक्विट हॉल पर कार्रवाई करेगा, जो रजिस्टर्ड नहीं हैं और टैक्स चोरी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी अपील की कि संस्थान और लॉज संचालक खुद आगे आकर रजिस्ट्रेशन करवाएं, वरना आने वाले समय में टैक्स के साथ-साथ जुर्माना भी वसूला जायेगा।

अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर निगम का डंडा वास्तव में इन बड़े कारोबारी संस्थानों पर चलेगा या फिर हमेशा की तरह कार्रवाई सिर्फ सड़क किनारे ठेले-खोमचे वालों तक ही सीमित रह जायेगी।

## विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में 40 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुखिया संघ अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय यादव शामिल हुए। इस दौरान विजय यादव ने कहा कि छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और दूरदराज के क्षेत्रों से स्कूल आने - जाने वाले छात्रों के लिए सुविधा प्रदान करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र - छात्राओं के लिए, शिक्षा तक उनकी पहुंच को बढ़ावा देती है जिससे स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में कमी आती है। वहीं साइकिल पाकर छात्र काफी खुश दिखे। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद मेहता, त्रिलोकी प्रसाद, उज्ज्वल कुमार, प्रभात प्रसाद, संजय कुमार यादव, पिंकू कुमार, दीपक यादव, सकलदेव कुमार सिंह और वार्ड सदस्य बाबूलाल यादव समेत कई छात्र मौजूद थे।

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला इकाई हजारीबाग की बैठक विष्णुगढ़ के सरस्वती विद्या मंदिर टंडा में आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालयों की मान्यता को लेकर, री रीट याचिका की सुनवाई, उच्चतम न्यायालय जाने को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा जो भी निर्णय लिया जायेगा, हजारीबाग जिला इकाई सभी तरह से प्रदेश को समर्थन करेगी। बैठक में कुछ विद्यालयों के संचालकों ने अपने विद्यालय के लेटर पैड पर प्रदेश को समर्थन जारी रखने का लिखित आश्वासन भी दिया, छूटे हुए विद्यालय को एक सप्ताह के अंदर लिखित रूप से अपना समर्थन कॉपी जमा करने का समय दिया गया है। आज की बैठक में नकुल मंडल, मुकेश प्रजापति, अमित कुमार, महेश शर्मा, विजय कुमार वर्णवाल, मुकेश कुमार, अनिल कुमार मिश्र, सुनील मंडल, सुरेश मंडल, जानकी महतो, गंगाधर महतो, मिथलेश महतो, डुमरचंद महतो, बेलाल अहमद, सज्जाद अंसारी, टेकलाल यादव, उदित कुमार, कुणाल पासवान, दिवाकर प्रसाद, आफताब आलम समेत काफी संख्या में विद्यालय के संचालक उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा को लेकर समिति का गठन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** शारदीय दुर्गा पूजा मनाने को लेकर मंदिर परिसर में बैठक कि गयी। बैठक की अध्यक्षता पुर्व मुखिया बसंत साव संचालन मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष इंद्रजीत प्रसाद ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें पूजा समिति अध्यक्ष जिबलाल साव, उपाध्यक्ष सुरेश राम, सचिव रामखेलावन यादव, उपसचिव शंकर लाल, कोषाध्यक्ष महादेव नायक, संयोजक बजरंग साव, शोभा समिति संरक्षक बसंत साव, अध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष महेश मंडल, सचिव सूरज मोदी, उपसचिव दिलीप सोनी, कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव कार्यकारिणी समिति में दर्शन सोनी, रामेश्वर यादव, दिलीप दास, सुनील मोदी, बिट्टू मोदी, सुरेश यादव, उमेश यादव, शंभु यादव, विनोद साव, त्रिलोकी राणा, महेश राम, छोटी यादव, संजय गुप्ता, रूपेश गुप्ता, इंद्रदेव मोदी को बनाया गया। वहीं सभी ने दुर्गा पूजा को शांति पुर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया। मौके पर रतन गुप्ता, सुनील मोदी, अजय मोदी, दिलीप दास, सुरेश ठाकुर, अशोक गुप्ता, चंदन मोदी, किशोर दास, राजेन्द्र मोदी, दशरथ मोदी, मनोज ठाकुर, परमेश्वर यादव, दुर्गा साव समेत दर्जनों ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव-बादम रोड स्थित दुंदुवा गढ़ा के पास बड़कागांव पुलिस के एसआइ छोटू उरांव के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 30 मोटरसाइकिल का आवश्यक कागजात रजिस्ट्रेशन नंबर, इंश्योरेंस, ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट इत्यादि चीजों का चेकिंग किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशन में यह वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रही है। समय-समय पर विभिन्न मार्गो में वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

## ट्रैक्टर चालक और मालिकों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत स्थित मां बागेश्वरी मंदिर प्रांगण में रविवार को उपप्रमुख सरयु साव के नेतृत्व में ट्रैक्टर चालक और मालिकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी ट्रैक्टर मालिकों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर पकड़कर अवैध वसूली की जा रही है। इसको लेकर ट्रैक्टर मालिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। साथ ही, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूरे प्रखंड में बालू घाटों को पूर्ण रूप से बंद किया जायेगा। इस दौरान ट्रैक्टर मालिकों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा है कि यदि प्रशासन ने अवैध वसूली पर रोक नहीं लगायी, तो जोरदार तरीके से आंदोलन और प्रदर्शन किया जायेगा। आगे का नेतृत्व उपप्रमुख सह जेएलकेएम जिला अध्यक्ष सरयु साव करेंगे। सभा में हुरलुंग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिनेश महतो, त्रिभुवन महतो, गणेश पंडित, लालचंद महतो, कोलेश्वर महतो, वकील महतो, योगेन्द्र महतो, डालेश्वर महतो, सहदेव महतो, बाले महतो, तुलसी महतो, विजय महतो, जानकी महतो, संतोष महतो, भगत जी, मंतोष महतो, टेकलाल महतो, कालेश्वर महतो, किशोर कुमार, मुकेश महतो, सलीम अंसारी, प्रकाश महतो, सचिन महतो, महेश महतो, सुरेश महतो, छत्रु महतो, नरेश महतो, समीम अंसारी, दामोदर महतो, विजय महतो, महेश टुडू, मुकेश कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और ट्रैक्टर चालक-मालिक शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## नकली शराब बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार



**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध नकली शराब के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बिहार-झारखंड सीमा पर हंटरगंज में शराब भेजने की एक बड़ी योजना को विफल कर दिया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नाकेबंदी कर दो वाहनों से नकली शराब बरामद की गयी। पुलिस ने मौके से आशीष दांगी और बलवंत दांगी को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर, इस रैकेट में शामिल रॉकी यादव और रामाशीष यादव को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के विभिन्न ठिकानों से भारी मात्रा में नकली शराब, खाली बोतलें, स्टिकर और बलेनो जब्त किया है। डीएसपी मुख्यालय अमिता लकड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी। अभियान में मयूरहंड थाना प्रभारी व सर्किल इंस्पेक्टर उमेश राम सहित अन्य शामिल थे।

## गिरिजा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में पोस्टिक आहार दिवस का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ में सोमवार को गिरिजा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में पोस्टिक आहार दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से भाग लिया और स्वास्थ्य के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार के महत्व पर जागरूकता फैलायी। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार के पौष्टिक पाक-पकवान बनाया गया जिसमें छात्रों ने संतुलित आहार मधुमेह रोगियों के लिए आहार, उच्च रक्तचाप रोगियों के लिए आहार तरल आहार, और नरम आहार बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संतुलित आहार ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है, विशेषकर नर्सिंग एवं स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों के लिए यह दिवस अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का भी आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाना और कुपोषण के विरुद्ध संदेश देना था। संस्थान के सचिव/ट्रस्टी ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन करने पर बल दिया।

## गांव को बचाने के लिए ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष दिया धरना



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के किरीगढ़ा, टेरपा, टोकीसुद, सांकुल आदि गांवों के अस्तित्व को बचाने के लिए सोमवार को गांव बचाओ समिति के तत्वावधान में पतरातू अंचल कार्यालय के समक्ष ग्रामीणों द्वारा धरना दिया गया। इस मौके पर उपस्थित बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने धरनास्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि आम ग्रामीणों को परेशानी से बचाव हो। और ग्रामीण के साथ प्रशासन के टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। आयोजित सभा को जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, मुखिया पानों देवी पंसस अजय सिंह, किशोर कुमार महतो पूर्व मुखिया गंगाधर महतो, दिलीप दांगी, अशोक पाठक भुवनेश्वर महतो, कुमेल उरांव, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, विजय साहू राजू सुंडी, वीरेंद्र झा सहित अनेक दलों के नेताओं ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता इंद्रजीत सिंह व संचालन ब्रजेश सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त रामगढ़ को संबोधित एक ज्ञापन सीओ पतरातू को सौंपा गया। इसमें कहा गया है कि वर्तमान नक्शा के अनुसार अगर रेलवे लाइन का निर्माण किया जाएगा तो। चारों गांवों के हजारों ग्रामीण बेघर हो जायेंगे। उपरोक्त गांव के चारों ओर रेलवे लाइन बिछ जायेगा, इससे एक गांव से दूसरे गांव में जाने में हम ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। और अंततः इन गांवों का अस्तित्व ही संकट में पड़ जायेगा। इसलिए वर्तमान में जो रेलवे लाइन बिछाई गयी है। उसी के दोनों ओर रेलवे लाइन बिछाई जाए, इसमें हम ग्रामीणों को कोई भी परेशानी नहीं होगी। अन्यथा हम सब अपने अस्तित्व को बचाने के लिए अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे। मौके पर बसंती देवी, संतोष सिंह, विजय कुमार, सूरज कुमार, पहलवान सिंह, भारत सिंह, सागर सिंह, रिझन सिंह, मुकेंद्र कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## करमा महोत्सव की पूर्व संध्या पर किया गया 'गहदम झुमइर' का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** बाल विकास विधालय (रूगडीब्रोर) घुटूवा गांव में झारखंड जन संस्कृति मंच की ओर से पूर्व संध्या करम महोत्सव में गहदम झुमइर का आयोजन किया गया। इस दौरान करम पर्व के पारंपरिक गीतों पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी मिलकर पारंपरिक वाद्ययंत्रों-मांदल,ढोल-नगाड़ा की धुन पर देर शाम तक पुरूषों और महिलाओं के द्वारा सामूहिक झुमइर नृत्य की प्रस्तुति होती रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र कुमार बेदिया और शिवनारायण बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय सह संयोजक देवकीनन्दन बेदिया और अन्य अतिथियों ने फीता काट कर और करम पेड में मिट्टी का दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में करम महोत्सव आदिवासी मूलवासी की सांस्कृतिक पहचान है। आज झारखंडी पर्व त्यौहार, भाषा, संस्कृति को बचाने और इसके उत्थान के लिए ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम करना जरुरी है। वही जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य सुरेन्द्र कुमार बेदिया ने कहा कि करम पर्व केवल आदिवासी समाज का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए संदेश देता है कि हमारे असली शक्ति धन दौलत में नहीं बल्कि प्रकृति के गोद में रहना और आपस में मिलकर चलना है। मौके पर पूर्व जिला परिषद सुरपति देवी, वार्ड पार्षद गीता देवी, सुगन कुमारी, कविता देवी, संजय बेदिया, दिलीप बेदिया, चतुर्गुण बेदिया, सहदेव बेदिया, सुभाष बेदिया, हेमंती देवी, कृष्णा बेदिया, अजित बेदिया, किरण कुमारी, रीमा देवी, सुजाता कुमारी, रामदेव बदिया, बोधन बेदिया, छेदन बेदिया, सुमेश मांझी बेदिया, प्रीति जी बेदिया, बृज नारायण मुण्डा, अनिता देवी, नागेश्वर मुंडा, रंजना देवी, विकी बेदिया, धनमती देवी, मालती देवी सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे।

# दिगवार में मामूली विवाद के बाद दो समुदाय में जमकर मारपीट

## पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा, माहौल शांत

आधे दर्जन लोग घायल
चार गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** क्षेत्र का दिगवार चौक पर सोमवार की सुबह करीब 10 बजे मामूली विवाद को लेकर दो समुदाय के बीच जमकर मारपीट और एक पक्ष के आवास पर हुए पथराव की घटना से तनावपूर्ण माहौल बन गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभालते हुए माहौल को शांत करा दिया। घटना में दोनों समुदाय के करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं, गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार कुशवाहा, प्रीतम कुमार, मो आसिफ और इंजमामुल हक को इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, पुलिस प्रशासन मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। साथ ही, चौक चौराहा और घरों में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगालते हुए मुख्य साजिशकर्ता की तलाश में जुटी है। घटना के बाद भारी पुलिस बल की तैनाती से दिगवार चौक समेत आसपास के क्षेत्र छावनी में तब्दील हो गया है। वहीं, वज्रवाहन, आंसू गैस समेत अतिरिक्त बल शामिल है। इधर, क्षेत्र में पुलिस अधिकारी बीच बीच सायरन के साथ गश्ती कर रहे है।

**पुलिस - प्रशासन ने संभाला मोर्चा, फिलहाल दिगवार में अमन शांति बहाल :** मामूली विवाद मे हुए मारपीट की सूचना के बाद एसडीएम अनुराग तिवारी घटनास्थल पहुंचे। जहां एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद और कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह से घटना संबंधित जानकारी ली। इधर, भारी पुलिस बल की तैनाती से दिगवार छावनी में तब्दील हो गया है। फिलहाल दिगवार में अमन शांति बहाल है। मौके पर सीओ तृप्ति विजया कुजूर, सीआइ रामरतन पांडेय, दंडाधिकारी सह पंचायती राज पदाधिकारी अर्जुन महली, मांडू इंस्पेक्टर रजत कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, आशीष गौतम, रौशन कुमार, मनीष सिंह अभिनव कुमार, अख्तर अली, रवि शर्मा, दीपक रजक, राजेश कुमार, निशहत अहमद समेत भारी संख्या पुलिस बल तैनात है। मारपीट की घटना में प्रीतम कुमार, आनंद कुमार, सुबोध कुमार, विनोद कुमार कुशवाहा, दिनेश महतो, बालकरण कुमार, मैमून निशा पति सईद अंसारी, मो इंजामुल, मो आसिफ, मो तौसीफ, मो वशीर, मो आबिद घायल है। सभी इलाजरत है।

### क्या है मामला

जानकारी के मुताबिक, गत 30 अगस्त की शाम दिगवार निवासी बुल्लू महतो साइकिल से दिगवार चौक जा रहा था। इसी बीच बुल्लू अनियंत्रित होकर वशीर अंसारी की खड़ी कार के सामने जा गिरा। वहीं, बुल्लू महतो और उसका गोतिया नरेश महतो व वशीर अंसारी के पुत्र के बीच बहस हो गयी। बाद में मारपीट में तब्दील हो गया। वहीं, उभरे विवाद के मामले पर एक सितंबर को दिगवार पंचायत सचिवालय में बैठक होना तय किया गया था। लेकिन बैठक नहीं होने पर दो समुदाय में अचानक मारपीट हो गयी। वहीं, लाठी, डंडे और घर पर पथराव की घटना से दोनों समुदाय के दर्जन भर लोग घायल हो गये।

## मेगा हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी द्वारा निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप शिविर और दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन मरार पंचायत भवन में किया गया। जिसकी शुरूआत निःशुल्क सेवा देने वाले चिकित्सक डॉ राहुल बरेलिया, डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ विकाश कुमार, डॉ नित्ती बरेलिया और डॉ निधि बजाज ने स्युंक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित कर किया। मौके पर सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मरार पंचायत के मुखिया शंकर मिश्रा ने सभी चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ दे कर स्वागत किया। क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी और सचिव रोहित कुमार पंसारी ने बताया कि समय पर जांच और उचित उपचार ही स्वस्थ जीवन की पूंजी है। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन हरीश चौधरी और अनिता राजगढ़िया ने भी कहा कि रोटरी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। वहीं दिनेश मुरारका और अजीत कुमार ने क्लब को निःशुल्क दवा स्पॉन्सर किया। शिविर में रोटेरियन सुमन चौधरी, उमेश राजगढ़िया, निधि चौधरी, प्रकाश अग्रवाल, रूपेश गुप्ता, पंकज जैन, विकास अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, अजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, भरत गोयल, किशन बंसल एवं विशाल अग्रवाल मौजूद थे।

# फसल बीमा में चतरा जिला को मिला झारखंड में दूसरा स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2025 के अंतर्गत चतरा जिले ने ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। जिले का लक्ष्य 40,656 किसानों के पंजीकरण का था, लेकिन किसानों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक टीमों की निरंतर पहल से यह संख्या बढ़कर 65,715 तक पहुंच गयी। लक्ष्य से 25,059 अधिक किसानों का नामांकन होना यह दर्शाता है कि अब किसान न केवल जोखिम प्रबंधन को लेकर सजग हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी मजबूत कदम उठा रहे हैं। इस अद्वितीय उपलब्धि ने चतरा जिले को पूरे राज्य में विशेष पहचान दिलाई है। साहिबगंज के बाद चतरा लगभग 127.48 प्रतिशत कवरेज के साथ झारखंड में दूसरे स्थान पर रहा। यह सफलता न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है बल्कि प्रशासनिक प्रतिबद्धता और किसानों की जागरूकता का प्रत्यक्ष प्रमाण भी है। इस सफलता के पीछे किसानों की जागरूकता और प्रशासन की अथक कोशिशें रही हैं। जिला प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाये गये, शिविर, पंचायत स्तर तक बैठकों और प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों को योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। परिणामस्वरूप किसानों ने इसे अपनी सुरक्षा के कवच के रूप में स्वीकार किया और बड़े पैमाने पर जुड़ाव दर्ज कराया।

उपायुक्त कीर्तिश्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा चतरा के किसानों ने जिस सक्रियता और विश्वास के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भागीदारी की है, वह वाकई सराहनीय है। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले समय में जिले का हर पात्र किसान इस योजना से लाभान्वित हो। प्रशासन की ओर से किसानों को जागरूक करने और अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## रामगढ़ एसडीओ ने संभाला डीटीओ का अतिरिक्त प्रभार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। सोमवार को डीटीओ ऑफिस पहुंचे और अतिरिक्त प्रभार लिया। उन्होंने डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर अतिरिक्त प्रभार लिया है। जानकारी के अनुसार जिला परिवहन पदाधिकारी रही मनीषा वत्स की सेवा वापसी का निर्देश राज्य सरकार के स्तर से निकाला गया था। इसके बाद से ही जिला परिवहन कार्यालय में कार्यों का निष्पादन ठप हो गया था। आम नागरिकों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही थी। डीसी ने इन सभी परेशानियों को दूर करने के लिए एसडीओ को डीटीओ का अतिरिक्त प्रभार संभाला है।

## इतिहास विभाग ने मनाया शिक्षक दिवस



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में इतिहास विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वागत गान अंजली, लक्ष्मी, खुशी अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। रामगढ़ कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर रत्ना पांडे ने इस अवसर पर कहा की शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ एक अच्छा नागरिक बनने हेतु प्रेरित करते हैं, विद्यार्थियों को अपने गुरुओं का हमेशा सम्मान करना चाहिए। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ कामना राय ने कहा की शिक्षक विद्यार्थियों को उसके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहते हैं। विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हमेशा ध्यान में रखें। मौके पर निशा कुमारी, प्रीतम प्रजापति, अशोक बेसरा, दशरथ कुमार, रविदास आदि मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने किया आक्रोश प्रदर्शन, जमकर की नारेबाजी

बिहार चुनाव में होगी करारी हार, बौखलाहट में दे रहे है अनाप शनाप बयान: शीतल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को अपशब्द कहे जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष शीतल सिंह के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष शीतल सिंह ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत माता के लिए अपशब्द कहने पर विपक्षी दलों को आड़े हाथ लिया और कहा कि यह पूज्यनीय माता के लिए नीच मानसिकता को दर्शाता है। बिहार चुनाव में अपनी हार को तेजस्वी और राहुल गांधी ने स्वीकार कर लिया है और हताशा में अपनी मानसिक संतुलन खो दिया है। दिवंगत माता के प्रति अपमानजनक शब्द बोलने को लेकर दोनों को खूब खरी खोटी सुनाई आक्रोश प्रदर्शन अनुमंडल कार्यालय के समीप से होते हुए बिजौलिया चौक पहुंचा और सभा में तब्दील हो गया। सभा को जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह, जिला मंत्री लक्ष्मी देवी, किरण देवी ने भी संबोधित किया।

**कौन कौन थे उपस्थित**

कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, सुरजीत सिंह छाबड़ा, नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज सिंह, ऋषिकेश सिंह, ब्रजेश पाठक, सत्यजीत सिंह, राबिन गुप्ता, राजेश ठाकुर, अरविंद सिंह, मोर्चा जिला पदाधिकारी अमित सोनी, रूपा देवी खुशबू देवी, विजयलक्ष्मी देवी, रीति श्रीवास्तव, अनिता गुप्ता, अलका पाठक, मंजू देवी, मंजू यादव, मीना देवी, विमला जैसल, कविता देवी, संजू देवी, सुजाता देवी, प्रमोद यादव, मनोज कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## श्री दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की हुई पूजा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री दसलक्षण महापर्व के पांचवें दिन सोमवार को उत्तम सत्य धर्म की पूजा शहर के रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर और रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में अत्यंत भक्ति भाव से पूर्ण हुई। प्रातः काल से दोनों जिनालयो में पहुंचकर सभी जैन धर्मावलम्बियों ने पंडित निवेश शास्त्री और भजन गायक निलेश जैन के सानिध्य में जैनेंद्र भगवान के प्रति अपनी भक्ति निवेदित की। उत्तम सत्य धर्म के उपलक्ष में रामगढ़ जिनालय में प्रथम जलाभिषेक का सौभाग्य शांतिलाल जैन, श्रवण सेठी परिवार, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार, महावीर प्रसाद, विकाश गंगवाल परिवार, महावीर जैन, नरेंद्र छाबड़ा परिवार, अरुणा जैन परिवार और हरक चंद जैन, विवेक अजमेरा परिवार को मिला। वहीं, शांति धारा का सौभाग्य हरकचंद जैन, विवेक अजमेरा परिवार और इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार को मिला। इसके अलावा रांची रोड जिनालय में प्रथम जलाभिषेक का सौभाग्य विनोद सेठी परिवार और शांति धारा का सौभाग्य हीरालाल जैन, राजेंद्र पाटनी परिवार को मिला। मौके पर जैन समाज के उपाध्यक्ष राजू पाटनी और सह सचिव विकास रापरिया ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि दूसरों के मन को संताप उत्पन्न करने वाले निष्ठूर कर्कश और कठोर वचनों का त्याग कर सबसे हितकारी और प्रियवचन बोलना सत्य धर्म है। साथ ही सत्य का अर्थ केवल सत्य बोलना ही नहीं वरन सत्य मानना और समझना भी है। आगे के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विकास रापरिया ने बताया कि श्री दशलक्षण महापर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा होगी। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## राधा गोविंद यूनिवर्सिटी और मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल में खुशी क्लास का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आज सपने देख रही जो आंखें, खुशी उनमें साहस भरता है। टेंशन-गम को दूर भगाएं, खुशी क्लास से आस जगता है। खुशी क्लास के भावों से, जिंदगी जीने का वरदान मिला है। हंसी-मुस्कान के सूत्र है, टेंसन से लड़ने का प्रमाण मिला है। इसी उद्घोष के साथ राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में 522वां और मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल 523वां खुशी क्लास का आयोजन सोमवार को हुआ। राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में खुशी क्लास का संचालन डॉ रंजना पांडे और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने किया। इसके पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अंजू तिवारी, प्रो अमरेश पांडे की उपस्थिति में अतिथियों को बुके और मोंमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मणिपाल इंटरनेशनल में अध्यक्षता डायरेक्टर गया प्रशाद राय व संचालन शिक्षिका अभ्याश्री ने किया। कुलसचिव डॉ निर्मल ने खुशी की ताकत को स्थापित करता एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। कहा कि सही मायने में खुशी के साथ ही मंजिल पायी जा सकती है। तनाव में हम मंजिल पा भी लियें तो हम उसका सार्थक उपयोग नहीं कर पायेंगे। डॉ संजय प्रशाद सिंह ने नो, इंड व फेल जैसे नकारात्मक शब्दों का सकारात्मक पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि प्रयास कभी मरता नहीं। हमेशा अगले सम्भावनाएं के द्वार खुले होते है। और फेल तो कोई होता ही नहीं। फेल का मतलब होता है फिर से प्रयास। खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा, खुश रहकर ही हम तनाव से लड़ सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से आते हैं। हम जो प्रतिदिन करते हैं, उसका सिर्फ नजरिया बदलिए; जिंदगी जीने का अंदाज बदल जायेगा। तनाव में आकर आत्महत्या के बारे में सोचना भी महापाप है। खुद में सकारात्मक भाव जगायें, तनाव स्वतः भाग जायेगा।

## पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाड़ी हिंदी के छात्र कृष्णा कुमार ने पेंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। पूरे रात में प्रथम स्थान प्राप्त कर उसने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताया गया कि कृष्णा पांचवी क्लास में पढ़ाई करता है। पढ़ाई में मेधावी होने के साथ-साथ वह पेंटिंग भी बहुत अच्छा बनाता है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बिरसाय राम बेदिया ने शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर रॉकी कुमार, कैलाश महतो, सुकदेव हांसदा, मोहम्मद सलाम अंसारी, राजेश्वर प्रसाद कुशवाहा, पंकज कुमार, हीरालाल प्रसाद, दिनेश कुमार दांगी, शिवानंद महतो, जीतराम बेदिया, मुखलाल राम करमाली, कुमारी सावित्री, शिवकुमार महतो, अविनाश कुमार रजवार, दीपक नायक, राजदेव महतो, सागर महतो, शिव कुमार महतो उपस्थित थे।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. ST-SBP-TENDER-2025-24, दिनांक : 25.08.2025

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल के स्टेशन छोर गूमटीज़ पर श्रेणी- 'A' सर्ज सुरक्षा का प्रावधान।

**निविदा मूल्य (₹) :** 1,71,36,000.74, EMD (₹) : 2,35,700.00

**निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 22.09.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार), सम्बलपुर
PR-542/Q/25-26

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2025/08/3, दिनांक : 28.08.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3:00 बजे से पहले** ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा **अपराह्न 3:30 बजे** खोली जाएगी। **निविदा संख्या: ई-केजीपीडब्ल्यू-डीईएन-09-2025। कार्य का विवरण:** एडीईएन/डब्ल्यूएसपी/खड़गपुर वर्कशॉप के अधिकार क्षेत्र के अधीन खड़गपुर वर्कशॉप में कोचिंग स्टॉक के रखरखाव के लिए विद्युतीय शॉप की ढांचागत सुविधाओं की वृद्धि एवं क्रमोन्नयन। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,88,54,339.36। **बयाना राशि:** ₹ 4,44,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **खुलने की तारीख:** 09.10.2025। **बोली शुरू होने की तारीख:** 25.09.2025 से 09.10.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं।
(PR-577)

# राइट ट्रैक पर रिश्ते

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं, तो यह बेवजह नहीं था। इस सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है, बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच ग्लोबल इकॉनमी के लिए भी नयी संभावनाएं पैदा की हैं।

**अहम मुलाकात :** 2020 में हुई गलवान घाटी की झड़प के बाद यह पीएम मोदी का पहला चीन दौरा है। जाहिर है, दोनों देशों के रिश्तों के मद्देनजर यह सवाल महत्वपूर्ण था कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति कितनी दूर तक जाती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं से जो असामान्य हालात पैदा हुए हैं, उसने दोनों नेताओं की बातचीत की अहमियत को और बढ़ा दिया।

**सामरिक स्वायत्तता :** ऐसे माहौल में हुई मोदी और शी की इस बातचीत ने कई स्तरों पर पॉजिटिव संकेत दिये हैं। खासकर पीएम मोदी का यह कहना अर्थपूर्ण है कि भारत और चीन दोनों ही देश सामरिक स्वायत्तता रखते हैं और इनके आपसी रिश्तों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ध्यान रहे, ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, उसके लिए एक तीसरे देश रूस के साथ भारत के रिश्तों को ही आधार बनाया गया है। इस बयान के जरिए पीएम नरेंद्र मोदी ने यह परोक्ष संकेत दिया है कि सामरिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए ही द्विपक्षीय रिश्ते फल-फूल सकते हैं।

**यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे।**

**क्रमिक सुधार :** इन सबके बावजूद यह मानना गलत होगा कि अमेरिका से टैरिफ के सवाल पर तनाव बढ़ने के कारण भारत और चीन करीब आ रहे हैं। सच यही है कि गलवान झड़प के रूप में आयी एक बड़ी अड़चन के बाद भी दोनों देशों ने बातचीत के जरिए गलतफहमियां और मतभेद दूर करने की कोशिश नहीं छोड़ी। इस निरंतर प्रयास का ही नतीजा है कि धीरे-धीरे मतभेद कम होते रहे और पिछले साल सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के डिसइंगेजमेंट को लेकर भी सहमति बन गयी। रविवार की बैठक में दोनों नेताओं ने इस पर संतोष जाहिर किया कि पिछले साल कजान में हुई शिखर बैठक के बाद से रिश्तों में लगातार सुधार जारी रहा।


**हाथी और ड्रैगन का नृत्य :** यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे। इसका अंदाजा दोनों पक्षों को है, तभी बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि मतभेद झगड़े में तब्दील नहीं होने चाहिए।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच यह साफ हो गया है कि व्यापार और तकनीकी साझेदारी को किसी एक देश पर निर्भर नहीं छोड़ा जा सकता। यही कारण है कि भारत ने जापान, चीन और रूस के साथ संवाद और सहयोग बढ़ाने का रास्ता चुना है। इसे विदेश नीति विशेषज्ञ भारत की बड़ी रणनीति मान रहे हैं, जिसके तहत भारत अपने साझेदारों का दायरा बढ़ा कर जोखिम को कम करने में कामयाब होगा।**

# एशिया में भरोसे का विस्तार कैसे बदलेगा दुनिया का समीकरण

**अमित शर्मा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान और चीन यात्रा वैश्विक कूटनीतिक के परिदृश्य में एक निर्णायक पड़ाव साबित होने जा रही है। जापान में अभूतपूर्व निवेश वादों और चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भागीदारी से यह साफ है कि भारत अब वैश्विक राजनीति में अपनी स्थिति को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। खास कर उस समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी तक के टैरिफ थोप दिये हैं, यह यात्रा भारत की स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी यानी रणनीतिक स्वायत्तता की नीति का ठोस प्रदर्शन प्रतीत होती है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि दबाव की राजनीति के दौर में वह किसी एक ध्रुव पर टिकने वाला देश नहीं है, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व में अपनी स्वतंत्र पहचान रखता है। पीएम मोदी की यह यात्रा एशिया में भरोसे का विस्तार है, जिससे दुनिया के समीकरण बदल सकते हैं।

**पूंजी, तकनीक और साझेदारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र के दौरे का पहला पड़ाव जापान रहा, जहां 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतिहास का सबसे बड़ा निवेश पैकेज घोषित हुआ। जापान ने अगले दस वर्षों में 10 ट्रिलियन येन (लगभग 68 अरब डॉलर) भारत में निवेश करने का वादा किया। यह घोषणा उस समय आयी है जब वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अस्थिर है और कई पश्चिमी निवेशक सतर्क रुख अपनाये हुए हैं। ऐसे माहौल में जापान का भरोसा भारत के लिए केवल पूंजी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक विश्वास का प्रतीक भी है।

**पीएम मोदी की यह जापान और चीन यात्रा बताती है कि भारत अब केवल साझेदारियों का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि स्वयं एक ध्रुव के रूप में उभर रहा है।**

जापान ने निवेश के अलावा सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग का प्रस्ताव भी रखा है। यह ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा दोनों टिकी हुई हैं। भारत के लिए यह साझेदारी न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, बल्कि सप्लाई चेन के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी स्थिति को भी चुनौती दे सकती है।

इस यात्रा के दौरान जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा आर्थिक और सुरक्षा दृष्टिपत्र भी जारी किया, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने का वादा किया गया। जापान ने भारत के साथ मानव संसाधन सहयोग को भी प्राथमिकता दी है और आने वाले पांच वर्षों में पांच लाख भारतीयों और जापानियों के बीच शैक्षणिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आदान-प्रदान का लक्ष्य रखा है। यह केवल सरकारी समझौते तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों समाजों को जोड़ने की कोशिश है, जो दीर्घकाल में रणनीतिक रिश्तों की सबसे मजबूत नींव साबित होगी।

**भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण**

प्रधानमंत्री मोदी का दूसरा पड़ाव चीन का तियानजिन है, जहां वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह उनकी सात साल बाद चीन यात्रा होगी। भारत और चीन के बीच पिछले वर्षों में सीमा विवाद और तनावपूर्ण संबंधों के चलते संवाद लगभग ठप पड़ गया था। ऐसे में पीएम मोदी की यह यात्रा संबंधों में एक नए अध्याय की ओर संकेत करती है।

एससीओ शिखर सम्मेलन को चीन और रूस ने पश्चिमी देशों के प्रभाव को संतुलित करने के मंच के रूप में प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद रहेंगे। बीस से अधिक राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी ने इसे एक बड़ा कूटनीतिक आयोजन बना दिया है। भारत की मौजूदगी ने इस मंच को अतिरिक्त महत्व दिया है क्योंकि एशिया की राजनीति भारत के बिना अधूरी है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि रउड मंच पर अक्सर नतीजे प्रतीकात्मक ही रहते हैं, फिर भी भारत की उपस्थिति का संदेश साफ है कि वह केवल पश्चिमी ढांचे का हिस्सा बन कर नहीं चलेगा, बल्कि पूर्वी ध्रुवों के साथ भी संबंध मजबूत रखेगा। खास कर तब, जब अमेरिका-भारत व्यापारिक संबंधों में तनाव है, यह कदम भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का ठोस उदाहरण है।

**ट्रंप की मनमानी के बीच वैश्विक शक्ति संतुलन की नींव**

पीएम मोदी की इस यात्रा के पीछे एक बड़ा संदर्भ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने फैसले भी हैं। अगस्त 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। ट्रंप के इस मनमाने कदम के बाद जापान जैसे सहयोगियों से निवेश और तकनीकी साझेदारी भारत के लिए एक रणनीतिक विकल्प के रूप में सामने आयी है।

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच यह साफ हो गया है कि व्यापार और तकनीकी साझेदारी को किसी एक देश पर निर्भर नहीं छोड़ा जा सकता। यही कारण है कि भारत ने जापान, चीन और रूस के साथ संवाद और सहयोग बढ़ाने का रास्ता चुना है। इसे विदेश नीति विशेषज्ञ भारत की बड़ी रणनीति मान रहे हैं, जिसके तहत भारत अपने साझेदारों का दायरा बढ़ा कर जोखिम को कम करने में कामयाब होगा।

**रणनीतिक स्वायत्तता : भारत की नयी विदेश नीति का स्वरूप**

पीएम मोदी की इस यात्रा ने भारत की विदेश नीति को नये तरीके से परिभाषित किया है। विशेषज्ञ इसे गुटनिरपेक्षता 2.0 के तौर पर देखते हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत किसी एक शक्ति-गुट का हिस्सा बनने के बजाय अपने हितों और प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध बनायेगा। भारत के लिए जापान के साथ तकनीकी सहयोग उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीन के साथ सीमा स्थिरता बनाये रखना। इसी तरह रूस के साथ ऊर्जा सहयोग पर निर्भरता भी वक्त की जरूरत है। इस संतुलन को साधना आसान नहीं है, लेकिन यही रणनीतिक स्वायत्तता की असली कसौटी है।

**भविष्य की राह : चुनौतियां और संभावनाएं**

आने वाले वर्षों में जापान के 10 ट्रिलियन येन निवेश से भारत में नये सेमीकंडक्टर कारखाने, तकनीकी पार्क और औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे। इसी तरह चीन के साथ भारत का सहयोग भी दूरगामी परिणामों की आधारशिला साबित हो सकता है। हालांकि सीमा विवाद और भू-राजनीतिक अविश्वास ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता फिर भी व्यापार और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग का रास्ता दोनों देशों के लिए व्यावहारिक विकल्प है। क्वाड जैसे मंचों का भविष्य भी इस संदर्भ में अहम है। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण रिश्तों के बावजूद क्वाड एक मजबूत संरचना के रूप में उभर सकता है। जापान और भारत की नजदीकी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है, लेकिन इसके लिए चारों देशों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति और दीर्घकालिक रणनीति आवश्यक होगी।

**शक्ति संतुलन का निर्णायक सूत्रधार बना भारत**

पीएम मोदी की यह जापान और चीन यात्रा बताती है कि भारत अब केवल साझेदारियों का हिस्सा भर नहीं है, बल्कि स्वयं एक ध्रुव के रूप में उभर रहा है। जापान के साथ तकनीकी और निवेश सहयोग, चीन में रउड मंच पर वापसी और अमेरिका से बढ़ते तनावों के बीच नयी राह तलाशना ये सभी घटनाएं मिलकर भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की कहानी कहती हैं। यह दौरा इस बात का संकेत है कि भारत अब प्रतिक्रियात्मक कूटनीति नहीं, बल्कि सक्रिय और पहल करने वाली कूटनीति का प्रयोग करने में विश्वास रखता है। बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत केवल एक दर्शक नहीं रहेगा, बल्कि अपनी भूमिका इस तरह गढ़ने जा रहा है कि आने वाले वर्षों में वह एशिया और विश्व राजनीति दोनों को नयी दिशा देने में सक्षम हो।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। वर्तमान में वे प्रसार भारती न्यूज सर्विस के साथ जुड़े हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### डीसीएलआर ने बेटे का जन्मदिन सबर गांव के बच्चों के साथ मनाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** डीसीएलआर सचिदानंद महतो ने अपने पुत्र दुर्जय का 11वां जन्मदिन पटमदा प्रखंड के बांतोड़िया गांव स्थित सबर टोला में हर्ष उल्लास के साथ मनाया। मौके पर महिलाओं के बीच वस्त्र और बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया। वही सबर परिवारों की दयनीय स्थिति देखकर दुर्जय ने अपने पिता से पूछा पापा ये लोग ऐसे मकानों में ही रहते हैं। इस पर सचिदानंद महतो ने समझाया यह विलुप्तप्राय आदिम जनजाति समुदाय है, जिन्हें सरकार बिरसा आवास, पेंशन और राशन व अन्य योजनाओं से जोड़ती है। लेकिन बच्चों की पढ़ाई पर पर्याप्त ध्यान न देने के कारण वे पीछे रह गये। हालांकि अब उनमें जागरूकता आ रही है।इस अवसर पर दुर्जय ने सबर बच्चों के साथ केक काटा और सभी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सचिदानंद महतो ने बताया गांवों में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने का उद्देश्य शहर के बच्चों को ग्रामीण जीवन और उनके संघर्ष से परिचित कराना था। ताकि उनमें समाज सेवा की भावना विकसित हो सके।गौरतलब है पटमदा प्रखंड में बीडीओ रहने के दौरान सचिदानंद महतो के कार्य की चर्चा आज भी गांवों के लोग करते है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती भव्य रूप में मनाने का निर्णय



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष और देश के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती सह स्वजातीय पारिवारिक मिलन समारोह की तैयारियों को लेकर टेल्को कॉलोनी स्थित धीरेन्द्र कुमार के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक चंद्रमोहन चौधरी ने की।मौके पर निर्णय लिया गया आगामी 16 नवंबर को सिदगोड़ा टाउन हॉल में जयंती समारोह समिति के बैनर तले किया जायेगा। इसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामाश्रय प्रसाद ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया इस अवसर को और व्यापक बनाने के लिए झारखंड भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र प्रसाद की अगुवाई में एक टीम से वार्ता कर सामूहिक निर्णय लिया जाये। बैठक में चंद्रमोहन चौधरी, जीतेन्द्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, भूपाल कुमार मुना, धर्मवीर सिंह, धर्मनाथ सिंह, राकेश रौशन, संजीव सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, शैलेश कुमार, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, नितेश कुमार, लक्ष्मीकांत प्रसाद, राजकुमार विजय सिंह, प्रवीण कुमार, रितेश कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय का पोटका विधायक संजीव सरदार ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के कोवाली स्थित निमार्णाधीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का विधायक संजीव सरदार ने औचक निरीक्षण किया। सोमवार को निरीक्षण के दौरन विधायक ने छात्रावास, रसोईघर, डाइनिंग एरिया,वार्डन क्वार्टर समेत सभी भवनों की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर अधिकारियों को कार्य एक माह तक पूरा करने का निर्देश दिया। ताकि जल्द पढ़ाई शुरू हो सके। विधायक श्री सरदार ने कहा यह विद्यालय क्षेत्र में युवाओं के लिए शिक्षा का नया केंद्र बनेगा। पढ़ाई शुरू होने से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और पलायन भी रुकेगा। उन्होंने निर्माण एजेंसी को चेतावनी दी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मौके पर अजीत प्रधान, प्रलाद गौड़ समेत झामुमो कार्यकर्ता और निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।

### परसुडीह में बंद घर से नगद और सामान की चोरी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** परसुडीह थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में बीती रात चोरों ने एक बंद घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान टोला निवासी विनोद दास के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने टीवी, होम थिएटर, अलमारी में रखे 10 हजार नगद समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गया। सोमवार सुबह विनोद दास टेल्को से परिवार संग घर लौटने पर दरवाजा टूटा पाया और सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर परसुडीह पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### कुड़मी सेना अध्यक्ष पर मारपीट और धमकी का आरोप

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** कुड़मी सेना के अध्यक्ष लालटू महतो और उनके सहयोगियों पर मारपीट व धमकी देने का एक मामला प्रकास में आया है। सोमवार को दिंदली बस्ती निवासी तरुण दास ने आदित्यपुर थाना में लिखित शिकायत की। शिकायत के अनुसार रविवार रात फुटबॉल मैदान के पास पंडाल निर्माण स्थल पर पुराने विवाद को लेकर लालटू महतो से कहासुनी हुई। इसी दौरान उनके अंगरक्षक और सहयोगियों ने तरुण दास पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में लालटू महतो, छोटू महतो, रितेन महतो, बोस्ता मंडल और अंगरक्षक के नाम दर्ज हैं। तरुण दास ने पुलिस से निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा न्याय नहीं मिलने पर जिले के एसपी से मिलकर गुहार लगायेंगे।

### बागबेड़ा वायरलेस मैदान का नामकरण शिबू सोरेन के नाम पर करने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जिले के डीसी कर्ण सत्यार्थी से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकात के दौरान उन्होंने बागबेड़ा वायरलेस मैदान का नाम दिशोम गुरु शिबू सोरेन पार्क करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया मैदान का नामकरण पहले ही शिबू सोरेन के नाम पर प्रस्तावित और पारित हो चुका है। लेकिन बीती रात भाजपा से जुड़े कुछ लोगों ने अंधेरे में मैदान के मुख्य द्वार पर किसी अन्य महापुरुष का नाम लिख दिया। झामुमो नेताओं का आरोप है यह कदम क्षेत्र की शांति भंग करने और विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की नीयत से उठाया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया रेलवे की जमीन पर बने इस मैदान को कुछ लोग निजी व्यवसाय और धन उगाही का साधन बनाना चाहते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने झामुमो नेताओं को आश्वस्त किया उनकी बात और आवेदन सरकार तक अग्रसारित किये जायेंगे उर मांगों को गंभीरता से रखा जायेगा। मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, वरिष्ठ नेता सुनील महतो, महावीर मुर्मू, बहादुर किस्कू सहित कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिजली विभाग पर आदिवासियों का गुस्सा, कार्यालय में तालाबंदी



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** बिजली विभाग के खिलाफ आदिवासियों का गुस्सा फूटा पड़ा। सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं ने कार्यालय के गेट पर तालाबंदी कर सड़क पर धरने में बैठ गए। ग्रामीणों का आरोप है विभाग ने उन पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया था और आश्वासन दिया था आधार कार्ड देने पर उन्हें बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। ग्रामीणों ने विभाग के कुछ कर्मचारियों पर साजिश का आरोप लगाते हुए सोची समझी साजिश के तहत आदिवासी बहुल क्षेत्र को परेशान करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी अगर जल्द ही कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया गया और दर्ज मुकदमों को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने स्थिति को शांत करने के लिए ग्रामीणों से आग्रह किया।हालांकि बातचीत के दौरान देर शाम तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिये।

### आदित्यपुर पीएचसी में डॉक्टरों की कमी, बीते दिनों गर्भवती ने गेट पर दी बच्चे को जन्म



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी गंभीर समस्या बनी हुई है। हाल ही में डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण एक गर्भवती महिला ने अस्पताल के गेट पर ही बेटी को जन्म दे दी। इस घटना ने स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही को उजागर कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. लक्ष्मी कुमारी को गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बना दिया गया। जिसके कारण वे आदित्यपुर पीएचसी में मौजूद नहीं रहतीं। अनुबंधित चिकित्सक डॉ. श्वेता अग्रवाल अकेले एक दिन में 200 से अधिक मरीजों का इलाज कर रही हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सिविल सर्जन से अतिरिक्त चिकित्सक के नियुक्ति की मांग की है। लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है पीएचसी में डॉक्टरों की तैनाती और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है।

# देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च हॉस्पिटल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल में 29 अगस्त से 31 अगस्त के बीच राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया। इस बार आयोजन का स्लोगन था - 'हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान'।

इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में बी.एच.एम.एस. के सभी वर्ष के छात्रों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) केशवेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें खेलों के महत्व को समझाने और युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का अवसर प्रदान करता है।11

# डंडई पुलिस ने हथियार संग दो अपराधी दबोचे

**चोरी की गयी 6 बकरियां भी की बरामद**



आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई थाना क्षेत्र के तसरार मोड़ से हथियारबंद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर सोमवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने बताया कि गुप्त रुप से सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति एक मोटरसाईकिल में अवैध हथियार लेकर जरही तसरार, तरफ घुम रहा है जो अपराधिक घटना अंजाम दे सकता है। गुप्त सुचना के संबंध में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तसरार मोड़ के पास पकड़ लिया गया। नाम पता पुछने पर वे लोग अपना नाम रंजीत कुमार पासवान पिता स्व० जवाहीर पासवान तथा गौहर अली पिता मोहम्मद वाजुद्दीन अंसारी बताया गया। दोनों व्यक्ति का तलाशी लेने पर एक अवैध देशी पीस्टल बरामद किया गया। जिसके बाद एक अवैध देशी पिस्टल, बिना नंबर प्लेट का एक पैशन प्रो मोटरसाईकिल एवं मोबाईल जब्त कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।

पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने रारो, जरही, झोंतर गांव में स्थित दुकानों में चोरी की घटना का अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्य होने की बात स्वीकारा और बताया की एक अन्य अपराधी के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावे रंजीत कुमार के द्वारा डंडई थाना क्षेत्र में कई जगह से बकरी चोरी करने की बात भी स्वीकार किया गया है। जिसके निशानदेही पर 6 चोरी किया गया बकरी को बरामद किया गया है। प्रभारी ने बताया की गठित टीम में पुलिस अवर निरीक्षक श्रीकांत कुमार, मुनेश्वर राम सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।

# कोयल नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के पिपरा पंचायत अंतर्गत ग्राम लापो घाट पर कोयल नदी के किनारे स्थानीय ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा। देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गयी और मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गये।

**ग्रामीणों ने बताया :** सुबह-सुबह जब लोग नित्यक्रम व अन्य कार्यों के लिए नदी किनारे पहुंचे,तो उन्होंने देखा कि एक शव नदी में किनारे से अटका हुआ पड़ा है, पहले तो किसी को विश्वास नहीं हुआ, लेकिन पास जाकर देखने पर सबकी आंखें फटी की फटी रह गईं।

**आखिर ये शव किसका है :** शव किसका है, इसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है, मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है, शव मिलने की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई,सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। **यह मौत है या साजिश :** इलाके में तरह तरह की चचाएं भी शुरू हो गयी हैं, लोग कयास लगा रहे हैं कि यह मौत दुर्घटना है या फिर किसी गहरे रहस्य का हिस्सा, वहीं ग्रामीणों में भय और आशंका का माहौल है।

**पुलिस का कहना है :** शव की पहचान कर मामले की गहराई से जांच की जायेगी, स्थानीय लोग प्रशासन से जल्द से जल्द मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना देने की मांग कर रहे हैं।

**शव ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध और चिंतित कर दिया :** लापो घाट पर मिला यह शव फिलहाल पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। हर किसी के मन में यही सवाल है यह शव किसका है। यह मौत कैसे हुई, क्या इसके पीछे कोई साजिश है, सच्चाई क्या है यह तो जांच के बाद ही सामने आयेगा, लेकिन अचानक मिले इस शव ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध और चिंतित कर दिया है।

# केसरवानी वैश्य सभा ने महर्षि कश्यप ऋषि जयंती उत्सव मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केसरवानी वैश्य सभा द्वारा गोत्राचार्य महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती बिगन देवी स्मृति भवन, सुतली पट्टी में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनायी गयी। इसकी शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण समाज के वरिष्ठ सदस्य द्वारिका प्रसाद केसरी, अध्यक्ष संतोष केसरी, महामंत्री मंटू केसरी, वरिष्ठ सदस्य विजय केसरी एवं नान्हू प्रसाद केसरी पूर्व अध्यक्ष अनिता दत तथा सभी अभिभावक गण के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभा का संचालन सुशील केसरी ने की।

पूर्व अध्यक्ष अजय केसरी ने महर्षि कश्यप के जीवन और उनकी महान शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# रंका में ड्राइवरों ने निकाली रैली




**रंका (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय ड्राइवर दिवस के अवसर पर गढ़वा जिले के ड्राइवरों ने ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन के सीईओ फैसल खान एवं ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर एसोसिएशन झारखंड के प्रभारी इरफान खान के संयुक्त नेतृत्व में सोमवार को रंका में विभिन्न मांगों को लेकर रैली निकाली। यह रैली रंका थाना मोड़ से बाजार होते हुए चेक नाका से अपना ढाबा पेट्रोल पंप तक जा कर समाप्त हुआ तथा ड्राइवर संघ रंका का कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस रैली में सैंकड़ों की संख्या में ड्राइवर शामिल थे।

# रंका में बारिश से घर गिरा, दबकर पांच बकरियों की मौत

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के ग्राम सिकठ निवासी तेजू सिंह का कच्चा घर बारिश से भरभरा कर 31 अगस्त 2025 की राशि में अचानक गिर पड़ा। जिससे घर के मलवे से दबकर घर के अंदर बंधें पांच बकरियों की मौत हो गयी, वहीं एक बकरी घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में ग्रामीण संतोष सिंह ने बताया कि तेजू सिंह काफी निहायत गरीब व्यक्ति हैं, जिनका घर परिवार का भरण-पोषण बकरी पालन से ही चलता है। घर गिरने और बकरी मरने की खबर को सुनकर पीड़ित परिवार के घर पहुंची मुखिया रिमा देवी ने उचित मुआवजा एवं आवास दिलाने का आश्वासन दिया है।

# सगमा में वज्रपात से तीन बकरियों की मौत

**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड अंतर्गत दुसैया गांव में तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना दोपहर लगभग 12 बजे की है, जब खेत में चर रही बकरियां वज्रपात की चपेट में आ गईं। मृत बकरियों में दो सरीफन भुइया, पिता राम खेलावन भुइया की थीं जबकि एक बकरा विजय भुइया, पिता लखन भुइया का था। दोनों ही अत्यंत गरीब परिवार से आते हैं और इन बकरियों पर ही उनकी आजीविका निर्भर थी। अचानक हुई इस घटना से दोनों परिवारों में गहरा शोक है। सरीफन भुइया और विजय भुइया ने बताया कि बकरी पालन ही उनका मुख्य रोजगार था, और अब इस नुकसान से वे आर्थिक संकट में आ गये हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं ताकि पीड़ित परिवारों को कुछ राहत मिल सके।

# मझिगावां में दुर्गा पूजा को लेकर विशेष बैठक



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के मुख्य बस्ती स्थित भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती के बैनर तले दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शंभूनाथ साह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें पुरानी समिति को ही पुनः पदभार सौंप दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि समय-समय पर समिति में आवश्यकतानुसार संशोधन किया जायेगा। बैठक में पूजा को लेकर कलश यात्रा, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रमों की विशेष तैयारी पर चर्चा हुई। मौके पर बुद्धिमारायण साह, अरुण मिश्रा, मुकेश चौबे, जितेंद्र चौबे, मुन्ना साह, सुनील गुप्ता, अतेंद्र गुप्ता, मेघनाथ गुप्ता, नंदू साह, विशुन साह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# मेराल थाना क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटना, लोग परेशान



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

**मेराल (आजाद सिपाही)।** विगत एक सप्ताह के अंदर थाना क्षेत्र के सोहबरिया तथा लातदाग गांव के आधा दर्जन घरों में चोरी होने से लोग भयभीत तथा परेशान हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि सोहबरिया गांव निवासी शंकर चौधरी के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। लोगों के अनुसार बांस के सहारे कर घर में घुसे तथा नगद रुपये के साथ घर में रखा जो रात को गायब कर दिया। ठीक इसी तरह से विगत शनिवार की रात्रि लातदाग गांव निवासी मनोज यादव तथा कन्हैया कुशवाहा के घर में चोरी हुई थी। मनोज यादव के घर वालों ने बताया कि वे लोग अपने परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। रात में चोरी कब हुई पता नहीं चल सका सुबह उठे तो देखा की ताला खुला हुआ है तथा घर में रखा 60 हजार नगद तथा सोना एवं चांदी के जेवरात गायब हैं। नगद रुपए एवं जेवर के साथ जमीन का कागजात वाला बक्सा भी गायब है। घटना को लेकर मनोज यादव की पत्नी द्वारा मेराल थाना में लिखित आवेदन दिया गया। इसके अलावे कन्हाई कुशवाहा के घर में भी अज्ञात चोरों ने घुसकर करीब ढाई हजार रुपए नगद तथा कुछ अन्य सामान लेकर गायब हो गये। गौरतलब हो कि इस घटना से दो दिन पूर्व लातदाग में ही अखिलेश यादव तथा मदन मोहन रजक के घर भी चोरी की घटना घटी थी। लोगों की माने तो लातदाग की घटना से कुछ दिन पूर्व भी सोहबरिया में एक ही रात दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। एक सप्ताह के अंदर करीब आधा दर्जन से अधिक घरों में हुई चोरी की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा की विषय बनी हुई है तथा लोग भयभीत एवं परेशान है। लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाया जायेगा, लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक किसी भी घटना का उद्भेदन नहीं किया जा सका है।

# कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ज्ञान निकेतन स्कूल में अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में जायन्ट्स सेवा सप्ताह 2025 में होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए बैठक आहुत की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से16 सितंबर को 11:00 बजे दिन में रंका मोड पर सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान, 17 सितंबर को उड़सुगी ग्राम के खुशमाहा टोला पर 7:00 बजे मच्छरदानी वितरण, 18 सितंबर को हिंदुस्तान सीनेटरी के पास 11:00 बजे से पौधा वितरण, 19 सितंबर को मध्य विद्यालय टंडवा में 11:00 बजे से निःशुल्क दंत जांच शिविर, 20 सितंबर को ज्ञान निकेतन स्कूल में 10:00 से अंगदान पर पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता, 21 सितंबर को 11:00 बजे से सम्मान तथा समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केशरी, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, पूर्व फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी (रूपा गंजी, जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के वर्त्तमान अध्यक्ष राकेश केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, आंतरिक उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा आदि जायन्ट्स सदस्य उपस्थित थे।

# 06 सितंबर को टाउनशिप में होगा संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का पावन पदार्पण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक एवं सदगुरु पद के उत्तराधिकारी सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का पावन पदार्पण आगामी 6 सितंबर को भवनाथपुर प्रखंड के टाउनशिप स्थित बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के मैदान में होगा। इसकी जानकारी संस्थान के जिला संयोजक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने दी। महाराज जी इस यात्रा के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक राजधानी वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में आगामी 25 व 26 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले 25000 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का संदेश और आमंत्रण देने आ रहे हैं। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक, आश्रम के विद्वानों द्वारा संगीतमय स्वर्वेद ग्रंथ के दिव्य दोहों का गायन अगवानी स्थल शिवपुजन यादव पेट्रोल पंप विशेष क्रियाएं। महाराज जी के कर कमलों द्वारा वृक्षारोपण एवं ध्वजारोहण।

# जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण छावनी टोला से पथल कुदवा तक जानेवाली सड़क जर्जर अवस्था में पड़ी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** मकरी पंचायत के छावनी टोला से पथल कुदवा तक जानेवाली सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है, कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह सड़क कभी भी पक्की नहीं हो सकी। बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ और गड्ढों में तब्दील हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज और आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होते हैं। सड़क निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मांग की गयी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अंततः ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान और आर्थिक सहयोग से सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक जनप्रतिनिधि और प्रशासन ध्यान नहीं देंगे, तब तक वे आपसी सहयोग से सड़क को चलने लायक बनाते रहेंगे।

# घर और मंदिर तोड़ने तथा जान मारने की धमकी देने के खिलाफ थाना में लगायी गुहार

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना अंतर्गत ग्राम दौनादाग निवासी सीता राम साव (उम्र -73 वर्ष) पिता स्व० रोयन साव ने घर एवं बजरंगबली मंदिर तोड़ने तथा जान मारने की धमकी देने के खिलाफ सोमवार को रंका थाना में आवेदन देकर अनुचित घटना घटने से रोकने तथा दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए सन्हा दर्ज करने की गुहार लगाई है। इनके द्वारा दिये गये आवेदन में कहा गया है कि चंदेश्वर प्रसाद पिता स्व० विश्वनाथ साव ग्राम हरहे, पोस्ट उदयपुर, थाना रमकंडा और शिवदत्त यादव पिता स्व० रामशरण यादव ग्राम होन्हेकला, पोस्ट सेवाडीह, थाना रंका द्वारा दिनांक - 01/09/2025 समय लगभग 12:00 बजे दिन में मेरे घर पर आकर वर्ष 1987 से निर्मित घर एवं 1993 में निर्मित बजरंगबली मंदिर को बाजबरदस्ती तोड़ने का धमकी दिया तथा नहीं तोड़ने पर जान से मारने का धमकी दिया है। जिससे हमलोग पूरे परिवार के लोग भयभीत हैं। चंदेश्वर प्रसाद अपराधी किस्म का व्यक्ति है, जिसका रिकॉर्ड देखा जा सकता है।

# गढ़वा में भूमि पूजन के साथ दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र की तैयारियां पूरे जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में जय मां शेरावाली संघ भागलपुर टंडवा की ओर से इस वर्ष आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों की शुरूआत भूमि पूजन के साथ की गयी। संघ के संयोजक दौलत सोनी ने कहा कि इस वर्ष पूजा पंडाल का प्रारूप श्री राम मंदिर का रहेगा। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में दस लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है। पंडाल निर्माण को लेकर बंगाल से कारीगर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल को एलईडी लाइट से आकर्षक तरीके से सजाया जायेगा। जो गढ़वा वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन और भी भव्य होगा। इस अवसर पर संघ के संयोजक दौलत सोनी, अध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष चंदन पासवान, संरक्षक संत कुमार गुरुजी, संजय चौधरी, सचिव विशाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष आंनद, सुमित, सन्नी, उज्जवल, पंडाल निर्माणकर्ता विकास, तारा दादा अन्य लोग उपस्थित थे।

# बीरबल में श्री दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर समिति गठित

**सगमा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में दिन सोमवार को बीरबल देवी धाम चौपाल के प्रांगण में 'श्री राम सेवा समिति बीरबल' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रेमचंद प्रसाद यादव को चुना गया। मनमोहन विश्वकर्मा को सचिव तथा मृगेंद्र प्रताप विश्वकर्मा और पंकज विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी। देवराज प्रजापति उपाध्यक्ष तथा कामेश्वर यादव संरक्षक बनाये गये। इसके अलावा आशिष विश्वकर्मा महामंत्री, रामचंद्र विश्वकर्मा संगठन महामंत्री तथा बजरंगी यादव को पुजारी के रूप में चुना गया।

झारखण्ड सरकार खान एवं भूतत्व विभाग,
जिला खनन कार्यालय, कोडरमा।
Email Id- dmo-koderma@jharkhandmail.gov.in
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कोडरमा जिला में अवस्थित कैटेगरी–02 के सभी 33 बालूघाटों की ई– निलामी कार्यक्रम प्रारंभ कर दी गई है, उक्त निलामी कार्य www.jharkhandtenders.gov.in द्वारा ऑनलाईन ऑक्सन के माध्यम से संपादित की जाएगी। निलामी किये जाने वाले सभी बालूघाटों की विवरणी ग्रुपवार www.koderma.nic.in अखबारों एवं जिला खनन कार्यालय,कोडरमा के नोटिस बोर्ड में लगाई गई है। उक्त निलामी कार्यक्रम में भाग लने वाले इच्छुक व्यवसायीगणों को आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करने हेतु दिनांक–02.09.2025 को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में प्री बीड–मिटिंग का आयोजन 4:00 बजे अपराह्न में किया गया है जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित है।

जिला खनन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 361018 Land Reforms(25-26)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार।

अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/Dist-Untied-21/2025-26 (1st Call)
दिनांक 01.09.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 08.09.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार।<br>2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 09.09.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 09.09.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता,<br>पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Group No | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const of RWSS in Mahuwa Tola Champa Village Champa Panchayat in Mahuwadanr Block of Latehar District under DW & S Div Latehar for 2025-26 | Gr-01 | 887026.00 | 18000.00 | 1250 | 45 Days |
| 2 | Const of RWSS in Mahuwa Niche Tola Champa Village Champa Panchayat in Mahuwadanr Block of Latehar District under DW & S Div Latehar for 2025-26 | Gr-02 | 887026.00 | 18000.00 | 1250 | 45 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार।

PR.NO.360976 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

किसान कॉल सेंटर– 18001801551
कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़
नया समाहरणालय भवन, भूतल, ब्लॉक- सी०, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ (825101)
ई०मेल- atmaramgarh@gmail.com वेबसाईट- atmaramgarh.org.in

वित्तीय वर्ष 2025–26 में देसी पाठ्यक्रम के संचालन हेतु आम सूचना

आत्मा, रामगढ़ की ओर से देसी (DAESI- Diploma in Agricultural Extension Services for Input Dealers) पाठ्यक्रम पूर्व की भाँति इस वित्तीय वर्ष 2025–26 में भी संचालित की जानी है। रामगढ़ जिले के इच्छुक एवं योग्यताधारी बीज/उर्वरक/कीटनाशी विक्रेता जो वैध अनुज्ञप्तिधारी हैं एवं जो अनुज्ञप्तिधारी नही है वो भी नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु मैनेज, हैदराबाद के वेबसाईट www.manage.gov.in एवं आत्मा, रामगढ़ के वेबसाईट www.atmaramgarh.org.in से आवेदन प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है या आत्मा कार्यालय, रामगढ़ से भी आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन आत्मा कार्यालय में हाथो–हाथ जमा कर सकते हैं या निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़, New collectorate Building Ground Floor, Block-C, Chhatarmandu, Ramgarh- 825101 को दिनांक 10.09.2025 के अपराहन 05:00 बजे तक प्राप्त कराया जा सकेगा। पाठ्यक्रम हेतु अभ्यर्थियों का चयन "पहले आओ–पहले पाओ" के आधार पर होगा। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

आवेदन के साथ निम्नलिखित स्वभिप्रमाणित कागजात संलग्न करना आवश्यक होगा:–

1. देसी (DAESI) पाठ्यक्रम का प्रपत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की छाया प्रति जिसमें जन्म तिथि अंकित हो। (मैट्रिक/दसवीं का स्वअभिप्रमाणित अंक पत्र एवं प्रमाणपत्र)
3. अनुज्ञप्ति की छाया प्रति (बीज/उर्वरक/कीटनाशी) (अनुज्ञप्तिधारी आवेदनकर्ता हेतु)
4. आधार कार्ड की छाया प्रति।
5. फोटो (02 पीस पासपोर्ट साईज)

कुल अभ्यर्थियों की संख्या 40 है, निर्धारित तिथि तक 40 से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अगले बैच में प्राथमिकता दी जा सकती है। देसी पाठ्यक्रम के लिए चयनित अनुज्ञप्तिधारी अभ्यर्थियों को एक सप्ताह के अन्दर 14,000 (चौदह हजार रू०) मात्र का एवं जो अनुज्ञप्तिधारी नहीं हैं उनको 28,000 (अठाईस हजार रू०) मात्र का Demand Draft जमा करना होगा। आवेदनकर्त्ता को Central Sector Plan Scheme के तहत 14,000/–(चौदह हजार रू०) मात्र एवं Self finance के तहत 28,000 (अठाईस हजार रू०) मात्र का Demand Draft जो Director SAMETI, Payable at Ranchi के नाम से देय होगा।

अधिक जानकारी हेतु परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़ के कार्यालय से कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है। विज्ञापन रद्द करने अथवा बदलने का पूरा अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह०/–
परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़

PR 360964 Agriculture (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# फर्नीचर फैक्ट्री में लगी आग पांच लाख की संपत्ति खाक



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुड़ू/ लोहरदगा।** कुड़ू के बाजार टांड़ स्थित जोहार फर्नीचर वर्ल्ड फैक्ट्री में रविवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री में रखी लकड़ियां, प्लाई, मशीनें और बने हुए कई फर्नीचर भी जलकर राख हो गये। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नही हुई। फैक्ट्री से धुआं निकलते देख पड़ोसियों ने इसकी सूचना संचालक मनोज प्रसाद को दी। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है। फैक्ट्री संचालक मनोज प्रसाद ने बताया कि इस हादसे में लगभग 5 लाख रुपये की संपत्ति नष्ट हो गयी।

## पातम-डाटम जलप्रपात में डूबे युवक का शव बरामद

**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड अंतर्गत पातम-डाटम प्रसिद्ध जलप्रपात में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ था। जिसमें दो युवकों की डूबने से मौत हो गयी थी। मृतकों की पहचान पलामू जिले के रजवाडीह ग्राम निवासी मनोज चंद्रवंशी का पुत्र नीतीश चंद्रवंशी (20 वर्ष) एवं इंदु राम का पुत्र शनि राम (18 वर्ष) के रूप में हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक जलप्रपात में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गये थे। शनि राम का शव आस पास के ग्रामीणों द्वारा कड़ी मेहनत कर बाहर निकाल लिया गया था। वहीं नीतीश चंद्रवंशी की तलाश पुलिस और स्थानीय गोताखोरों द्वारा की जा रही थी। घटना के 24 घंटे बाद सोमवार शाम करीब 5 बजे नीतीश का शव पानी की सतह पर आ गया जिसे ग्रामीणों ने बाहर निकाला।

# लोहरदगा में छह पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लोहरदगा द्वारा जिलादेश संख्या 1099/2025, ज्ञापांक 4269/गो, दिनांक 31 अगस्त 2025 के तहत छह पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इसके तहत अरविन्द सिंह, थाना प्रभारी भंडरा का स्थानांतरण कर पुलिस केंद्र, लोहरदगा भेजा गया है उनके जगह पर रवि रंजन कुमार, कअनि लोहरदगा थाना को भंडरा थाना प्रभारी बनाया गया है। वही गेलन रजवार, थाना प्रभारी पेशरार को स्थानांतरित कर कअनि लोहरदगा थाना पदस्थापित किया गया है। बिरेन्द्र कुमार, नोडल पदाधिकारी, न्यायाधीश प्रथम न्यायालय, लोहरदगा को पेशरार थाना प्रभारी बनाया गया है। नरेश कुमार यादव, थाना प्रभारी बगड़ू को स्थानांतरण कर नोडल पदाधिकारी, न्यायाधीश प्रथम न्यायालय, लोहरदगा बनाया गया है। दिनेश कुमार, कअनि कुडू थाना को बगडू थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने आदेश में स्पष्ट किया है कि सभी अधिकारी अपने नए पदस्थापन स्थल पर तत्काल योगदान देंगे और अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

एसपी के निर्देशानुसार रविवार को अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार ने भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह से भंडरा थाना प्रभारी का प्रभार लिया। मौके पर रवि रंजन कुमार ने कहा कि थाना में योगदान देने के बाद हमारी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना है।

## आज से सभी पीडीएस दुकानों में आयुष्मान कार्ड के लिए लगेगा कैंप



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों में 2 सितंबर 2025 से आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि जिन लाभुकों का राशन कार्ड बना हुआ है लेकिन अब तक वे आयुष्मान कार्ड से आच्छादित नहीं हुए हैं वे अपने और अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड 2 सितंबर से पीडीएस दुकानों में लगने वाले शिविर में अवश्य बनवा लें। अब आयुष्मान बनवाने के लिए कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। सभी जनवितरण प्रणाली दुकानों में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए इस शिविर का आयोजन 2 सितंबर 2025 से प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से किया जाएगा जब तक सभी राशन कार्डधारी परिवार आयुष्मान कार्ड से आच्छादित नहीं हो जाएं। अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए शिविर में आवेदन के साथ राशन कार्ड और आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न करना है। साथ ही, मूल प्रति भी लाना आवश्यक है। जिनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है वे अपना राशन कार्ड और आधार कार्ड ले जा कर कैम्प में वीएलई से संपर्क कर सकते हैं। वहां लाभुक का बायोमेट्रिक सत्यापन के पश्चात आयुष्मान कार्ड बन जायेगा। साथ ही, जो राशन कार्डधारी सितंबर माह का राशन लेने के लिए अपने जनवितरण प्रणाली की दुकान पर जाएं वे भी अपना और अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड उसी शिविर में ही बनवा लें।

## जय प्रकाश शर्मा बने आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयोजक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** देश के 19 राज्यों में ग्रामीण भारत के सुदूर कोनों और आदिवासी इलाकों के निवासियों तक स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, पोषण, आइ चेकअप वैन और टेलीमेडिसिन कार्यक्रमों से अपनी सेवा देने वाली संस्था आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयोजक नियुक्त किये गये जय प्रकाश शर्मा। देश के विभिन्न प्रांतों से आये 14 सदस्यीय केंद्रीय टीम की एक अहम बैठक जेपी शर्मा के आवास पर हुई जिसमें अखिल भारतीय संरक्षक एवं मार्गदर्शक सर्जन डॉ मुकुल भाटिया, संभाग समिति अध्यक्ष आइ सर्जन डॉ राममोहन, बैंगलोर की साउथ जोन अध्यक्ष सरिता भंसाली, जिनके कंधों पर दक्षिण भारत की जिम्मेदारी है, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजनाथ महतो, रांची की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ ऊषा रानी की बहन व महिला समिति की झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष नीलम रानी, रांची के व्यवसायी और समाजसेवी शिव शंकर साबू, मंदिरा गोगी, कॉर्डिनेटर शंकर महतो, समाज सेवी ओमप्रकाश, प्रिया उरांव, संगीता सहित अन्य उपस्थित रहे। बैठक में डॉ मुकुल भाटिया ने कहा कि वे 1978 के समय लोहरदगा क्षेत्र में यहां के लोगों को अपनी सेवा दे चुके हैं। यहां से उनकी अपनी यादें जुड़ी हुई है। जय प्रकाश शर्मा के द्वारा गरीबों और असहायों के निरंतर और निस्वार्थ सेवा भाव से किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी हमे मिली स्वास्थ्य क्षेत्र में भी वे अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं, इमर्जेंसी केयर संस्था के अंतर्गत कैंसर जांच शिविर सहित बहुत से नि:शुल्क मेडिकल कैंप, मारवाड़ी युवा मंच के माध्यम से सैकड़ों विकलांग लोगों के लिए कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण और सेवा भारती के चलाए जा रहे नि:शुल्क जांच शिविर की शुरूआत भी इनके द्वारा की गई थी जो आज भी सुचारू रूप से चलायी जा रही है। लोहरदगा क्षेत्र में भी आरोग्य फाउंडेशन की एक नयी उर्जावान कमिटी बनायी जाए और यहां के वंचित ग्रामीणों को इसका लाभ मिले।

# वाहन जांच अभियान में 45 गाड़ियों से 86.5 हजार जुर्माने की वसूली



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए शहरी क्षेत्र के कचहरी चौक, समाहरणालय चौक, शंख पिकेट समेत अन्य स्थानों पर जिला परिवहन पदाधिकारी जया शंखी मुर्मू के नेतृत्व में सोमवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, कृष्णा कुमार एवं ट्रैफिक दल बल द्वारा दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन एवं भारी वाहनों को जांच किया गया। जांच के दौरान वाहनों में प्रेशर हॉर्न, बिना हेलमेट बाइक चलाने, मोडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गयी। तत्काल वाहनों से प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर को हटाने की चेतावनी दी गयी। चेतावनी के बावजूद फिर प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करते पकड़े जाने पर वाहन को जप्त कर कारवाई करने की चेतावनी दी गयी। इस दौरान चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले चालकों को भी परिवहन विभाग के निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा गया। जिन गाड़ियों में भी प्रेशर होने का इस्तेमाल देखा गया उन गाड़ियों पर सख्त कार्रवाई की गयी तथा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत उनसे फाइन भी वसूला गया। कुल 45 गाड़ियों से 86500 का फाइन वसूली की गयी। डीटीओ जया सांखी मुर्मू ने कहा कि विभाग द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। डीटीओ ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सड़क पर चलने वाले वाहनों को नियमबद्ध करना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वैध कागजात, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# सर्वधर्म समभाव की सोच वाला होगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष : मोहन मरकाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष चुनाव निमित्त एआइसीसी पर्वेक्षक के रूप में मोहन मरकाम पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ सह पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एवं जेपीसीसी पर्यवेक्षक फुरकान अंसारी पूर्व सांसद, विधायक रामचंद्र सिंह चेरो (मनिका विधानसभा) स्थानीय सांसद सुखदेव भगत ने जिला परिषदन में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला अध्यक्ष चयन करने के संबंध में जानकारी दिया गया। इस संबंध में मोहन मरकाम ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी संगठन का ढांचा पूरे देश में कैसे मजबूत करें इसके तहत संगठन सृजन अभियान के माध्यम से झारखंड, पंजाब, उत्तराखंड, ओडिशा चार राज्यों में संगठन सृजन के तहत कार्यक्रम किया जा रहा है। बूथ स्तर से लेकर पंचायत, प्रखंड और जिला कमिटी का चुनाव पारदर्शिता पूर्ण और निष्पक्षता से हो सके। कांग्रेस की सोच के तहत सभी धर्मो को अपने साथ लेकर चल सके ऐसे जिला अध्यक्ष का चुनाव को लेकर सभी वर्गों से रॉय शुमारी किया जाना आवश्यक है। इससे कांग्रेस संगठन मजबूत होगा। स्थानीय सांसद सुखदेव भगत ने कहा सौभाग्यशाली हुं कि, मुझे गुजरात में पर्वेक्षक बनने का मौका मिला। कांग्रेस पार्टी में गहराई है। कांग्रेस पार्टी की मंशा है की बिना किसी पूर्वाग्रह के कार्यकर्त्ताओं की भावनाओं को संकलन कर पार्टी हाइ कामान को समर्पित किया जाये। पूर्व सांसद तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नमित पर्यवेक्षक फुरकान अंसारी ने कहा कि, घर का नींव मजबूत होगा तभी मकान मजबूत होता है। इसलिए संगठन घर की नींव होती है। जिला अध्यक्ष को बहुत अधिक शक्ति प्रदान किया जा रहा है। नीचे से उपर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। कांग्रेस नकली राष्ट्रभक्त नहीं है। मौके पर राजेश गुप्ता (जेपीसीसी पर्वेक्षक), पीयूष कोसरे महासचिव छत्तीसगढ़, सुखैर भगत जिला कांग्रेस अध्यक्ष, रीना भगत अध्यक्ष जिला परिषद, हाजी शकील अहमद कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष, नेसार अहमद प्रदेश प्रतिनिधि समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## करम पर्व से पहले होगा राशन कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी वितरण



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में प्रकृति पर्व करम से पूर्व राशन कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी वितरण करने को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में 26217 राशन कार्डधारियों के बीच धोती–साड़ी का वितरण करने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसमें अंत्योदय, लाल कार्ड, हरा कार्डधारियों को योजना से लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू सोना सोबरन धोती–साड़ी महत्वकांक्षी योजना में से एक है। करम पर्व से पूर्व सभी राशन कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी वितरण कर उपयोगिता जमा करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान सोमवार को भंडरा प्रखंड बस्ती स्थित राजबाला अग्रवाल जन वितरण प्रणाली दुकान में 45 लोगों के बीच धोती साड़ी वितरण किया गया।

# धीरज प्रसाद साहू के निर्देश का पालन करेंगे ट्रक मालिक



मुकेश कुमार सिंह

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक बैठक चंदवा के लुकुइया मोड़ में आयोजित की गयी। इस बैठक में चंदवा एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं ट्रक मालिकों ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद सह ट्रक ओनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू के द्वारा 6 सितंबर को जो बैठक लोहरदगा उनके आवास में बुलायी गयी है। जिसमें ट्रक ओनर एसोसिएशन की नयी कमिटी का गठन किया जायेगा। उनके निर्देश का पालन करते हुए हम सभी ट्रक मालिक 6 तारीख को लोहरदगा जायेंगे और उनका जो भी निर्देश होगा। उसका हम लोग पालन करेंगे और सभी ट्रक मालिको की सहमति है कि नई कमेटी का गठन होना ही चाहिए। इस बैठक में मुख्य रूप से चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, वरिष्ठ पूर्व एसोशिएशन के पदाधिकारी संतोष प्रसाद साहू, कमेटी सदस्य राजेश विश्वकर्मा, मनीष सिंह, इरफान अंसारी, शिवनाथ यादव, मंटू साहू, दीपक दुबे, ठाकुर प्रसाद, मनोज प्रसाद, इरशाद, मंजू मियां, लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सहसचिव अभय सिंह, ब्रज सिंह, रहमत अंसारी, मो गुड्डु, झारखंड पठारी ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान में प्रतिभागियों को मिला प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदाय के विकास एवं परिवर्तन हेतु 1 सितंबर से 2 सितंबर तक जिले के सभी 10 प्रखंडों में प्रखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (ब्लॉक मास्ट्र्स ट्रेनर्स) के द्वारा प्रखंड स्तर पर आदि कर्मयोगी कार्य को लेकर चयनित सेविका, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सेविका, बीआरपी, सीआरपी, पंचायत सचिव को प्रशिक्षण दिया गया। लातेहार जिले के सभी 10 प्रखण्डों में 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाले अनुसूचित जनजाति बाहुल्य 90 पंचायत अन्तर्गत 269 ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपनी आकांक्षाओ को अभिव्यक्त करने, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने के लिये आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण में ब्लॉक मास्ट्र्स ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जाएगा। वे अपने-अपने प्रखंडों में अन्य कर्मयोगियों को प्रशिक्षित करेंगे। इससे जनजाति समुदाय के लोगों को उनके कल्याण की योजनाओं का लाभ देने हेतु सैच्यूरेट किया जायेगा, ताकि कोई भी पात्र परिवार वंचित नहीं रहे। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सभी प्रशिक्षणार्थियों को आदि कर्मयोगी अभियान के उद्देश्य, इसके लक्ष्यों तथा सामने आने वाली चुनौतियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि यह अभियान जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका एवं सामाजिक विकास जैसे विभिन्न आयामों पर कार्य किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र समेत तीन घायल

**हेरहंज (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ-हेरहंज-पांकी मुख्य पथ के थाना क्षेत्र के मेराल स्कूल के पास बाइक सवार पिता पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गये। जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के जंबूआ गांव निवासी चरकू गंझू के पुत्र कैलाश गंझू, कैलाश गंझू के पुत्र संदीप गंझू तथा फिरंगी गंझू के पुत्र खटकू गंझू के रूप में हुई। दीपक सिंह और को स्थानीय लोगों व थाना पुलिस की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां पर डॉक्टर अशोक कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उपरोक्त सभी घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त तीनों थाना क्षेत्र के चौरा ग्राम से एक श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लेकर संध्या 4 बजे अपने घर लौट रहे थे कि अचानक भैंस के दौड़ जाने के कारण चालक अपना संतुलन खो बैठा और यह घटना घट गयी।

## गारू के मायापुर में आम पौधों का वितरण



**गारू (आजाद सिपाही)।** गारू प्रखंड अंतर्गत मायापुर पंचायत में मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी के लाभुकों के बीच आम के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक लाभुक को एक एकड़ भूमि पर 112 आम के पौधे उपलब्ध कराये गये। पंचायत के मुखिया सुभाष कुमार सिंह एवं रोजगार सेवक विश्वरंजन शर्मा ने संयुक्त रूप से सभी लाभुकों को पौधे वितरित किया। पौध वितरण के दौरान लाभुकों को पौधारोपण एवं देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गयी। इस मौके पर मुमताज अंसारी, अमृता कुजूर, प्रदीप कुजूर, विनीत कुजूर, आनन्द बारवा, प्रभात कुजूर, संजय सिंह, विजय सिंह, संजीता मिंज, विकटोरिया कुजूर, समुद्री टोप्पो, लक्ष्मनिया केरकेट्टा, राजनाथ यादव एवं जोहानी लकड़ा के बीच पौधों का वितरण किया गया। वितरण के दौरान मायापुर पंचायत के मुखिया सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना के अंतर्गत इस तरह की पहल न केवल आमदनी का स्रोत बनेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत किया और पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

## चंदवा थाना टोली दुर्गा पूजा मंडल के अध्यक्ष बने सत्येंद्र प्रसाद साहू



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा दुर्गा पूजा समिति थाना टोली चंदवा रविवार को बैठक हुई जिसमें पूर्ण गठन कमेटी यथावत पिछले साल का ही है। बैठक की अध्यक्षता चंद्रशेखर उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक की गयी। अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद साहू, सचिव,केतन गुप्ता और कोषाध्यक्ष मयंक कुमार सभी समिति के निर्णय से पूजा धूमधाम से मानने को लेकर बैठे की गयी और मीडिया प्रभारी मोहिनीश कुमार को बनाया गया। बाकी सभी कार्यकर्ता मनीष कुमार, अनील कुमार, पप्पू कुमार, विकाश कुमार, अमर कुमार, अशोक कुमार समेत कई उपस्थित थे एवं पुरोहित में प्रदीप उपाध्याय शामिल थे।

# सांसद ने बालिका छात्रावास गुरुकुल का किया उद्घाटन

सांसद और विधायक ने छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में चतरा सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा सोमवार को लातेहार प्रखंड अंतर्गत माको स्थित बालिका छात्रावास गुरुकुल का उद्घाटन किया गया। इस दौरान सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी के द्वारा फीता काटकर और नारियल फोड़कर 100 बेड वाले नये छात्रावास के 2025-26 सत्र का शुभारंभ हुआ।

जिला प्रशासन द्वारा गुरुकुल बालिका छात्रावास में निःशुल्क जइइ एवं नीट की कोचिंग की सुविधा प्रारंभ की गयी है। साथ ही, छात्राओं के लिए निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराते हुए इस छात्रावास का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि इस गुरुकुल बालिका छात्रावास से जिले की ग्रामीण एवं वंचित तबके की मेधावी छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने तथा उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग मिलेगा। आगे उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयों के अंधेरे को मिटाने की ताकत शिक्षा में ही है। अगर हम शिक्षा रूपी दीपक को जलाते हैं तो इसकी रोशनी समाज में फैली सभी कुरीतियों को खत्म करने की ताकत रखती है। इस लिए यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक को ही नहीं बल्कि अभिभावकों को भी निभानी चाहिए। क्योंकि किसी भी बच्चे के पहले गुरु उसके माता-पिता ही होते हैं। आगे उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ाई करने, अनुशासित रहने और मेहनत को अपना मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी।

मौके पर विधायक प्रकाश राम ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह छात्रावास ग्रामीण एवं वंचित तबके की मेधावी बेटियों के लिए वरदान साबित होगा। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की यह पहल बेटियों के भविष्य को नयी दिशा देगी।

इस अवसर सांसद, लातेहार विधायक, उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया।

मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आदि कर्मयोगी अभियान का उद्घाटन



**गारू (आजाद सिपाही)।** गारू प्रखंड कार्यालय के सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अभय कुमार, सीओ दिनेश कुमार मिश्र, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दो सितंबर तक चलेगी इस अवसर पर प्रशिक्षण में सभी पंचायत के सचिव, स्वास्थ्य कर्मी, शिक्षा कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया शिक्षा कर्मी उपस्थित थे। प्रशिक्षण जिला से प्रशिक्षण प्राप्त बीएलएमटी टीम के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### अवैध क्लिनिक को लेकर डीसी गंभीर, पूरे जिले में अभियान चलाने का निर्देश

# 15 से अधिक अवैध क्लिनिक सील

- आधा दर्जन से अधिक क्लिनिकों की जांच जारी
- सदर अंचल में सबसे अधिक अवैध क्लिनिक सील, अन्य में भी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता




क्लिनिक की जांच करती अधिकारियों की टीम।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध रूप से संचालित अवैध क्लिनिकों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने को लेकर पलामू डीसी समीरा एस गंभीर हैं। इसी को लेकर उन्होंने अंचल अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी और संबंधित थाना प्रभारी को उनके क्षेत्र में संचालित सभी प्रकार के अवैध क्लिनिकों को सील करने का निर्देश किया है। इसके बाद ही जिले के सभी सीओ ने अपने-अपने क्षेत्र में संचालित कई क्लिनिकों की जांच की। इस दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखा पाने वाले क्लिनिकों को सील कर दिया गया। गौरतलब हो कि विगत दिनों में कई स्थानों से अवैध क्लिनिकों में मरीजों मृत्यु हो जाने से संबंधित कई मामले प्रकाश में आये थे।

### सबसे अधिक सदर अंचल में कार्रवाई

सदर अंचल अंतर्गत लूपिन डायग्नोस्टिक, जानकी मेमोरियल, वैष्णवी डायग्नोस्टिक, रांची इएनटी न्यूरोकेयर, विद्यांचल हॉस्पिटल का ओपीडी सहित कृष्णा हॉस्पिटल का फारमेसी को सील किया गया। इसी तरह हरिहरगंज में रागिनी क्लिनिक को सील किया गया, जबकि पांच हॉस्पिटल की जांच की गयी। विश्रामपुर अंचल में रानी क्लिनिक, शिवम क्लिनिक और खुशी क्लिनिक को सील किया गया। वहीं, नवाबजार में अंकिता क्लिनिक, एके विश्वास क्लिनिक को भी सील किया गया। जबकि उंटारी रोड अंचल में तीन, पांडु एवं नौडीहाबाजार में एक-एक अवैध क्लिनिक को सील किया गया। इसी तरह अन्य अंचल में भी कार्रवाई की जा रही है।

## जांच टीम ने किया निजी अस्पतालों का निरीक्षण, तीन अस्पताल सील




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी के निर्देश पर जांच टीम ने सोमवार को विश्रामपुर एवं रेहला में निजी अस्पतालों की जांच की। इस दौरान पर्याप्त दस्तावेज नहीं दिखाने पर अवैध रूप से संचालित तीन निजी अस्पतालों सील कर दिया गया। जांच टीम में विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी, डॉ अनिल कुमार उरांव, विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे एवं रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरूआ शामिल थे। जांच टीम के पहुंचते ही बीमोड स्थित खुशी अस्पताल का संचालक फरार हो गया। वहीं, अस्पताल में ऑपरेशन के बाद रखे गये एक मरीज को मेदिनीनगर एमएमसीएच भेजा गया। इसके बाद खुशी अस्पताल को सील कर दिया गया। सीओ राकेश तिवारी ने बताया कि रजिस्ट्रेशन और डिग्री सहित सभी दस्तावेजों की गहनता से जांच की गयी। विश्रामपुर में शिवम क्लीनिक एवं रानी हॉस्पिटल को दस्तावेज नहीं दिखा पाने के कारण सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर शहरी एवं आंचलिक क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित सभी निजी अस्पतालों की गहनता से जांच की जायेगी। इस मौके पर अंचल के प्रधान लेखापाल संजय गुप्ता भी मौजूद रहे।

## बांग्लादेशी-रोहिंग्या मतदाताओं को बचाने के लिए एसआइआर का विरोध कर रही आइएनडीआइए गठबंधन: बाबूलाल मरांडी

### प्रधानमंत्री और उनकी मां का अपनान करने के लिए राहुल गांधी माफी मांगें

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने एसआइआर को लेकर बड़ा बयान दिया। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कांग्रेस और महागठबंधन के लोग एसआइआर का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को लग रहा है कि उनके मतदाताओं के नाम सूची से कट जायेगा इसी लिए एसआइआर का विरोध कर रहे हैं। कहा कि देश में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान मतदाता बने हुए हैं। एसआइआर के कारण उनका नाम मतदाता सूची से हटना तय है। बाबूलाल मरांडी ने 72 विधानसभा के मतदाता का आंकड़ा जारी किया। कहा कि 2019 में कुल दो करोड़ तीन लाख 20 हजार 924 मतदाता थे, जबकि 2024 में दो करोड़ 38 लाख 23 हजार 627 मतदाता हैं। कहा कि मुस्लिम मतदाता की वृद्धि 33.77 पीसदी हुई है, जो नेचुरल और ऑर्गेनिक ग्रोथ नहीं हो सकती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी नहीं चाहते हैं कि उनके मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटें। कहा कि हेमंत सोरेन भी बिहार में एसआइआर के विरोध में आहूत यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेसी नेताओं-कार्यकर्ताओं द्वार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता जी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने पर कहा कि इससे उनकी पार्टी की मानसिकता समझ में आती है। कहा कि राहुल गांधी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र अब तीसरी आंखों की जद में : पलामू एसपी



विधायक और पलामू एसपी ने किया सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन सोमवार को हुसैनाबाद थाना पहुंची, जहां पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब एवं पुलिस पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद एसपी, विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम नागर गोचे, एसडीपीओ छतरपुर अवध यादव, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। इसके बाद एसपी ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर पत्रकारों से कहा कि पुलिस महानिदेशक की पहल पर पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पलामू जिला के कई थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की पहल हुई है। इसी कड़ी में सोमवार को हुसैनाबाद थाना के शहरी क्षेत्रों में पांच जगहों पर 15 सीसीटीवी कैमरा लगाएं गए है। कहा कि सीसीटीवी कैमरा लग जाने से पूरा नगर पंचायत क्षेत्र इसकी जद में आ गया है। इससे पूरे शहर की निगरानी और अपराधिक घटनाओं में पुलिस को सहयोग मिलेगा, और सामाजिक तत्वों में भय रहेगा। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक बिनोद राम, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, एसआई मुकेश सिंह, के-के पांडेय, शौरभ चौबे, रामनिवास शर्मा, रमन यादव, धर्मेंद्र सिंह, रामपुकर सिंह और अजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## अच्छी सड़कों के बिना विकास की कल्पना करना भी संभव नहीं: डॉ शशिभूषण मेहता

- दो महीना के अंदर 13 सड़को का हुआ शिलान्यास, जल्द और भी 35-40 सड़को का होगा शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर में सोमवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने तीन सड़कों का शिलान्यास किया। इसमें बसौरा सिवान से तुकार्डीह बस्ती होते हुए जुरु आरईओ पथ तक, पचमो पिच रोड प्रहलाद यादव के घर से यादव टोला होते हुए लोहरा नाला तक पथ निर्माण और जगतपुरवा- बेदानी आरसीडी पथ मे प्राथमिक विद्यालय लोटवा से चटकपुर होते हुए कुंदरी कब्रिस्तान डीएलपी पथ तक का पथ निर्माण शामिल है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पथ निर्माण की कुल लागत पांच करोड़ 51 लाख रुपे. हैं। इन सड़को के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कों के बिना विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। अच्छी सड़के ही विकास का पैमाना होती है। कहा कि दो महीने के अंदर 13 सड़को का शिलान्यास कर चुका हूं। बहुत जल्द 35-40 और सड़कों का शिलान्यास ककने वाला हूं। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, प्रमुख सुनील पासवान, बसंत वर्मा, बिनोद राम, सुधीर तिवारी, दिलीप मेहता, संतोष सिंह और अरविन्द मेहता आदि उपस्थित थे।

## आज पलामू पहुंच रहा 2250 मीट्रिक टन यूरिया

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला में मंगलवार को यूरिया की नई खेप पहुंच रही है। जिला कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को 2250 मीट्रिक टन यूरिया की रैक पहुंचने वाली है, जिससे किसानों की यूरिया की किल्लत खत्म होने की संभावना है। वहीं, पूर्व में प्राप्त यूरिया का आवंटन विभिन्न लैंप्स और पैक्स के माध्यम से किसानों के बीच लगातार कराया जा रहा है। बताते चलें कि पलामू जिले को लगभग 3000 मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता है। इसके पूर्व जिले को 850 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया था। दोबारा 2250 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने से यूरिया की किल्लत खत्म होने की पूरी संभावना है। जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि किसानों के बीच यूरिया की किल्लत को देखते हुए आवश्यकता के अनुसार यूरिया की मांग की गई थी। मंगलवार को यूरिया की खेप पहुंचने के बाद किसानों को यूरिया की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही पर्याप्त रूप से उपलब्ध होने पर यूरिया की कालाबाजारी और दाम बढ़ा कर बिक्री करने पर भी रोक लगेगी।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कुलहिया पंचायत के शिकारपुर गांव में रविवार की रात गुड्डू रजवार की पत्नी मुनिया देवी (20) को सोते समय सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मुनिया देवी अपने घर में सोई थी। तभी उसके हाथ में विषैले सांप ने काट लिया। उसे तुरंत इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाने की कोशिश की गयी, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गयी। बतातें चलें कि मुनिया देवी की चार महीने पहले ही शादी हुई थी।**

## देवघर : टोटो और ऑटो चालकों ने प्रशासन के विरुद्ध किया प्रदर्शन

**देवघर (आजाद सिपाही)।** टोटो और ऑटो चालकों ने सोमवार को प्रशासन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। टोटो चालकों का कहना है कि पुलिस उनके टोटो को जबरन जब्त कर ले रही है। बेवजह फाइन वसूली जाती है। उधर, धरना प्रदर्शन के कारण लोगों को काफी परेशानी भी हुई। दूसरी ओर, देवघर के सत्संग में ठाकुर जी के आगमन को लेकर भारी संख्या में विभिन्न राज्यों से अनुयायी पहुंच रहे हैं। उन्हें सत्संग तक जाने के लिए टोटो और ऑटो नहीं मिलने के कारण पैदल चलते देखा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन जबरन टोटो वालों को तंग कर रही है। इसके विरोध में आज टोटो वालों ने विरोध का ऐलान किया है। कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, वे आंदोलन करते रहेंगे। जल्द ही डीसी ऑफिस का भी घेराव करेंगे। टोटो चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें न्याय दिया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। टोटो चालक आनंद कुमार ने कहा कि प्रशासन की ओर से की जा रही कार्रवाई से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। वहीं, संदीप कुमार ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखेंगे।

## सेप्टिक टैंक में डूबने से बच्चे की मौत

**देवघर (आजाद सिपाही)।** घर के बाहर बने सेप्टिक टैंक में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान आनंद कुमार के रूप में हुई है। उसके परिजन सोनू कुमार ने बताया कि आनंद देवीपुर प्रखंड के ग्वाल बढ़िया का रहने वाला था। कुछ दिन पहले ही अपने मामा के घर देवीपुर आया था। रविवार की देर शाम घर पर सभी लोग बैठे थे। वहीं, महिलाएं घर में खाना बनाने में जुटी हुई थी। इसी दौरान आनंद खेलते हुए बाहर चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। सोनू ने बताया कि जब घर के बाहर बने सेप्टिक टैंक में डंडे से देखा गया, तो आनंद का शव ऊपर दिखा। आनन-फानन में उसे बाहर निकाल कर इलाज के लिए देवीपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां बच्चे की हालत को नाजुक देखते हुए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहां, डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उसके शव াक सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## देवघर ननि के वार्ड नंबर 29 में पुनासी जल नल योजना के कार्य में दिखी अनियमितता

**देवघर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम के वार्ड नंबर 29 राम मंदिर रोड एवं अन्य गलियों में पुनासी जल नल योजना के तहत कर्मियों द्वारा कार्य किया गया है। इस दौरान पुर रोड की कटिंग कर पाइप बिछायी गयी है। पर मलवा नहीं उठाया गया है, जो करीब दो महीने से वहीं पड़ा है। इससे राहगीरों को काफी कठिनाई हो रही है। सड़ पर बिखरे मलवा के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वहीं, कुछ गलियों में पाइप बिछाने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इससे लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों में गिरने से लोगों को चोट लगने का खतरा भी बना हुआ है। बतातें चलें कि कुछ दिन पहले एक व्यक्ति इसी गड्ढे में गिर गया था, जिससे उसका हाथ टूट गया था। स्थानीय बुजुर्ग इंद्रदेव रवानी ने बताया कि पिछले दिनों गड्ढे में कई लोग गिर चुके हैं। कहा कि मोहल्लेवासियों ने ही सड़क को साफ किया और नाले की भी सफाइ की है । स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी उनकी समस्याओं की अनदेखा कर रहे हैं। ठेकेदार काम कर के चले जाते हैं। उसके बाद कोई देखने वाला नहीं है। वहीं, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि अरुण केसरी ने इस मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट कराने की कोशिश की है। कहा कि इस समस्या का समाधान करना अत्यंत जरूरी है।

## खेतको मध्य विद्यालय से चोरी हुआ विद्युत उपकरण बरामद, एक गिरफ्तार



**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** पेटरवार पुलिस को खेतको मध्य विद्यालय से विद्युत उपकरणों कि चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक आरोपी कि गिरफ्तार कर लयिा है। सोमवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा ने इसकी जानकारी दी। बताया कि गिरफ्तार युवक मिजार्पुर निवासी राहुल कुमार है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से दो बैट्री, एक इन्वर्टर और एक यूपीएस मशीन के साथ ही सेक्टर-12 थाना क्षेत्र के ग्राम सतनपुर स्थित उसके मौसा अरुण महतो के घर से दो बैट्री बरामद की है। पूछताछ में चोरी की घटना में अन्य दो युवकों की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही है। बताते चलें कि विगत नौ अगस्त की रात विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर चार बैट्री, एक यूपीएस मशीन और एक इन्वर्टर चोरी कर लिए गए थे। इस संबंध में प्रधानाध्यापक नकुल मांझी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। छापामारी दल में सअनि विनय कुमार पाल, सअनि विशेश्वर महतो, हवलदार रामऔतार यादव, सिराजुद्दीन अंसारी और चौकीदार मुख्तार अंसारी भी शामिल थे।

## करसो मुखिया ने निजी खर्च से कराया एक किलोमीटर तक कच्ची सड़क का निर्माण

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के करसो पंचायत के टोला पचलेवा में मुखिया सीमा देवी ने सोमवार को अपने निजी खर्च से करीब एक किलोमीटर कच्ची सड़क का निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि रास्ते के पथरीले होने के कारण ग्रामीणों को पचलेवा टोला से मुंडा टोला तक जाने में कठिनाई होती थी। ग्रामीणों सहित आम लोग लगातार शिकायत कर रहे थे। वर्तमान में सरकारी फंड उपलब्ध नहीं होने के बावजूद समस्या की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने निजी खर्च से सड़क का निर्माण कराया। इस दौरान समाजसेवी शंकर साव, रामप्रवेश साव, संजय परहिया, राजू परहिया, नंदलाल यादव, रामजी यादव, राजू परहिया, शिवनाथ यादव आदि उपस्थित रहे। वहीं, सड़क बनने पर ग्रामीणों ने मुखिया की सराहना की। कहा कि अब परहिया टोला, पचलेवा और मुंडा टोला के बीच आवागमन सुगम हो गया है।

### संत मरियम स्कूल का शिक्षक-अभिभावक संवाद कार्यक्रम आयोजित

# संत मरियम स्कूल के 32 मेधावी छात्रों को मिला 2.5 लाख रुपये का स्कॉलरशिप

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर के नगर भवन में संत मरियम विद्यालय की आगामी अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षक-अभिभावक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के परीक्षा तनाव को कम करना और बेहतर प्रदर्शन के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा और प्रवीण दुबे आदि ने किया। इस अवसर पर बच्चों की प्रगति, व्यवहार और शैक्षणिक उन्नति पर चर्चा की गई। साथ ही, पिछले शैक्षणिक वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 मेधावी छात्रों को कुल 2.5 लाख रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित किया गया। विदित हो कि जिन छात्रों ने अपनी कक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए, उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप, 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 50 प्रतिशत और 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 25 प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया गया। इस अवसर पर अविनाश देव ने स्कॉलरशिप पाने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि छात्रों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का विकास करना भी है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर ही इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को परीक्षा की तैयारी में बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित करें। वहीं, प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि छात्रों की सफलता में शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। इस संवाद का उद्देश्य यही सुनिश्चित करना है कि हम सब मिलकर बच्चों के लिए सकारात्मक और तनाव-मुक्त वातावरण बना सकें। इस मौके पर समन्वयक अमरेंद्र कुमार, एकता सहाय, निकिता गुप्ता, प्रशिक्षक विकास विश्वकर्मा और श्याम किशोर आदि उपस्थित रहे।


## इंडियन ऑयल डे पर जुबली स्वागत पेट्रोल पंप में काटा गया केक

**देवघर (आजाद सिपाही)। मानिकपुर स्थित जुबली स्वागत पेट्रोल पंप में सोमवार को इंडियन ऑयल डे के अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ग्राहकों को गिफ्ट के तौर पर पेन और मिठाई दी गयी। इस पंप में ग्राहकों के लिए विशेष सुविधाएं रखी गई हैं, जिनमें फ्री में हवा, पॉइंट और मिनरल वाटर शामिल हैं। इस अवसर पर मैनेजर उपेंद्र कुमार गुप्ता, कैशियर महावीर प्रसाद यादव, पिंकू जी, चंदन जी समेत दर्जनों कर्मचारी उपस्थित थे।**

## ऊपर बिलासी पूजा समिति के कार्यालय का उद्घाटन

**देवघर (आजाद सिपाही)।** ऊपर बिलासी पूजा समिति (रजिस्टर्ड) के कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को समिति के मुख्य संरक्षक सुनील खवाड़े ने किया। इस अवसर पर बैठक कर पूजा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस बार पंडाल का स्वरूप राजस्थान का राजदरबार बनेगा, जिसमें हाथी, घोड़ा, पालकी और बहुत कुछ होने वाला है। पूजा समिति की कुल बजट लगभग एक करोड़ 18 लाख रुपये है। वहीं, सुरक्षा की व्यवस्था में 28 गार्ड और चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी लगा रहेगा। बुजुर्गों के बैठने के लिए लाउंज बनाया जाएगा और जगह-जगह बड़े-बड़े स्क्रीन लगाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। विसर्जन तीन अक्टूबर को धूमधाम से होगा। इस मौके पर रामेश्वर चक्रवर्ती, आजाद पाठक, अमियांशु दत्त द्वारी, शेष नाथ झा, प्रेमनाथ खवाड़े, मुकेश टोनी, अर्णव बोस, बाबन चक्रवर्ती, मनोज खवाड़े, राजू झा, अनुज चंदन, कौशल सिंह, गौरव, अमित जजवाड़े, राजकुमार, मन्नू, बापी आदि मौजूद थे। मुख्य संरक्षकः डॉ सुनील खवाड़े संरक्षक कालीनाथ खवाड़े, रामेश्वर चक्रवर्ती अध्यक्षः संजयानन्द झा-महासचिवः अपूर्वा नंद झा कोषाध्यक्षः शेष नाथ झा एवं मुकेश टोनी मुख्य पुजारीः अमियांशु दत्त बनाये गये हैं।

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और सृजन क्षमता को विकसित करना विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य: डीसी




**देवघर (आजाद सिपाही)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा सोमवार को रामकृष्ण विवेकानंद विद्यामंदिर विद्यालय के साईंस एग्जीबिशन (विज्ञान प्रदर्शनी) में शामिल हुए। इसमें देवघर जिला के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वास्थ्य एवं तकनीक पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। छात्रों ने अपने मॉडल्स को खुद तैयार कर उनके कार्य-प्रणाली को समझाने के लिए प्रस्तुति भी दी। विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान डीसी ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों में रचनात्मकता, तार्किक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं। विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मकता, और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देती है, जिससे वे अमूर्त विचारों को मूर्त रूप से समझ पाते हैं और सीखे गए ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करते हैं। यह प्रदर्शनी संचार, टीम वर्क और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने का एक मंच प्रदान करती है। इस दौरान कार्यक्रम के अंत में डीसी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## घाघरा में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की मांग, सौंपा मांगपत्र



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा प्रखंड के द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई तथा जन समस्याओं के निराकरण के लिए मांग-पत्र देते हुए त्वरित कार्रवाई करने की मांग की गयी है। विदित हो कि बीते 27 अगस्त 2025 को घाघरा में बढ़ रही खुलेआम भ्रष्टाचार को लेकर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था कि 1 सितंबर 2025 को प्रखंड विकास पदाधिकारी घाघरा को भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए मांग-पत्र दी जायेगी जिसके तहत 4 सूत्रीय मांग-पत्र दी गयी है। दिये गये मांग-पत्र में यूरिया की कालाबाजारी पर रोक तथा सरकारी दर पर किसानों को अविलंब यूरिया उपलब्ध कराने, मनरेगा द्वारा कराये गये वृक्षारोपण, कूप निर्माण तथा 15वें वित्त आयोग फंड से संचालित योजना की खासकर प्रखंड के हर पंचायत के एक गांव में कराए गए कार्यों की जांच कराने, पेयजल टंकी की वर्तमान स्थिति की जांच, रुकी, सरांगो, कोहीपाट, आदर जैसे पंचायत में शौचालय निर्माण में हुई गड़बड़ी की जांच करने तथा देवाकी निवासी स्वर्गीय दूधेश्वर मिश्रा द्वारा ऑनलाइन रसीद काटने के लिए दी गयी लंबित आवेदन व चपका के सुकरा उरांव द्वारा ईट भट्ठा में कमाए पैसे की भुगतान कराने जैसी समस्या को दूर करने की मांग शामिल है। नेताओं ने बताया है कि मांगों पर कार्रवाई की समीक्षा तथा आगामी रणनीति बनाने के लिए 6 सितंबर 2025 को घाघरा के हाई स्कूल मैदान के पास प्रखंड स्तरीय बैठक बुलायी जायेगी, जिसमें हर गांव से दो सदस्यों को ग्रामीण समस्याओं को लेकर आने के लिए आमंत्रित की गयी है जिसकी तैयारी की जा रही है। मांग-पत्र झारखंड नवनिर्माण दल के प्रखंड प्रभारी बसंत बड़ाईक तथा भ्रष्टाचार विरोधी मंच के प्रखंड समिति सदस्य संतु मिश्रा के द्वारा दी गयी है।

## पीडीएस डीलरों को इ केवाइसी के लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने सोमवार को बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने सर्वप्रथम राशन वितरण, आधार सीडिंग, इ केवाइसी के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत लाभुकों का इ केवाइसी करना है। जो मृत हो गया है या जिनका विवाह हो गया है, ऐसे लाभुकों का नाम कार्ड से हटाया जाये। ई केवाईसी नहीं करने वाले लाभूको का राशन बंद हो सकता है। जो भी डीलर इसमें रुचि नहीं लेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि समय पर राशन का उठाव करें और लाभुकों को निर्धारित मात्रा में राशन दे। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने राशन दुकानदारों को दुकानों को साफ सुथरा रखने, सूचना पट लगाने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, सहायक गोदाम प्रबंधक बालचंद उरांव, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियंका कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## करम पर्व और ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में सोमवार को करमा पर्व एवं ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने की। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने उपस्थित लोगों से पर्व-त्योहार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत सूचना पर ध्यान न दें तथा शांति और आपसी भाईचारे को बनाए रखें। अंचलाधिकारी शिखर वर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त बल की तैनाती की जाएगी। थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने कहा कि पर्व के समय गश्ती तेज की जाएगी और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को सहयोग करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से राजू भगत धर्मेंद्र उरांव रामप्रसाद बड़ाइक, बच्चन कुमार, केदार साहू, बिरसा उरांव, जगत ठाकुर, अजित उरांव,रामजतन साहू,अभिषेक सिंह, बिलटु लोहारा, रामदास यादव, सहित कई लोग मौजूद थे।

# 1.6 किलो गांजा के साथ व्यक्ति गिरफ्तार, पुत्र फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने 1.6 किलो ग्राम गांजा के साथ पंसो गांव निवासी अरुण बैठा उर्फ चाई को गिरफ्तार कर सोमवार की दोपहर 12:30 बजे जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सुचना मिली की गुमला थाना क्षेत्र के नवनिर्मित टोटो थाना अंतर्गत पंसो गांव निवासी अरुण बैठा के घर में गांजा की खरीद बिक्री हो रही है सूचना पर छापा मारी दल का गठन किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव गुमला थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पुलिस अवर निरीक्षक उद्धेश्वर पाल नौशाद बावरिया एवं सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल जैसे ही पंसो गांव स्थित अरुण बैठा के घर पहुंचा एक युवक अरुण बैठा के घर के सामने बाइक पर सवार था पुलिस वालों को देखकर वह बाइक छोड़कर भागने लगा। जिसे सशस्त्र बल के द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन वह भागने में सफल रहा। इसके बाद अरुण बैठा के घर की तलाश ली गयी घर के सीढ़ी के नीचे एक ब्लू एवं बैंगनी रंग का बैग मिला जिसे खोलकर देखने पर एक प्लास्टिक में 1.6 किलोग्राम गांजा पाया गया। वहीं पुलिस ने एक बाइक को भी जप्त किया है। वही पुलिस फरार आरोपी 19 वर्षीय रूपेश बैठा की तलाश में जुटी है। गुमला थाना में एनडीपीएस के तहत कांड अंकित किया गया। वहीं व्यक्ति को गिरफ्तार कर एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस वार्ता के बाद जेल भेज दिया गया



## जारी में ऑटो पलटने से आंगनबाड़ी सेविका घायल

**जारी (आजाद सिपाही)।** बाजार से घर लौटते समय एक दर्दनाक दुर्घटना घटी, जिसमें एक आंगनबाड़ी सेविका गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान सुनीता किंडो के रूप में हुई है। यह हादसा तब हुआ जब सुनीता किंडो पति स्वर्गीय असिषन किंडो बुमतेल की ओर जा रही थीं और उनका ऑटो अचानक पलट गया। इस दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जो उनकी स्थिति को काफी गंभीर बना रही थीं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल महिला को चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाने में मदद की। हालांकि, वहां डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण, एएनएम आशा ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उन्हें बेहतर इलाज के लिए तत्काल रेफर कर दिया। लोग घायल महिला के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## रुपये लेकर फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देने के मामले में महिला गिरफ्तार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना का आधार पर गुमला थाना क्षेत्र के धनगांव गांव में पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी जॉइनिंग लेटर देकर लोगों को बहला फुसला कर पैसा की वसूली किया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर गठित टीम जिसमें थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पुलिस अवर निरीक्षक गौतम कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान को शामिल किया गया छापामारी के दौरान वादिनी कांति कुमारी उम्र 30 वर्ष गांव धनगांव पंडा टोली के गांव पहुंचे एवं वादिनी और अन्य लोगों से संपर्क किया गया। वादिनी ने बताया करीब 3 वर्ष पहले सिलाई कंपनी में काम करने के लिए दिल्ली गयी थी उसे दौरान कंपनी में ही सूर्य मंती कुमारी 30 वर्ष पति पिंटू कुमार उर्फ अविनाश कुमार गांव सिंहूआर जिला गया बिहार से मुलाकात हुई। सूर्यमंती ने बताया कि मेरे पति दिल्ली पुलिस में दरोगा है कई लोगों को नौकरी दिलाए हैं वही उसके मोबाइल नंबर पर बात भी करायी। पिंटू बोला कि तुम्हें दिल्ली पुलिस में नौकरी दिला दूंगा इसके एवज में 5 लाख लगेगा जिसमे ढाई लाख रुपया अभी जमा करना होगा। पिंटू ने बताया कि गुमला पुलिस अधीक्षक का कार्यालय में खाना बनाने और सफाई करने का वैकेंसी खाली है कोई काम करना चाहता है तो उसके लिए प्रति व्यक्ति 8 हजार देना पड़ेगा। इसके बाद पिंटू ने अपना फोन पे नंबर दिया और बोला कि जितना जल्दी पैसा जमा करोगी नौकरी लगा देंगे। इसके बाद कांति कुमारी ने अलग-अलग तिथि में कुल 229000 दिये शांति केरकेट्टा सेरोफिना बागे अजय लोहरा विजय लोहरा सोनी देवी वीरेंद्र लोहरा अंजलिना बागे सोनी देवी ने 8-8 हजार कुल 64000 पिंटू कुमार के खाता नंबर एवं फोन पे पर डाल दिया। कुल 2 लाख 93 हजार पिंटू को दिया गया। सूर्यमंती अपने पति पिंटू के साथ वादिनी के घर धनगांव आई और पिंटू बोला कि तुम्हें दिल्ली में नौकरी लगा दिया है और तुम्हारे साथियों का भी नौकरी गुमला पुलिस में लग गया है। जिसका जॉइनिंग लेटर देने आया हूं इसके बाद सभी को जॉइनिंग लेटर दिया। जब सभी लोग जॉइनिंग लेटर लेकर थाना पहुंचे तो पता चला कि यह फर्जी जॉइनिंग लेटर है। इसके बाद गुमला थाना में लिखित आवेदन दिया गया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

# बीएन जालान कॉलेज में करम पूर्व संध्या कार्यक्रम

मदन साहु

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में सोमवार को करम पर्व की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती, डॉ कृष्णा प्रसाद साहू कलाधर ,प्रो झूरी राम व डॉ आदित्य विक्रम देव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व महाविद्यालय के सांस्कृतिक नृत्य दल ने अतिथियों को मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गये। और नाच गान के साथ स्वागत किया।

प्राचार्य प्रो अमिताभ भारती ने कहा कि यहां की संस्कृति परंपरा बहुत ही खुबसूरत है, जो हमें प्रकृति के साथ जोड़ कर रखता है। आज हम करम पर्व की पूर्व संध्या मना रहे हैं। यह हमारे पूर्वजों का गढ़ा हुआ संस्कृति है।



अतिथि पूर्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णा प्रसाद साहू कलाधर ने कहा यहां के सभी समाज के लोग प्रकृति के विभिन्न रुपों की पुजा करते हैं। सभी वृक्षों का तो हम पूजा करते हैं पर तुलसी की पुजा घर घर होती है। करमा पर्व कर्म धर्म का प्रतीक है। जो सभी के बीच परोपकार का कार्य है। जो पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी , नदी का संरक्षण के साथ वातावरण को स्वच्छ रखने में हमारे पर्व त्योहार अहम भूमिका निभाते हैं। करमा पर्व को छोटानागपुर क्षेत्र में यहां के आदिवासी, सदान, मूलवासी व्यापक रूप से मनाते हैं।

कुडुख शिक्षिका प्रो सुनिता कुमारी ने करमा पर्व की कहानी करम और धरम पर विस्तार रुप से चर्चा की। विषय प्रवेश व स्वागत भाषण प्रो इंद्रजीत राम ने किया। इस मौके पर प्रो झूरी राम, डॉ आदित्य विक्रम देव,डॉ रंजीत कुल्लू, डॉ पारंगत खलखो, डॉ निसार अहमद, डॉ अरुण कुमार दास, डॉ प्रवीण बसंती,प्रो सोनिया कुमारी, प्रो सुदीप्ति खुशबू लकड़ा, प्रो विनीता गुड़िया, डॉ कीर्ति मिंज, प्रो करम सिंह ओडेया, सुरेश साहु, डॉ रेखा कुमारी, प्रो रोज टेटे, डॉ दीपक कुमार, डॉ श्रवण तिवारी, प्रो अरविंद प्रसाद, साधो उरांव, सचिदानंद उरांव, गजराज महतो, चंद्रनाथ भगत, जगरनाथ साहु, सुरेश उरांव, महताब अंसारी सहित शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित अंबेरा डीह पुल के पास ट्रक के टक्कर से तेलगांव निवासी पीटर एक्का जय मंगल लोहरा और गढ़सारू निवासी उपेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार की रात 8:30 बजे की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तीनों युवक एक बाइक में सवार होकर पालकोट प्रखंड के बुजी टोली गांव फुटबॉल टूनार्मेंट मैच खेलने गए थे जहां से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी अम्बेरा डीह पुल के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे तीनों युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर गए। घटना में उपेंद्र सिंह को चेहरा में गंभीर चोट लगी जबकि पीटर और जय मंगल को शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है। घटना के बाद ट्रक पालकोट की ओर तेजी से फरार हो गया। वही तीनों युवक का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# लोक सेवा समिति की 34वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में सैय्यदा खातून सम्मानित

**दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि समर्पित की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक सेवा समिति की स्थापना के 34वीं वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में समाज की विविध विभूतियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। यह अवसर झारखंड के 'झारखंड रत्न' दिशोम गुरु शिबू सोरेन और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण नशा एवं हिंसा मुक्त भारत विषय पर परिचर्चा, कॉफी टेबल बुक प्रेरणा स्मारिका का लोकार्पण और विभूतियों एवं संस्थानों का सम्मान। कार्यक्रम में अमानत अली अंसारी स्वतंत्रता सेनानी, आजीवन उपलब्धि हेतु, रिन पास स्वास्थ्य सेवा में शताब्दी से अधिक योगदान हेतु, सरोजनी लकड़ा (आइपीएस) उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं हेतु, डॉ रूपा सिन्हा शास्त्रीय संगीत में योगदान हेतु। विशिष्ट सेवा सम्मान शैलेन्द्र कुमार पाठक शास्त्रीय ध्रुपद गायन, प्रो मोहन आजाद बोकारो में आजीवन उपलब्धि, दिलीप कुमार महतो शिक्षक शिक्षा क्षेत्र, मुजीब कुरैशी समाज सेवा, शशि भूषण राय समाज सेवा, एजाजुल हसन सिद्दीकी साहसिक पुलिस सेवा, डॉ मुजफ्फर हुसैन साहित्य लेखन, सुनैना महिला शास्त्रीय पुलिस बल, ज्योति कुमारी पुलिस सेवा राष्ट्र महिला गौरव सम्मान, निगार सुल्तान समाज सेवा सरोज श्रीवास्तव फूड एवं स्वास्थ्य योगदान, सैय्यदा खातून (गुमला) को समाज कार्य के लिए सम्मानित किया गया।



लोक सेवा समिति ने 34 वर्षों की यात्रा में शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, स्वास्थ्य, समाज सेवा और जनजागरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। इस दौरान समिति को डॉ काजी शोएब रहमानी, कार्डिनल तेलेसफर पी. टोप्पो, प्रो रामदयाल मुंडा, पद्मश्री गिरधारी राम गौझू, डॉ भुनेश्वर अनुज, सिस्टर जेमा टोप्पो, हरिनारायण सिंह, डॉ करमा उरांव, पद्मश्री मधु मनसुरी मुकुंद नायक समेत अनेक विभूतियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आज समिति राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है और कई राज्यों में सक्रिय है।

लोक सेवा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद ने कहा कि समाज के लिए सेवा का यह 34 वर्षीय सफर अनेक विभूतियों और साथियों के सहयोग से संभव हो पाया है। इस वर्षगांठ पर हम उन सभी महान विभूतियों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी कर्मभूमि से समाज को नयी दिशा दी है। आयोजन में समाजसेवी, शिक्षाविद, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियां उपस्थित। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू प्रमंडल के डीआइजी नौशाद आलम ने कहा नशा पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है इससे बचाव तभी होगा जब परिवार जागरूक होगा। हमसब को इससे बचना है और नयी पीढ़ी को बचाना है।

# ईद मिलादुन्नबी पर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट करायेगी प्रतियोगिताएं

**क्विज प्रतियोगिता होगी आकर्षण का केंद्र**

**187 विद्यार्थी लेंगे भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के द्वारा छात्रों को ध्यान में रख कर चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 187 विद्यार्थी भाग लेंगे। ईद मिलादुन्नबी को लेकर बज्म की ओर से इस्लामिक क्विज कंपटीशन, इस्लामिक भाषण, इस्लामिक पेंटिंग, और सामाजिक समरसता से संबंधित कुछ कार्यक्रम शामिल हैं। जिसमें इस्लामिक क्विज कंपटीशन का ईनामी मुकाबला लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। इन कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक बच्चे बच्चियों का फॉर्म भरा जा चुका है। फॉर्म भरने का अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गयी थी। और सभी बच्चे बच्चियों का परीक्षा 4 सितंबर को बज्मे रब्बानी एजुकेशनल फाउंडेशन खड़िया पाड़ा में किया जाना है।



**पिछले साल की क्विज प्रतियोगिता आज भी लोग करते हैं याद: शादाब**

इंचार्ज शादाब रब्बानी ने बताया कि रब्बानी ट्रस्ट के बैनर तले पिछले तीन वर्षों से पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइस अर्थात जन्म दिन के मौके पर छोटे -छोटे बच्चे बच्चियों के बीच इस्लाम धर्म से संबंधित सवाल-व-जवाब के साथ तकरीर (बयान )का कंपटीशन कराया जाता है। जिससे बच्चों के जेहन में निखार पैदा होता है। पिछले वर्ष का क्विज प्रतियोगिता को आज भी लोग याद करते हैं

**विजेता प्रतिभागियों को इनाम में मिलेगी नगद राशि :** कंपटीशन में पहला स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को 21 सौ,द्वितीय स्थान को 11 सौ और तृतीय को 551 रुपया का नगद राशि के साथ मेडल और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले पहला ग्रुप आठ से 12 साल तक के बच्चे - बच्चियां के बीच तकरीर व क्विज,दूसरे ग्रुप में 12 से अधिक उम्र के मर्द (पुरुष) में क्विज, तीसरा ग्रुप 13 से 18 साल की बच्चियों के बीच क्विज और चौथा ग्रुप 4 से 7 साल के बच्चे बच्चियो के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता रखी गयी है।

**सभी ग्रुपों ने जमा किये फार्म :** पहले ग्रुप के लिए 30 फॉर्म, दूसरा ग्रुप के लिए 22 फॉर्म, तीसरा ग्रुप में 72 फॉर्म, चौथा ग्रुप में 58 फॉर्म जमा किया जा चुका है। जबकि कुछ फार्म विचाराधीन हैं। इन सभी विद्यार्थियों की परीक्षा 4 सितंबर को बज्मे रब्बानी एजुकेशनल फाउंडेशन खड़ियापाड़ा नन्हे कदम स्कूल के समीप निर्धारित समय में किया जायेगा।

**कार्यक्रमों का समय निर्धारण :** आगामी 4 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम में प्रथम ग्रुप क्विज का समय दोपहर 1 से 2 बजे तक और इसी ग्रुप का तकरीर सुबह 11.30 से 1 बजे तक, दूसरा ग्रुप सुबह 10 से 11 बजे तक, तीसरा ग्रुप अपराह्न 3 से 4 बजे तक, चौथा ग्रुप 1 से 2 बजे तक रखा गया है।

प्रपत्र संख्या–1
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
ई– निविदा (द्वितीय आमंत्रण)
निविदा संख्या :- 24/JMT/2025-26 दिनांक 30-08-2025

| क्र0 स0 | विवरणी | विस्तृत विवरणी | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
| 1 | Left out work of detailed survey, designing and drawing, Construction of 10.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 75.1 mtr. length and 3.95 mtr. wide, Pipe Bridge 70.0 mtr. length and 2.00 m tr. wide, Pipe Bridge 50 mtr. length and 2 mtr. wide, Pipe Bridge 100 mtr. length and 2 mtr. wide Pipe Bridge 60 mtr. length and 2 mtr. wide. 19.50 MLD capacity Water Treatment Plant, Compound wall, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for work of **Jainagar, Domchanch & Koderma** Block MVS Rural Water Supply Sc heme under Drinking Water & Sanitation Division, **Jhumritelaiya** on turnkey basis. Year 2025-2026. (2nd Call) | 18488.12 | 184.89 | 10,000/- | 27 Months + 3 months (Trial and Run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 06-09-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 10-09-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 25-09-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03 .10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25-09-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | 26-09-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | 08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

- विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR 360876 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

Govt. of Jharkhand
Department of Mines and Geology
District- Koderma

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://www. jharkhandtenders.gov.in)**

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम:–

| क्र० स० | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री– बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Group A- Koderma District Sand Ghat- Dudhi 01 to 06, Akto 01 to 09, Keso 01 to 16, Murtiya And Lathbehwa | 02.09.2025 | 02.09.2025 समय– 4:00 बजे अपराह्न में समाहरणालय, कोडरमा। | 03.09.2025 10:00 AM से 11.09.2025 4:00 PM | 13.09.2025, 5:00 PM | 16.09.2025 को 10:00 AM से 6:00 PM तक |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:// www.Jharkhand tenders. gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद् संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह0/– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई कोडरमा।
ह0/– जिला कोषागार पदाधिकारी कोडरमा।
ह0/– जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा।
ह0/– अपर समाहर्ता, राजस्व कोडरमा।
ह0/– उप निदेशक, खान हज़ारीबाग।
ह0/– उपायुक्त कोडरमा।

PR.NO.361004 Mines and Geology(25-26):D


आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# सदर अस्पताल ने तीन महीनों में 207 फीसदी की वृद्धि दर से की लोगों की सेवा
# 2372 लोगों ने कराया डायलिसिस, 8289 नमूनों की जांच और 541 नॉर्मल डिलीवरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जले की हृदयस्थल पर स्थित सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण में डीसी सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के सतत प्रयास, प्रोत्साहन, समीक्षा एवं निगरानी के चलते सदर अस्पताल ने विगत तीन माह में लोगों को सेवा प्रदान करने में 207 फीसदी प्रगति की है। व्यवस्था में लगातार सुधार होने के कारण औसतन 571 लोग प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे हैं। जून महीने में 10620 लोग सदर अस्पताल में विभिन्न इलाज के लिए आए। जून महीने में यह आंकड़ा 19916 हुआ। जबकि अगस्त महीने में 207 फीसदी की प्रगति के साथ 22013 लोग सदर अस्पताल में विभिन्न इलाज के लिए पहुंचे। इन




तीन महीनों में कुल 52549 लोगों ने अस्पताल में विभिन्न तरह का इलाज कराया। विगत जून महीने में जहां 6797 ओपीडी, 701 डायलिसिस, 100 नॉर्मल डिलीवरी, 1544 सैंपल टेस्टिंग एवं अन्य चिकित्सा के लिए 10620 व्यक्ति पहुंचे, वहीं जुलाई महीने में ओपीडी की संख्या 11812 हुई। इस दौरान 822 लोगों ने डायलिसिस करवाया, जबकि 212 नॉर्मल डिलीवरी हुई और 2724 सैंपल की टेस्टिंग के साथ 19916 लोग अस्पताल आए। अगस्त महीने में ओपीडी में आने वालों की संख्या 11868 पहुंच गई। 849 लोगों ने डायलिसिस कराया। 229 नॉर्मल डिलीवरी हुई। 4031 सैंपल की टेस्टिंग के साथ 22013 लोग अस्पताल आए। जून महीने में आईपीडी में 847, जुलाई में 2311 और अगस्त में यह आंकड़ा 2948 पहुंच गया। सी सेक्शन (एलएससीएस) में विगत तीन माह में 386, दंत चिकित्सा में 426, जबकि 1060 लोगों की ड्रेसिंग की गई। वहीं एमटीसी में 2005 का उपचार कर पौष्टिक आहार दिया गया। जून, जुलाई एवं अगस्त महीने में डिस्चार्ज होने वालों की संख्या 1111 रही। जून महीने में 229, जुलाई में 423 तथा अगस्त महीने में 459 लोग अस्पताल से सफल इलाज के बाद डिस्चार्ज हुए। वहीं, एसएनसीयू में 78, डीसीएचसी में 6 तथा 12 मरीजों के बीच आयुष्मान किट का वितरण किया गया।आपातकालीन सेवा में जून महीने में 16, जुलाई में 10, अगस्त में 12 सहित 38 लोगों का इलाज किया गया। विगत तीन माह में 9 लोगों की परिवार नियोजन, तीन की ऑर्थोपेडिक, 42 मेजर एवं 104 माइनर सर्जरी की गई। सदर अस्पताल की प्रगति पर खुशा जाहिर करते हुए डीसी ने बताया कि जिले वासियों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। कहा कि अब सदर अस्पताल में लिवर, किडनी और लिपिड प्रोफाइल, पैंक्रियाटिक एंजाइम, सीरम कैल्शियम, एलडीएच एवं हेमेटोलॉजी के विभिन्न टेस्ट निःशुल्क कराने की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए अस्पताल की लेबोरेट्री को आधुनिक बनाया गया है। अस्पताल में उच्च गुणवत्ता के बायोकेमेस्ट्री सेमीऑटोमेटिक एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, एचडी बायो सेंसर, एलाइजा मशीन, कंपलीट ब्लड काउंट के दो मशीन उपलब्ध है। अस्पताल में हड्डी रोग, फिजिशियन, सर्जरी, नेत्र, दंत रोग, शिशु रोग, मनोरोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, फिजियोथेरेपी तथा ईएनटी स्पेशलिस्ट उपलब्ध है। इसके अलावा गायनी इमर्जेंसी व जेनरल इमर्जेंसी में तीन शिफ्ट में चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं।

## हिंदी भाषा-साहित्य के विकास में फादर बुल्के का योगदान अहम : डॉ वर्गीस



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 4 स्थित एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल में हिंदी साहित्य के प्रख्यात विद्वान फादर कामिल बुल्के की जयंती पर सोमवार को विशेष सत्र आयोजित हुआ। प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि फादर कामिल बुल्के ने भारत में हिंदी भाषा एवं साहित्य के विकास में अहम योगदान दिया। वे एक प्रसिद्ध विद्वान, लेखक और शिक्षाविद थे। उनकी रचना 'रामचरित मानस उत्पत्ति एवं विकास' और 'अंग्रेजी से हिंदी शब्दकोश' आज भी बेहद लोकप्रिय है। उनका जीवन हिंदी एवं संस्कृत के विकास के लिए समर्पित था। वह अपने देश बेल्जियम से भारत आए थे। उन्होंने दार्जिलिंग एवं कोलकाता में रहकर हिंदी सीखा। इसके बाद इलाहाबाद में हिंदी में एमए की पढ़ाई की। साथ ही शोध कार्य कर पीएचडी की पढ़ाई की। रांची के सेंट जेवियर्स कालेज में उन्हें हिंदी एवं संस्कृत का विभागाध्यक्ष बनाया गया। यहां विद्यार्थियों को हिंदी-संस्कृत का ज्ञान दिया। 1950 में वह बिहार राष्ट्रभाषा परिषद की कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त हुए। साल 1972 से 1977 तक भारत सरकार की केंद्रीय हिंदी समिति के सदस्य रहे। 1973 में उन्हें बेल्जियम की रायल अकादमी का सदस्य बनाया गया। कहा कि फादर बुल्के ने हिंदी के कई विद्वानों के साथ रह कर हिंदी एवं संस्कृत को जड़ से जानना एवं प्रत्येक भारतीय के अंदर हिंदी-संस्कृत के प्रति अनुराग जगाने का कार्य जीवन भर किया। हिंदी एवं संस्कृत के विकास को लेकर किए गए कार्य से प्रभावित होकर भारत सरकार ने 1974 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया। उनका मानना था कि प्रत्येक भारतीय को अच्छी हिंदी एवं संस्कृत लिखना और बोलना आना चाहिए। वहीं, कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने विविध गतिविधियों के माध्यम से फादर कामिल बुल्के की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, हिंदी एवं संस्कृत शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## करम महोत्सव में 250 छात्राओं ने पेश किया पारंपरिक नृत्य



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** दलूडीह स्थित बड्स गार्डेन स्कूल परिसर में सोमवार को करमा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की लगभग 250 छात्राओं ने 45 टीमों में बंटकर पारंपरिक करमा नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लाल पाढ़ वाली सफेद और पीली साड़ियों, रंग-बिरंगे परिधानों, फूलों के जुड़े, गले में मोतियों के हार, हाथों में लाल चूड़ी और पैरों में आलता-पायल के साथ सज-धजकर छात्राओं ने एक स्वर और एक लय में जब सामूहिक नृत्य किया तो पूरा परिसर उत्सवमय हो उठा। इस मौके पर विधि एंड ग्रुप, राखी एंड ग्रुप, वंदना एंड ग्रुप, वैष्णवी एंड ग्रुप, पीहू एंड ग्रुप, सुहाना एंड ग्रुप, शिखा एंड ग्रुप, अनु एंड ग्रुप सहित अन्य छात्राओं की प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण बटोरा। वहीं, प्राचार्य प्रमोद चौरसिया ने कहा कि करमा महोत्सव हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। यह त्योहार हमारी एकता और भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। अंत में पारितोषिक वितरण किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अमर कुमार पाल एवं शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

### धनबाद विधायक ने किया एलइडी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास

# धनबाद को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने की दिशा में उठा रहे अहम कदमः राज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मुख्य सड़क से पांडरपाला, काली मंदिर, पटेल चौक, भारत चौक होते हुए आरा मोड़ ओवरब्रिज तक सात मीटर ऊंचाई वाले एलइडी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य का सोमवार को शिलान्यास किया।इस मौके पर राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य राजेश कुमार, सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य आनंदी रजवार, नगर निगम के अभियंता दीपक कुमार, भाजपा के जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, निवर्तमान पार्षद अशोक पाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं, अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि पांडरपाला क्षेत्र के लिए यह कार्य अति महत्वपूर्ण था, क्योंकि राजकीय पॉलिटेक्निक से पांडवापला का यह मुख्य सड़क काफी एकांत एवं सुनसान रहता है।यहां के आम लोगों ने आवेदन देकर इसकी गंभीरता से अवगत कराया था। इस क्षेत्र के इस प्रमुख मार्गो पर स्ट्रीट लाइट्स का अधिष्ठापन बहुत जल्द होगा। इसका कार्य शुरू हो चुका है।यह कार्य न केवल क्षेत्र के निवासियों के लिए, बल्कि छात्र-छात्राओं, व्यवसायीयों और आम आने-जाने वाले राहगीरों के लिए भी लाभकारी होगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस कार्य को समय पर पूरा करने की बात कही। साथ ही क्षेत्र के लोगों से इस कार्य के क्रियान्वयन में सहयोग देने की अपील की। कहा कि यह पहल धनबाद को स्मार्ट और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस मौके पर हुल्लास दास, अरविंद राय, आदित्य राय, संदीप सिंह, मुकेश यादव, सौरभ कुमार, मिहिर कु दास और राकेश रोशन सिन्हा आदि उपस्थित रहे।



एलइटी स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास करते राज सिन्हा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना में चिरेका खेलकूद संगठन की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 से 31 अगस्त तक आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन बैडमिंटन हॉल इंडोर स्टेडियम में पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में चिरेका खेल कूद संगठन के संरक्षक सह महाप्रबंधक विजय कुमार और चिरेका महिला कल्याण संगठन अध्यक्षा किरण बधान ने 130 विजेता प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान चिरेका महाप्रबंधक बेहतर प्रदर्शन के साथ टेबल टेनिस सिंगल्स और डबल्स में विजयी बने। जबिक अधिकारी वर्ग में चिरेका के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए टेबल टेनिस और बैडमिंटन में मुख्य सामग्री प्रबंधक-ट्रैक्शन मोटर के रविंद्र प्रसाद ने सर्वाधिक नौ पुरस्कार ग्रहण किया। इसमें से सात में विजेता और दो में उपविजेता रहे। बतातें चलें कि 29 से 31 अगस्त तक चलने वाले इस खेल समागम में विभिन्न उम्र वर्ग में अलग-अलग तीरदांजी, बैडमिंटन, बिलियड्र्स, चेस, फुटबॉल, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल खेल श्रेणी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष, चिरेका महिला कल्याण संगठन सदस्याएं, चिरेका खेलकूद संगठन के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## मिहिजाम में होनहार बच्चियों को किया गया पुरस्कृत

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित श्रीगणेश पूजा पंडाल में 20 नंबर वार्ड की होनहार बच्चियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। चिकित्सक, जानेमाने व्यवयाई, स्पोर्ट्स मैन सह समाजसेवी डॉ जोगिंदर तिवारी ने एक होनहार बच्ची जो आर्थिक रुप से कमजोर होने के कारण शिक्षा में आगे जाने वाली कठिनाई को दूर करने की छोटी सी पहल की है। वहीं, बच्चियों को प्रोत्साहन पुरस्कार मिलने पर खुशी जाहिर की। इस दौरान डॉ जोगिंदर तिवारी ने सभी बच्चियों को मन लगा कर पढ़ाई करने की सलाह दी। कहा कि किसी भी तरह की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगें। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गुप्ता, जामताड़ा इंस्पेक्टर राजेश मंडल, मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे, सुरेश राय आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा दक्षता की ओर बीएसएल का मजबूत कदम, ऑडिट सफल



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) में आइएसओ 50001:2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (एएनएमएस) का प्रथम निगरानी ऑडिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह तीन दिवसीय ऑडिट मेसर्स टीयूवी के ऑडिटरों द्वारा किया गया, जिसमें टीम लीडर विकास गुप्ता ने ऑन-साइट एवं टीयूवी सदस्य गगन वर्मा ने रिमोट मोड से ऑडिट किया। बतातें चलें कि बीएसएल में आइएसओ 50001:2018 (एएनएमएस) प्रमाणन के लिए ईएमडी विभाग नोडल विभाग है। इस ऑडिट में बीएसएल के सीओ एंड सीसी, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, एचएसएम, ईएमडी, डीएनडब्ल्यू, आई एंड ए, ईटीएल, क्रय और एल एंड डी विभाग शामिल थे। ऑडिट की व्यवस्था ऊर्जा प्रबंधन विभाग द्वारा की गई, जो इस प्रमाणन का नोडल विभाग भी है। महाप्रबंधक एवं ऊर्जा प्रबंधक पीके भुइं एवं उपमहाप्रबंधक ललिता बिरुली ने इस प्रक्रिया का नेतृत्व किया, जबकि महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) अनुपमा तिवारी ने समन्वय की भूमिका निभाई। तीन दिवसीय ऑडिट का समापन मुख्य महाप्रबंधक (ईएमडी) गुलशन कुमार की अध्यक्षता में हुआ। कहा कि सुझाए गए सुधारात्मक बिंदुओं पर शीघ्र कदम उठाए जाएंगे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI**

**Corrigendum**

NIQ Published vide PR No-360326 Building (25-26)D is being amended as-date to obtain details from the office in Working days up to 16-09-2025, date of submission 18-09-2025 up to 3.00 P.M and will be opened on 18-09-2025 at 3.30 P.M Other term & conditions will remain same.

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No.-1, Ranchi

PR 361013
Building(25-26)#D

### सामाजिक अंकेक्षण के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# गड़बड़ी ना हो, समयबद्ध सामाजिक अंकेक्षण का पूरा हो कार्यः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण को लेकर एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता डीसी अजय नाथ झा ने की। कार्यशाला का उद्देश्य सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया, उसकी पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की भूमिका को स्पष्ट करना और इससे जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षित करना था। इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, बीडीओ, पंचायत सचिव और सामाजिक अंकेक्षण से जुड़े कर्मी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो। कार्य समयबद्ध और नियमानुसार पूरा किया जाए। प्रत्येक निर्णय फैक्ट समझ और भौतिक सत्यापन के आधार पर अंकेक्षण टीम लें। टीम यह सुनिश्चित करें कि किसी भी योग्य लाभुक का नाम सूची से नहीं हटे। कहा कि सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य सुधार करना है, नहीं कि किसी लाभुक को उनके अधिकार से वंचित करना। कहा कि सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में मदद मिलती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि वे सक्रिय रूप से इसमें हिस्सा लें। कहा कि सामाजिक अंकेक्षण तभी सफल होगा जब इसमें सभी संबंधित विभागों, पंचायत सचिव, प्रतिनिधियों और आम लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। वहीं, सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा) पियूष ने सामाजिक अंकेक्षण की विस्तृत प्रक्रिया से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 44,452 लाभुकों का अंकेक्षण होना है। इसके लिए आठ सितंबर से 27 नवंबर तक कि अलग -अलग तिथि निर्धारित है। बेरमो प्रखंड में 08 सितंबर, फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में 08 सितंबर, चंद्रपुरा प्रखंड में 09 -10 सितंबर, पेटरवार प्रखंड में 10 से 12 सितंबर, नावाडीह प्रखंड में 12 से 29 अक्टूबर, चंदनकियारी प्रखंड में 18 अक्टूबर से 23 दिसंबर, चास प्रखंड में 25 अक्टूबर से 20 दिसंबर, बोकारो शहरी क्षेत्र में 29 अक्टूबर, चास नगर निगम क्षेत्र में 29 अक्टूबर, जरीडीह प्रखंड में 30 अक्टूबर से 22 नवंबर, कसमार प्रखंड में 22 नवंबर से 19 दिसंबर एवं गोमिया प्रखंड में 25 नवंबर से 27 नवंबर को सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जाएगा।

## करमा महोत्सव में 'पाठशाला करमा नृत्य समूह' को मिला तीसरा स्थान



**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** हरिना कॉलोनी मैदान में करमा अखरा समिति की ओर से भव्य करमा महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें इस वर्ष सांस्कृतिक विविधताओं की झलक देखने को मिली। करमा नृत्य प्रतियोगिता में कुल 54 नृत्य समूहों ने भाग लिया और पाठशाला की प्रतिभा बच्चियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा में पाठशाला करमा नृत्य समूह ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही समिति की ओर से टीम को 2100 रुपये का पुरस्कार और सम्मान-पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, धनबाद और गिरिडीह के सांसद और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी उपस्थित रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल समूह का गौरव है, बल्कि पूरे बाघमारा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देने वाली है। कहा कि पाठशाला करमा नृत्य समूह की मेहनत और लगन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वहीं, पाठशाला एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक निदेशक देव कुमार वर्मा ने कहा कि यह बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम है। सभी बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया, उसके लिए सभी को बधाई। कहा कि पुरस्कार से उनका उत्साह और बढ़ा है। आने वाले समय में वे झारखंडी संस्कृति और लोककलाओं को और अधिक उन्नति दिलाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com**

पत्रांक–940 / न0प0,   दिनांक–01.09.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत चतरा पशु मेला सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–08.09.2025 को समय 12:30 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–09.09.2025 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा पशु मेला | मेला अवधि तक के लिये | 14,87,500.00 | 1,48,750.00 |

नोटः–1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–08.09.2025 को समय 12:30 बजे अपराह्न।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 360955 Urban Development(25-26).D

**कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/05/2025-26   Date – 29-08-2025

| क्र0 सं0 | मद् का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वें वित्त | CONSTRUCTION OF URBAN HEATH AND WELLNESS CENTRE IN KATSARAIYA AT WARD NO. -25 UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 24,99,000 | 49,980 | 5000 | 9 MONTH |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 08.09.2025 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 15.09.2025 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 23.09.2025 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 9572100949, 8505948858
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05 / विविध (e-tender)–12 / 2023 / न0वि0–4847 (अनु0), दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 360933 (Urban Development) 25-26 (D)

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 02 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# भूकंप से अफगानिस्तान में 800 मौतें, 2500 से ज्यादा हुए घायल

## आधी रात को 6 तीव्रता का भूकंप आया : सोते हुए लोगों को बचने का मौका नहीं मिला

एजेंसी

**काबुल।** अफगानिस्तान में रविवार की आधी रात को 11:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 6 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें अब तक 800 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2500 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के समय ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गये। शहर में रातभर झटके महसूस किये गये। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप 2 लाख की आबादी वाले जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर आया। यह राजधानी काबुल से 150 किमी दूर है। सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। इसके बाद सोमवार को 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। ये भूकंप जमीन से 65 किमी नीचे आया। अल जजीरा के मुताबिक भूकंप के झटके पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में भी महसूस हुए। वहीं, भारत के गुरुग्राम में भी हल्के झटके महसूस किये गये। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में बचावकर्मी घायल लोगों को ढही हुई इमारतों से स्ट्रेचर पर उठाकर हेलीकॉप्टरों में ले जाते हुए दिखायी दे रहे हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ कर 800 हो गयी है।



### भूकंप के बाद लैंडस्लाइड से सड़कें बंद : जबीहुल्लाह

सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि भूकंप से देश के कुछ पूर्वी प्रांतों में गंभीर जान-माल का नुकसान हुआ है। यह पहाड़ी इलाका है। इन इलाकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है, जिससे बचाव और राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। यहां भूकंप के बाद लैंडस्लाइड हुई, जिससे कई सड़कें बंद हो गयी हैं। इन इलाकों में सरकार लोगों को बाहर निकालने के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रही है।

### कुनार का नूरगल सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित गांव

कुनार सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल के निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है। बच्चे मलबे के नीचे हैं। बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं। युवा मलबे के नीचे हैं। हमें मदद की जरूरत है। हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें। आइए हम दबे हुए लोगों को बाहर निकालें। कोई भी ऐसा नहीं है, जो आकर मलबे के नीचे से शवों को निकाल सके।

### मदद के लिए चीखते देखा

पूर्वी अफगानिस्तान पहाड़ी इलाका है। यह दूरदराज के इलाकों में फैला है। भूकंप के कारण संचार व्यवस्था बिगड़ गई है। एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी आंखों के सामने घर ढहते और लोगों को मदद के लिए चीखते हुए देखा। नर्गल के माजा दारा इलाके में रहने वाले सादिकुल्लाह ने बताया कि उसकी नींद एक तेज धमाके से खुली, जो किसी बड़े तूफान के आने जैसा लग रहा था। वह दौड़कर अपने बच्चों के पास गया और उनमें से तीन को बचा पाया। वह अपने परिवार के बाकी सदस्यों को लेने के लिए वापस लौटनेवाला था कि कमरा उसके ऊपर गिर गया।

### हताहतों की संख्या और बढ़ेगी

स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। कुनार, नंगरहार और राजधानी काबुल से चिकित्सा दल इलाके में पहुंच गये हैं। जमान ने कहा कि कई इलाकों से हताहतों की संख्या की सूचना नहीं मिल पायी है। मौतों और घायलों की सूचना मिलने पर संख्या में बढ़ोतरी की आशंका है। जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि जान बचाने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल किया जायेगा।

### हर संभव सहायता और राहत प्रदान करेगा भारत : मोदी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफगानिस्तान में आये भूकंप पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है।

### भारत ने भेजे 1000 तंबू और 15 टन खाद्य सामग्री

अफगानिस्तान में आये भूकंप के बाद भारत ने तत्परता से राहत सहायता भेजी है। भारत सरकार की ओर से 1,000 फैमिली टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री काबुल पहुंचायी गयी है। इसके अलावा आनेवाले दिनों में और अधिक राहत सामग्री भेजी जायेगी। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी से बात की। भूकंप में हुई जान-माल की हानि पर संवेदना व्यक्त की। भारत ने काबुल में 1000 परिवारों के लिए तंबू पहुंचाये हैं। भारतीय मिशन द्वारा काबुल से कुनार तक 15 टन खाद्य सामग्री भी तुरंत पहुंचायी जा रही है।

# नौकरी में रहने के लिए टीचरों को टीइटी क्वालिफाई करना जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, ऐसा न करने पर इस्तीफा दें या रिटायरमेंट लें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को निर्देश दिया है कि अब टीचिंग सर्विस से जुड़े सभी शिक्षकों को अपनी सर्विस में बने रहने या प्रमोशन पाने के लिए टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीइटी पास करना जरूरी होगा। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि जिन टीचर्स की नौकरी को 5 साल से ज्यादा बचे हैं, उन्हें टीचर्स एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीइटी) क्वालिफाई करना जरूरी होगा। अगर ऐसा नहीं किया, तो उन्हें इस्तीफा देना होगा या फिर कंपल्सरी रिटायरमेंट लेना होगा।



हालांकि बेंच ने ऐसे टीचर्स को इससे राहत दी है, जिनकी सर्विस में 5 साल ही बचे हैं।

### माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस के लिए बड़ी बेंच करेगी फैसला

कोर्ट ने कहा कि ये निर्देश माइनॉरिटी इंस्टीट्यूशंस पर लागू होगा या नहीं, इसका फैसला बड़ी बेंच करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु और महाराष्ट्र में टीचिंग के लिए टीइटी की अनिवार्यता से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये फैसला सुनाया है।

### क्या है टीइटी एग्जाम

टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी टीइटी एक राष्ट्रीय स्तर की पात्रता परीक्षा है, जो यह तय करती है कि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 8 तक) में टीचर बनने के योग्य है या नहीं। यह परीक्षा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा 2010 में अनिवार्य की गयी थी।

# गांवों का भ्रमण कर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं संग बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोमवार को धनवार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं से मिल कर केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा उसका लाभ दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन कार्य में समर्पित भाव से सेवा देने वाले कार्यकर्ता ही संगठन की बुनियाद होते हैं। यही आदर्श संगठन सेवी




कहलाते हैं। साथ ही उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को दायित्व बोध भी कराया। बाद में धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय पहुंच कर लोगों की समस्या से अवगत हुए। कुछ लोगों की समस्या का समाधान मौके पर ही किया और कुछ लोगों को जल्द ही निदान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर श्रीकांत राय, पवन सिंह, लौकेश चौधरी, विनय सिंह, सुबोध नरायण देव, राज नरायण देव और सोहन यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# महामना राम स्वरूप वर्मा का जयंती समारोह क्रांति दिवस के रूप में मना



- महामना रामस्वरूप वर्मा के विचारों को अपना कर ही भारत अपना खोया गौरव पा सकता है : डॉ आरके वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** गांधी भवन प्रेक्षागृह में महामना रामस्वरूप वर्मा का जयंती समारोह क्रांति दिवस के रूप में रविवार को मनाया गया। वक्ताओं ने अपने उद्गार में कहा कि दुनिया में बहुत सारे चिंतक एवं दार्शनिक हुए, जिन्होंने मानव कल्याण के लिए कई काम किये, परंतु महामना राम स्वरूप वर्मा ने सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवर्तन संबंधी समेकित चिंतन करते हुए मानव मानव की बराबरी का दृढ़ता से समर्थन किया और गैर बराबरी दूर करने के लिए व्यावहारिक उपाय भी बताये।

महामना राम स्वरूप वर्मा का जन्म 22 अगस्त, 1923 को कानपुर देहात में हुआ था। जिनका जन्मदिन मनाने के लिए हमलोग यहां इकट्ठे हुए हैं इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ आरके वर्मा, सदस्य विधानसभा ने कहा कि यदि महामना वर्मा के विचारों को भारत अपना ले, तो वह न केवल अपना पूर्व गौरव प्राप्त कर लेगा, बल्कि दुनिया के अंदर मानव समता और मानववाद के लिए देश अग्रणी भूमिका निभायेगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि इनका चिंतन न केवल देश के लिए था, बल्कि विश्व के लिए था। समारोह में संत निर्मल सिंह, केपी यादव, एपी यादव, डॉ जगदीश पटेल, हरनाम सिंह, एहसानुल हक, गोकरन लाल मौर्य, जयकरन वर्मा, लोकनाथ पटेल आदि ने महामना को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताया। समारोह का संचालन प्रेमचंद्र सोनी, एडवोकेट एवं अतुल वर्मा, एडवोकेट ने किया।

# मराठा आरक्षण पर बांबे हाइकोर्ट बोला : मुंबई की सड़कें खाली करें

- जरांगे का आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं, सरकार नये प्रदर्शनकारियों को आने से रोके

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने आंदोलनकारियों को फटकार लगाते हुए आदेश दिया कि आजाद मैदान को छोड़कर मुंबई की सभी रोड कल दोपहर तक खाली करें।

जस्टिस रवींद्र घुगे और जस्टिस गौतम अनखड़ की बेंच ने कहा कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है। हाइकोर्ट की बिल्डिंग को घेर लिया गया है। जजों और वकीलों के एंट्री गेट तक बंद हैं। आज तो हाइकोर्ट के जजों की कारों को रोक कर उन्हें कोर्ट आने से रोका गया। बेंच ने कहा कि मुंबई शहर लगभग ठप हो गया है। आम आदमी का जीवन बहाल करने की जरूरत है। शहर को रोका नहीं जा सकता। गणेश



उत्सव भी है। कल (मंगलवार) शाम 4 बजे तक सड़कें खाली करवा ली जायें। कोर्ट ने कहा कि आंदोलनकारियों को महाराष्ट्र सरकार नवी मुंबई में दूसरी जगह दे सकती है। अगर और आंदोलनकारी मुंबई आने की कोशिश करें तो राज्य सरकार उचित कदम उठा कर उन्हें रोके। हाइकोर्ट ने मनोज जरांगे के समर्थकों से कहा कि हालात सुधारे और रास्ता खाली करें। आंदोलन के कारण जाम की स्थिति पर हाइकोर्ट ने कहा कि कल (मंगलवार) तक मुंबई की सभी सड़कें खाली हों। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सरकार तय करें कि सड़कें खाली हों। वहीं अदालत ने प्रदर्शनकारियों को साफ निर्देश दिया है कि सिर्फ पांच हजार प्रदर्शनकारी मैदान में हों और बाकी सभी दोपहर 12 बजे तक जायें। बता दें कि मनोज जरांगे 29 अगस्त से दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में भूख हड़ताल कर रहे हैं। वे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग कर रहे हैं।

# जगदीप धनखड़ इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास से निकले, अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अब दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित अभय चौटाला के फॉर्महाउस में रहेंगे। सोमवार शाम 6 बजे उन्होंने इस्तीफे के 42 दिन बाद उपराष्ट्रपति आवास छोड़ा। इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय चौटाला ने दैनिक भास्कर को बताया कि हमारे परिवार के धनखड़ जी से पुराने रिश्ते रहे हैं। हमने उनसे हमारे घर में रहने की अपील की, जो उन्होंने मान ली। धनखड़ अभय चौटाला के फार्महाउस में तब तक रहेंगे, जब तक उन्हें टाइप-8 सरकारी बंगला आवंटित नहीं कर दिया जाता, जिसके वे पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते हकदार हैं। धनखड़ के करीबी सूत्रों ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं।




# अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 1.86 लाख करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, घरेलू राजस्व में बढ़ोतरी के कारण अगस्त में सकल जीएसटी संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। अगस्त 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने यह संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था।


**अगस्त में सकल घरेलू राजस्व में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि :** अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं आयात कर 1.2 प्रतिशत घटकर 49,354 करोड़ रुपये रह गया। जीएसटी रिफंड साल-दर-




साल 20 प्रतिशत घट कर 19,359 करोड़ रुपये रह गया।

**शुद्ध जीएसटी राजस्व में हुई 10.7 प्रतिशत की वृद्धि :** अगस्त 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 10.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। यह आंकड़ा जीएसटी परिषद की बैठक से दो दिन पहले जारी किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य शामिल हैं।




वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**